सेंसेक्स 72,410.38 ▲ +371.95
डॉलर 83.185 ▼ +0.072

**तापमान** (डिग्री सेल्सियस)

आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 24.0 | 11.0 | 22.0 |
| धनबाद | 25.0 | 13.0 | 24.0 |
| जमशेदपुर | 28.0 | 12.0 | 24.0 |
| पलामू | 25.0 | 12.0 | 23.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



डालटनगंज (मेदिनीनगर), पौष कृष्ण पक्ष 03, विक्रम संवत 2080 डालटनगंज (मेदिनीनगर), शुक्रवार, 29 दिसंबर 2023, वर्ष-30, अंक- 73, पृष्ठ-12, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नः आरएनआई. 61316/94 www.rastriyanaveenmail.com




संपादकीय बीते वर्ष में भारत ने निर्माण की नई ... 8


डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित


एक्ट्रेस ट्विंकल खन्ना ने 48 की उम्र में ... 10 देश/विदेश





## एक नजर

### डीलरों ने बैठक कर बनायी हड़ताल की रणनीति

**सतबरवा।** लंबित मांगों को लेकर एक जनवरी को पस्तावित देशव्यापी हड़ताल के मद्देनजर डीलरों ने ऑल इंडिया फेयर प्राइस शाप डीलर्स फेडरेशन के आह्वान पर बैठक कर रणनीति बनायी। बताते चलें कि फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन ने एक जनवरी से अनिश्चितकालीन देशव्यापी हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। बैठक पप्पू प्रसाद की अध्यक्षता में की गई। बतौर मुख्य अतिथि डीलर संघ के पलामू जिला महामंत्री बैजनाथ प्रसाद व प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा यादव व बृजेश तिवारी उपस्थित थे। महामंत्री ने प्रमुख मांगों के बाबत कहा कि पूर्व का बकाया कमीशन भुगतान करने, कमीशन की राशि तीन रुपये प्रति किलो करने, मानदेय 50 हजार रुपये सुनिश्चित करने के साथ ही अविलंब पॉश मशीन को 3जी से 4जी किया जाये। उन्होंने कहा कि जब तक हमारी मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार नहीं किया जाता है, तब तक हम लोग हड़ताल पर रहेंगे। इस दौरान जन वितरण प्रणाली की सभी दुकानें बंद रहेंगी। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिषेक पांडेय, एमओ अरविंद कुमार के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव को मांग पत्र दिया जा चुका है। इस मौके पर डीलर संघ प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा साव, सचिव पप्पू प्रसाद, भूषण शुक्ला, राजेश राम, दीनानाथ प्रसाद, नंदू प्रसाद, निर्मला देवी, शांति देवी, गीता देवी, शीला देवी, भारत भूषण प्रसाद, अरुण प्रसाद मौजूद थे।

### कांग्रेस ने मनाया पार्टी का 138 वां स्थापना दिवस

**हुसैनाबाद।** शहर के पटेल चौक के समीप कांग्रेस पार्टी का 138वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत गांधी चौक पर महात्मा गांधी व बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा एवं पटेल चौक पर लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के वरिष्ठ नेता नवल किशोर पाठक ने जबकि संचालन हैदरनगर प्रखंड अध्यक्ष गुप्तेश्वर पांडे ने किया। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस के कार्यकर्ता एवम काफी संख्या में पार्टी के समर्थक मौजूद थे। मौके पर कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सत्यनारायण सिंह ने कहा कि कांग्रेस बलिदानानियों की पार्टी है और देश के सर्वांगीण विकास में महती भूमिका का निर्वहन किया है। वरीय नेता सह प्रदेश सचिव धनंजय तिवारी ने कहा कि देश की आजादी और आधुनिक भारत के निर्माण में कांग्रेस ने अतुलनीय भूमिका निभाई है। कांग्रेस ने आम जनता और गरीबों के कल्याण के लिए कई योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य किया है। कार्यक्रम को हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी प्रभात दुबे, बडु दुबे, जिला उपाध्यक्ष मसरूर अहमद, अवधबिहारी सिंह, गुप्तेश्वर पांडे, लल्लू सिंह, नदीम खान, शंभू सिंह, मीना देवी, मालती सिंह, रघुराई यादव, जगदीश राम, यासिर अराफात, रामसुंदर राम, अवधेश सिंह, अर्जुन सिंह, विजय सिंह, अंबिका सिंह, आलोक कुमार आदि ने भी संबोधित किया। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी एवं सक्रिय कार्यकताओं को शॉल देकर सम्मानित किया गया।

### अबुआ आवास योजना में योग्य लाभुकों की नहीं हुई ऑनलाइन इंट्री : मुखिया



**हरिहरगंज।** पिपरा प्रखंड के तेंदुई पंचायत की मुखिया ऊषा देवी ने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लाभुकों के अबुआ आवास योजना के तहत दिये गये आवेदनों का ब्लॉक कोऑर्डिनेटर धर्मपाल कुमार द्वारा ऑनलाइन इंट्री नहीं करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में करीब 600 आवेदन प्राप्त हुए थे। ब्लॉक कोऑर्डिनेटर सभी आवेदन यह कह कर साथ में लेकर चले गए थे कि ब्लॉक कार्यालय में सभी का इंट्री करने का काम करेंगे, लेकिन कई योग्य लाभुकों की इंट्री नहीं हुई है। जबकि पहले से आवास लिए लाभुकों की इंट्री कर दी गयी है। उन्होंने कहा कि योग्य लाभुकों का नाम नहीं छूटे इसके लिए घर-घर जाकर जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि आवास योजना में कोई भी बिचौलिया, दलाल लाभुकों से पैसे की मांग करता है तो सीधे मुखिया से शिकायत करें।

---

प्रभारी एसडीपीओ ने प्रेसवार्ता कर किया खुलासा, बिहार निवासी आरोपी के घर से घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद

# प्रेमी संग मिलकर रची पति की हत्या की साजिश, आरोपी गिरफ्तार

**रोशन ने खुलासा किया है कि घटना में उनके साथ दो अन्य लोग भी शामिल थे : एसडीपीओ**

**घटना में गंभीर रुप से जख्मी युवक का इलाज रांची के रिम्स में चल रहा है**



जानकारी देते डीएसपी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के पथरा गांव निवासी सुनील राम की जपला-पथरा पथ के लंगरकोट गांव के समीप बाइक सवार तीन लोगों ने चाकू से गला रेतकर हत्या का प्रयास किया था। चार दिसंबर को हुई घटना का हुसैनाबाद पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है। पीड़ित की माता प्रेमा देवी ने हुसैनाबाद थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। घटना में गंभीर रुप से जख्मी युवक का इलाज रांची के रिम्स में चल रहा है। प्रेस कांफ्रेंस कर गुरुवार को छतरपुर डीएसपी अजय कुमार ने हुसैनाबाद थाना में बताया कि घटना के संबंध में वादिनी प्रेमा देवी ने थाना में लिखित आवेदन दिया था। आवेदन के आधार पर हुसैनाबाद थाना कांड सं. 306/23 दिनांक 05 दिसंबर 2023 धारा 341/ 324/ 326/ 307/ 34 भादवि के अन्तर्गत अज्ञात तीन मोटरसाईकिल सवारों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी है। उन्होंने बताया कि कांड के अनुसंधान में तैनात गुप्तचरों और कॉल डिटेल्स/ तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर बिहार के नबीनगर थाना अंतर्गत मझिआंव गांव के अभियुक्त रौशन कुमार को गिरफतार किया गया है। रोशन कुमार ने कांड में संलिप्त होने की बात स्वीकार की है। एसडीपीओ ने बताया कि रोशन ने खुलासा किया है कि घटना में उनके साथ दो अन्य लोग भी शामिल थे। इस घटना में प्रयुक्त चाकु की बरामदगी गिरफतार अभियुक्त के लंगरकोट स्थित कमरे से कर ली गयी है। गिरफतार अभियुक्त ने पुलिस को बताया कि पीड़ित सुनील राम की पत्नी से उसका प्रेम प्रसंग है। उसकी पत्नी विवाह से खुश नहीं थी। इसलिये अपने प्रेमी से घटना को अंजाम दिलवाया। अभियुक्त रोशन कुमार के पास से दो मोबाइल फोन भी पुलिस ने बरामद किया है। छापेमारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारी इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी जगन्नाथ धान, अनुसंधान कर्ता एसआई शुचित राणा, एएसआई सोमप्रकाश के अलावा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### गंभीर मामलों के लीपापोती से संकट में पीड़ित



**हुसैनाबाद।** अनुमंडल क्षेत्र के हैदरनगर पुलिस की कार्यशैली पर लगातार सवाल खड़े हो रहे हैं। यहां कानून व्यवस्था लचर दिख रही है। पीड़ितों की माने तो कई मामलों में आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज होने के बावजूद कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे पीड़ितों का भरोसा पुलिस से उठता जा रहा है। वह अब मामलों को लेकर उच्च अधिकारी के पास भटकने को विवश हो रहे हैं। हैदरनगर के खरगड़ा गांव निवासी पीड़िता कंचन कुमारी ने बताया कि उन्होंने पांच दिसम्बर को मारपीट की प्राथमिक दर्ज कराई है। पीड़िता और उसके परिजन मारपीट के कारण गम्भीर रूप से घायल हैं। प्राथमिकी तो दर्ज हुई, लेकिन आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गयी। इससे पीड़ित ने पलामू एसपी से मामले में कार्रवाई की गुहार लगाई है। पीड़िता ने पुलिस पर मामले की लीपापोती कर आरोपियों को बचाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि एक सप्ताह के अंदर कार्रवाई नहीं की गई तो पूरा परिवार डीजीपी से मिलकर कार्रवाई की मांग करने को मजबूर होगा। इस संबंध में डीएसपी अजय कुमार ने बताया कि मामले में अनुसंधान किया जा रहा है। रिपोर्ट के आधार पर समुचित कार्रवाई की जायेगी।

### दहेज लोलुपों की शिकार सबरीन के हत्यारों पर कोई कार्रवाई नहीं

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर थाना अंतर्गत बलडीहरी गांव में ससुराल के लोगों द्वारा छह दिसंबर की रात्रि में विवाहित महिला सबरीन की गला दबाकर निर्मम हत्या के मामले में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं होने से मृतका के पिता व भाई दर-दर की खाक छान रहे हैं। बताते चलें कि मामले में मृतका के पिता ने हैदरनगर थाने में अपनी पुत्री की हत्या का आरोप ससुराल वालों पर लगाया है। थाना को दिए गए आवेदन में बिहार के रोहतास जिला अंतर्गत केरपा गांव निवासी बेलाल खान ने 23 वर्षीय पुत्री साबरीन खातून की हत्या का आरोप पलामू जिला के हैदरनगर थाना अंतर्गत बलडीहरी गांव स्थित ससुराल वालों पर लगाया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि प्राथमिकी दर्ज होने के 20 दिन बाद भी हैदरनगर थाना पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। सबरीन के बुजुर्ग पिता ने पलामू एसपी को पत्र लिख कर न्याय की गुहार लगायी है। मृतका के पिता ने पोस्टमार्टम करने वाले डाक्टर पर भी आरोप लगाया है कि साजिश के तहत उन्होंने 20 दिन बाद भी पोस्टमार्टम रिपोर्ट थाने को नहीं दिया है। इस संबंध में हैदरनगर थाना प्रभारी आजाद अंसारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने के बाद स्पष्ट होगा की सबरीन की हत्या हुई है या उसने आत्महत्या की है।

---

वार्षिक आमसभा सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन

## शिव संपत धाम में लगेगा विहंगम मेला

**रघुवीर यादव को बनाया गया मंदिर कमिटी का कोषाध्यक्ष**

**नवीन मेल संवाददाता**



**उंटारी रोड।** प्रखंड के प्राचीन व सुप्रसिद्ध देव स्थल शिव संपत धाम मंदिर परिसर में गुरुवार को वार्षिक आमसभा सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंदिर निर्माण कमेटी के अध्यक्ष सह जिप सदस्य अरविंद सिंह ने किया। बैठक में मंदिर विकास के साथ आगमी मकर संक्रांति पर मंदिर परिसर में लगने वाले दो दिवसीय मेले को लेकर विशेष चर्चा की गई। वहीं गढवा जिला के मझिआंव से आये गायत्री परिवार के सदस्यों ने मुख्य संरक्षक केशव नारायण दास के निर्देशन में भजन-कीर्तन किया। बैठक में सर्वसहमति से रघुवीर यादव को मंदिर कमिटी का कोषाध्यक्ष बनाया गया। बैठक में पहुंचे चार प्रखंडों के गणमान्य लोगों ने मंदिर निर्माण कमिटी के अध्यक्ष के साथ वनभोज का आनंद उठाया। विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के युवा समाजसेवी विकास दूबे ने मंदिर विकास को लेकर हर संभव मदद करने की बात कही। मौके पर विश्रामपुर जिप सदस्य विजय रविदास, मुखिया अशोक कुमार सिंह, रामबचन राम, योगी सिंह, कृष्णा पाल, अगस्त तिवारी मौजूद थे।

### अब गांव-कस्बों में दिखने लगा है विकास : विधायक

**पांकी।** प्रखंड के दुब गांव में आहर जीर्णोद्धार और तरहसी प्रखंड के सोनपुर पंचायत के यमुना गांव में स्कूल भवन निर्माण कार्य का गुरुवार को पांकी विधायक कुशवाहा डा. शशि भूषण मेहता ने आधारशिला रखी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जनता के हर सुख-दुःख का उन्हें ख्याल रहता है। साथ ही जनता से किये वायदे को भी वह कभी नहीं भूलते। दुब गांव की समस्या को ध्यान में रखते हुए ही इस आहर निर्माण की स्वीकृति दिलायी गई है।

## अतिक्रमण के खिलाफ सीओ को सौंपा पत्रक



सीओ को पत्रक सौंपते ग्रामीण

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** सड़क पर बढ़ते अतिक्रमण को रोकने व अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने गुरुवार को सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की को पत्रक सौंपा है। लोगों का कहना है कि सतबरवा में विभिन्न रोडों का लगातार लोग अतिक्रमण कर रहे हैं। इससे रोड संकरा होते जा रहा है। रोशन कुमार उर्फ बिट्टू, सुधीर प्रसाद, लडन अंसारी, अशफाक, कृष्णा साव, पारस साव, हसीब अंसारी, शमीम अंसारी, नौशाद आलम के साथ दर्जनों लोगों ने अंचल अधिकारी को आवेदन दिया है। ग्रामीणों ने रोष जताते हुये स्थिति यह है कि कई लोग तो बकायदा अतिक्रमण कर रोड पर ही घर भी बना लिये हैं। बढ़ते अतिक्रमण के कारण क्रांति चौक से लेकर मेडिकल दुकान तक रोड संकरा हो गया है। सीओ ने आश्वासन देते हुए कहा कि बहुत जल्द मापी कर अतिक्रमण हटाया जाएगा।

## एक ही रात तीन घरों में चोरी, छह की संपत्ति गायब

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** पिपरा थाना क्षेत्र के दलपतपुर गांव में बुधवार की रात चोरों ने तीन घरों को खंगाला। इस दौरान छह लाख से अधिक की संपत्ति पर चोरों ने हाथ साफ किया। इस दौरान एक अन्य घर में चोरी करने में चोर असफल रहे। पीड़ितों के अनुसार चोरों को एक लाख बीस हजार रुपये नगद और 5 लाख रुपये के गहने हाथ लगे हैं। मामले में गुरुवार को भुक्तभोगियों द्वारा पिपरा थाने में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया गया है। जानकारी के अनुसार दलपतपुर गांव के मिथिलेश यादव के घर से नब्बे हजार नगद सहित करीब डेढ़ लाख के जेवरात, मुखदेव यादव के घर से 10 हजार नगद सहित जेवरात एवं जगदीश यादव के घर से 20 हजार नगद सहित जेवरात, बर्तन एवं अन्य सामानों की चोरी हुयी है। जबकि खटपट की आवाज सुनकर परिजनों के जाग जाने के कारण चोर श्यामदेव यादव के घर चोरी नहीं कर पाये और भाग गये। श्यामदेव के भतीजे महावीर यादव ने बताया कि भागते समय चोरों ने ईंट से प्रहार भी किया। घटना के दूसरे दिन पिपरा प्रमुख विक्रांत सिंह यादव, मुखिया पति राजेंद्र यादव, कैलाश यादव, अनिल यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द चोरों को गिरफ्तार करने की मांग की है। वहीं गांव के बाहर गन्ने के खेत में बक्सा, कपड़ा सहित अन्य कागजात बिखरे पड़े हुए मिले हैं। इस संबंध में पिपरा थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह ने कहा कि स्थल पर जाकर मामले की जांच की गयी है। जल्द ही चोरों को पकड़ लिया जायेगा।

### किसानों के बीच मक्का बीज का वितरण



बीज लेने आये किसान

**हरिहरगंज।** पिपरा प्रखंड परिसर में गुरुवार को अंबा झरना, तरवन कला एवं धवतर गांव के किसानों के बीच मक्का बीज का वितरण किया गया। बीज का वितरण बीएफएसी अध्यक्ष गौतम राज उर्फ राजा बाबू की देखरेख में किया गया। बीज पाने के बाद किसान काफी खुश दिखे। किसानों की सूची कृषक मित्र के द्वारा बनाया गया था। बीज की मात्रा सीमित रहने के कारण कुछ किसानों को बीज प्राप्त नहीं हुआ। वैसे लोग कुछ निराश दिखे। इस मौके पर उपस्थित प्रभारी प्रखंड तकनीकी प्रबंधक रंजीत कुमार ने कहा कि जिन गांवों का चयन मक्का के बीज के लिए किया गया है। उस गांव से संबंधित किसान मित्र जल्द से जल्द बीज का उठाव कर लें। मौके पर उपस्थित बीएफएसी अध्यक्ष गौतम राज ने कहा कि पूरी पारदर्शिता के साथ बीज का वितरण किया जा रहा है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**यॉंत्रिक प्रमण्डल, मंडल, लातेहार, शिविर–मेदिनीनगर**
**शुद्धि–पत्र**

PR.No.-314370

इस कार्यालय के द्वारा यॉंत्रिक कार्य हेतु आमंत्रित ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या WRD/MDMANDAL/ 10/2023-24 Dated 26-12-2023 द्वारा निविदा खोलने की तिथि एवं समय 09.01.2024 (10:30 बजे पूर्वाहन) के स्थान पर दिनांक 10.01.2024 (10:30 बजे पूर्वाहन) पढ़ा जाय।

शेष सूचनाएँ यथावत् रहेगा।

कार्यपालक अभियंता
यॉंत्रिक प्रमण्डल, मंडल, लातेहार,
शिविर–मेदिनीनगर

PR 314589 District(23-24)D

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू**
**शुद्धि – पत्र**

इस प्रमण्डल अन्तर्गत आमंत्रित निविदा सूचना संख्या– EE/RDSD/PALAMAU-04/2023-24/RE-01 जिसका P. R. संख्या 312257 है। जिसमें निविदा खोलने की तिथि में निम्नवत संशोधन किया जाता है:–

5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय–08.01.2024 अपराह्न 2. 00 बजे।

निविदा की अन्य शर्तें यथावत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल

PR 314565 Rural Development(23-24)#D पलामू।

**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
CIN: U40108JH2013SGC001704
Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH
Phone: 0651-2400804, Website: www.jusnl.in
Office of the : General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)
Address-Sudna, Daltonganj/ e-mail : gmtzdal@gmail.com

**TENDER CANCELLATION NOTICE**

Due to unavoidable circumstances and reasons, Tender invited against **NIT No. 240/PR/ JUSNL/2023-24** is hereby cancelled.

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉलफी नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

PR No. 307100

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-IV, Medininagar

PR 314612 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(23-24).D

**कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।**

**ई0 निविदा आमंत्रण सूचना।**

ई0 निविदा संख्या–WRD/MID/ Latehar F2 - 16/2023-24
पत्रांक–760 लातेहार/दिनांक– 27.12.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | छुछीझरिया नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण कार्य, प्रखंड–,गारू जिला–लातेहार |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 63.899 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 03.01.2024 12.30 बजे अपराह्न से। |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 24.01.2024 3.00 बजे अपराह्न तक |
| 6 | Online बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि, एवं समय | 24.01.2024 3.00 बजे अपराह्न तक e-procurement portal (jharkhand tenders.gov.in) |
| 7 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 25.01.2024 4.00 बजे अपराह्न |
| 8 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। 06565–248380 |
| | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651– 2214784 |

नोट:– (1)केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी
(2) प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।

PR 314536 (Water Resource) 23-24 (D)

**कार्यालय– जिला कृषि पदाधिकारी, गढ़वा।**
**(कृषि प्रभाग)**

**किसान भाईयों के लिए आवश्यक सुचना।**

- गढ़वा जिला के किसान भाईयों को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2021-22 में PM-KUSUM Component-B (Phase-II) योजनान्तर्गत स्टैंड एलोन सोलर वाटर पम्पसेट का की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन का कार्य किया गया है। गढ़वा जिला के अंतर्गत 500 कृषकों के बीच स्टैंड एलोन सोलर वाटर पम्पसेट का कार्य मेसर्स टाटा पावर सोलर सिस्टम लि0 द्वारा कार्य पूर्ण किया गया है।
- कृषक बन्धुओं को प्रतिष्ठान की पूर्ण विवरणी दी जा रही है।

| | |
|---|---|
| Name of Agency | M/s Tata Power Solar System Ltd, 1st Floor Shatabdi Bhavan B12-13-Sector04, Noida Uttar Pradesh-201031 |
| Contact Person | Mr. Birbal Kumar Mob:- 7644893738 Email Id- piyushenterprises.chatra@gmail.com |
| Address of Local Service Canter | At- Jhura- Tildag, PS- Garhwa P.O:- Hur Madhya, Dist- Garhwa Pin- 822114 |

- अधिष्ठापित किये गये स्टैंड एलोन सोलर वाटर पम्पसेट का वर्षिक रख–रखाव (CMC) कार्य 5 वर्षो तक एजेंसी के द्वारा किया जाना है। किसी भी पम्पपसेट की खराबी के रख–रखाव के संबंध में उपरोक्त मोबाईल नं0 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

उक्त के अलावे www.jreda.com के grievance section अथवा pmkusum.jharkhand.gov.in के Complain Sectin में अथवा ज्रेडा के हेल्पलाईन नं0 +91 651-350644 एवं ईमेल info@jreda.com पर शिकायत दर्ज किया जा सकता है, जिला स्तर से जिला में अधिष्ठापित सभी पम्पसेटों की ऑनलाईन मोनिटरिंग भी संबंधित जिला नोडल ऑफिसर (DNO) द्वारा PM-KUSUM Portal पर किया जा सकता है।

जिला कृषि पदाधिकारी–सह–
नोडल पदाधिकारी, पी0एम0–कुसुम,
गढ़वा।

PR 314570 (Agriculture) 23-24 (D)

**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लातेहार**
**(भू-अर्जन शाखा)**

**आम सूचना**

परियोजना–दामोदर घाटी निगम के तुबेद कोयला खान के कोयला निष्कासन हेतु उप–मार्ग निर्माण हेतु भू–अर्जन अधिनियम 2013 के तहत् भूमि का अधिग्रहण किया गया है। अंचल–लातेहार में अर्जित भूमि रैयतों को बार–बार मुआवजा भुगतान लेने हेतु सूचित किया जा रहा है। परन्तु पचाटियों द्वारा रूचि नहीं लिया जा रहा है। जिसके कारण मुआवजा भुगतान लंबित है। लंबित पचाटियों को सूचित किया जाता है कि जिला भू–अर्जन कार्यालय, लातेहार में वांछित कागजात यथा वंशावली प्रमाण पत्र, भू–स्वामित्व प्रमाण पत्र, खतियान/ केवाला की छायाप्रति, अद्यतन लगान रसीद, आधार कार्ड, बैंक पास बुक, शपथ–पत्र, एवं नोटिस की छायाप्रति तथा क्षतिपूर्ति बंध पत्र, रंगीन अद्यतन दो फोटो, सूचना प्रकाशन के 15(पन्द्रह) दिनों के अन्दर वांछित कागजात जमा करना सुनिश्चित करेंगे, ताकि R.T.G.S. के माध्यम से मुआवजा राशि दिया जा सके। आपके द्वारा मुआवजा राशि प्राप्त नहीं करने की स्थिति में मुआवजा राशि, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश–सह–भूमि अर्जन पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन प्राधिकार पदाधिकारी, मेदिनीनगर, पलामू को हस्तगत करा दिया जाएगा।

लंबित पचाटियों की सूची, अंचल–लातेहार

| क0 सं0 | वाद संख्या | ग्राम | पंचाट सं0 | पंचाटी का नाम | भूमि का विवरण खाता | प्लॉट | रकबा | मुआवजा की कुल राशि | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | 15/2021-22 | मुरूप | 03 | रामस्वरूप यादव वो रामकुमार यादव पिता स्व0 कौलेश्वर यादव | 59 | 742 785 | 0.05 0.19 | 629555.00 | राजस्व कागजात अप्राप्त |
| 2 | 15/2021-22 | मुरूप | 05 | दुबराज साहु पिता पुरन साहु | 93 | 741 | 0.14 | 367240.00 | राजस्व कागजात अप्राप्त |
| 3 | 15/2021-22 | मुरूप | 06 | बली प्रसाद यादव पिता प्रेम सागर यादव | 97 | 783 | 0.02 | 52463.00 | राजस्व कागजात अप्राप्त |
| 4 | 15/2021-22 | मुरूप | 07 | धनकु साव वो महेष्वर साव वो लोवकेष साव वगैरह | 102 | 735 | 0.12 | 314777.00 | राजस्व कागजात अप्राप्त |
| 5 | 15/2021-22 | मुरूप | 08 | भगवानी देवी वो पुदीना देवी पुत्री | 107 | 714 740 | 0.59 0.09 | 1783738.00 | राजस्व कागजात अप्राप्त |
| 6 | 15/2021-22 | मुरूप | 09 | मोती साव पिता हरिचरण साव | 110 | 715 786 | 0.30 0.49 | 2072284.00 | राजस्व कागजात अप्राप्त |
| 7 | 15/2021-22 | मुरूप | 10 | विन्देष्वर यादव वो बलराम यादव वो राम जीवन यादव पिता राजेन्द्र यादव वो प्रेम सागर यादव पिता जितलू यादव | 115 | 468 484 954 | 0.32 0.01 0.05 | 996795.00 | राजस्व कागजात अप्राप्त |
| 8 | 15/2021-22 | मुरूप | 11 | शंकर साहु वो विमन साहु पिता रामधनी साहु वगैरह | 151 | 753 | 0.07 | 183620.00 | राजस्व कागजात अप्राप्त |
| 9 | 15/2021-22 | मुरूप | 12 | चरवा उरॉव पिता सहदेव उरांव | 160 | 743 | 0.25 | 655786.00 | राजस्व कागजात अप्राप्त |
| 10 | 15/2021-22 | मुरूप | 14 | मोती साव पिता हरिचरण साव | 110 | 75 | पेड | 66378.00 | राजस्व कागजात अप्राप्त |

PR.NO.314553 Land Reforms(23-24):D

ह0/– उपायुक्त, लातेहार।

सेंसेक्स 72,410.38 ▲+371.95
डॉलर 83.185 ▼+0.072

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 24.0 | 11.0 | 22.0 |
| धनबाद | 25.0 | 13.0 | 24.0 |
| जमशेदपुर | 28.0 | 12.0 | 24.0 |
| पलामू | 25.0 | 12.0 | 23.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर), पौष कृष्ण पक्ष 03, विक्रम संवत 2080 डालटनगंज (मेदिनीनगर), शुक्रवार, 29 दिसंबर 2023, वर्ष-30, अंक- 73, पृष्ठ-12, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 www.rastriyanaveenmail.com



संपादकीय ▸ बीते वर्ष में भारत ने निर्माण की नई ... 8
डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित
एक्ट्रेस ट्विंकल खन्ना ने 48 की उम्र में ... 10 ◂ देश/विदेश

## पलामू सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 63,450

चांदी (10 किलो) 75,230

## एक नजर

### राज्य के 93 इंस्पेक्टर को डीएसपी रैंक में मिली प्रोन्नति

**रांची।** राज्य के 93 इंस्पेक्टर को डीएसपी रैंक में प्रोन्नति मिली है। इस संबंध में गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने गुरुवार को अधिसूचना जारी कर दी है।

### पलामू में नवजात बच्चे के साथ दंपति ने की आत्महत्या

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के नामुदाग के तेलियाडीह में पति-पत्नी ने नवजात के साथ आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलने के बाद नौडीहा बाजार थाना की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार बिहार के गया जिला के निवासी जोगेंद्र भुइयां की शादी कुछ साल पहले नौडीहा बाजार के तेलियाडीह में हुई थी। वे अपने ससुराल में ही रहते थे। उनका दो माह का बच्चा भी था। जानकारी के अनुसार पत्नी ने जोगेंद्र पर नए कपड़ों को लेकर दबाव बनाया था। जिसे लेकर दोनों के बीच बुधवार की रात झगड़ा हो गया। उसके बाद दोनों कमरे में सो गये। गुरुवार को काफी देर तक दरवाजा नहीं खुलने पर परिजनों ने इसकी सूचना ग्रामीणों को दी। ग्रामीणों ने घर का दरवाजा तोड़ा तो देखा कि महिला और नवजात का शव पड़ा हुआ है, जबकि जोगेंद्र भुइयां की सांसें चल रही हैं। जिसके बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने जोगेंद्र को इलाज के लिए छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां कुछ देर बाद उनकी मौत हो गयी। नौडीहा बाजार थाना प्रभारी अमन कुमार ने बताया कि पारिवारिक विवाद के कारण दंपति ने नवजात के साथ आत्महत्या कर ली है।

### साउथ फिल्म स्टार डीएमडीके प्रमुख विजयकांत का कोरोना से निधन

**मुंबई।** साउथ के मशहूर अभिनेता और राजनेता विजयकांत का गुरुवार को निधन हो गया। वह कोरोना से संक्रमित थे। कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के बाद सांस लेने में दिक्कत के चलते उन्हें चेन्नई के एमआईओटी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें अस्पताल में वेंटिलेटर पर रखा गया था। विजयकांत ने यहां इलाज के दौरान आखिरी सांस ली। उनकी मौत के बाद अस्पताल के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। देशभर में कोरोना मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। इस बीच कोरोना को लेकर तमिलनाडु की राजनीति में भी हलचल मची हुई है। डीएमडीके ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर एक पोस्ट कर यह जानकारी दी है। अस्पताल ने भी डीएमडीके के संस्थापक विजयकांत का कोरोना के कारण निधन होने की पुष्टि कर दी है। खांसी और गले में खराश के कारण पिछले 14 दिनों से डॉक्टर की देखरेख में उनका इलाज इसी अस्पताल में चल रहा था।

### एनआईए ने मुख्य सचिव और डीजीपी को लिखा पत्र

# पुलिसकर्मियों को प्रतिनियुक्ति पर भेजने का किया अनुरोध

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने झारखंड पुलिस से इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर, एएसआई और कांस्टेबल को प्रतिनियुक्ति पर भेजने का अनुरोध किया है। इस संबंध में एनआईए ने मुख्य सचिव और डीजीपी को पत्र लिखा है। पत्र में लिखा है कि एनआईए के विभिन्न ब्रांचों में 43 इंस्पेक्टर, 51 सब इंस्पेक्टर, 13 एएसआई पर 12 हेड कांस्टेबल की प्रतिनियुक्ति की जायेगी। इन पुलिसकर्मियों की प्रतिनियुक्ति




एनआईए के दिल्ली, रांची, गुवाहाटी, हैदराबाद, मुंबई, लखनऊ, कोलकाता, कोच्चि, रायपुर, चंडीगढ़, इंफाल, बेंगलुरु, भोपाल, भुवनेश्वर, जयपुर, पटना और अहमदाबाद में की जायेगी। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार एनआईए की आधिकारिक वेबसाइट के जरिए इन पदों पर आवेदन दे सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। फॉर्म भरने की अंतिम तिथि विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर है। इस भर्ती अभियान के माध्यम से कुल 119 पद भरे जायेंगे। इन पदों पर बहाली डेपुटेशन के आधार पर की जायेगी। साथ ही प्रतिनियुक्ति के लिए हर पद के लिए अलग-अलग अनुभव का होना जरूरी बताया गया है। इनमें डिग्री, ट्रेनिंग सहित अन्य शामिल हैं।

# बुटी मोड़ के समीप कार दुर्घटना में चार युवकों की मौत

### स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से सभी घायलों को रिम्स भेजा गया

### मृतकों में बरियातू बस्ती के तीन व ओरमांझी का युवक शामिल

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गयी है। तेज रफ्तार कार के बिजली के पोल में जोरदार टक्कर मारने के कारण ये हादसा हुआ है। कार पलटने से ड्राइवर समेत सभी चार लोगों की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।



इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से इन्हें रिम्स भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने सभी को मृत घोषित कर दिया। मृतक बरियातू बस्ती व ओरमांझी के रहने वाले थे। सदर थाना प्रभारी लक्ष्मी कांत ने बताया कि लगभग दो बजे रात्रि की घटना है। स्विफ्ट डिजायर कार से सभी राजू साह को छोड़ने के लिए ओरमांझी जा रहे थे। इसी क्रम में चौधरी पेट्रोल पंप व विकास इनक्लेव के बीच सड़क हादसा हो गया। रांची के सदर थाना क्षेत्र के विकास इनक्लेव बूटी के पास रांची-हजारीबाग रोड पर देर रात सड़क हादसा हुआ। इस हादसे में कार चालक समेत कार में बैठे अन्य तीन युवकों की मौत घटनास्थल पर ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### तेज रफ्तार में थी कार

सदर थाना प्रभारी लक्ष्मी कांत ने बताया कि लगभग दो बजे रात्रि में स्विफ्ट डिजायर कार से राजू साह को छोड़ने के लिए ओरमांझी जा रहे थे। बताया जा रहा है कि कार की रफ्तार काफी तेज थी। इसी क्रम में चौधरी पेट्रोल पंप व विकास इनक्लेव के बीच कार डिवाइडर से टकरा कर बिजली के पोल से टकरा गई। जिसके कारण बिजली का पोल टूटकर कार पर गिर गया, टक्कर इतना जोरदार था कि कार के परखच्चे उड़ गए।

### सीएम ने कहा, मुझे डरा धमका कर अपने पक्ष में करने की सोचने वाले भ्रम में हैं

# ईवीएम की तकनीक पर उठ रहे सवाल इससे वोटिंग समाप्त हो : हेमंत सोरेन

### सरप्लस बजट वाले झारखंड को सबसे पिछड़ा राज्य किसने बनाया

### केंद्र से बकाया 1.36 लाख करोड़ मांगने पर लगा दी जाती हैं केंद्रीय एजेंसियां

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि ईवीएम का इस्तेमाल बंद होना चाहिए क्योंकि दुनिया के कई देशों ने ईवीएम से वोटिंग के सिस्टम को बंद कर दिया गया है। जिस तकनीक पर सवाल खड़ा हो, खासकर लोकतांत्रिक देश में तो, उससे तौबा कर लेनी चाहिए। हम भारत को बतौर विश्व गुरू प्रोजेक्ट कर रहें तो कम से कम इस आधार पर तो भारत में भी ईवीएम को समाप्त कर देना चाहिए और पुराने सिस्टम से चुनाव कराने चाहिए। उक्त बातें गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी सरकार के चार साल पूरा होने पर कांके रोड स्थित अपने आवास में पत्रकारों से कही। सीएम ने कहा राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा में आमंत्रण मिला तो जरूर जाएंगे। मालूम हो कि अभी हाल ही में अंतरराष्ट्रीय कांग्रेस के नेता सैम पित्रोदा ने भी ईवीएम से वोटिंग से वोटिंग का विरोध करते हुए देश के राजनीतिक दलों से इसके खिलाफ धरना-प्रदर्शन शुरू करने को कहा था। उन्होंने तर्क दिया था कि वीवीपैट के साथ ईवीएम एक मशीन यूनीट न होकर यूनिफाइड यूनीट है और इसमें छेड़छाड़ संभव है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केंद्र पर निशाना साधते हुए कहा कि वैसे लोग भ्रम में है जो यह सोच रहे है कि मुझे डरा धमकाकर अपने पक्ष में कर लेंगे। मैं किसी से डरने वाला नहीं। डरने वाली बात मुझ पर लागू नहीं होती, लेकिन कोई प्यार से कहे तो जान भी दे दूंगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड जब अलग राज्य बना था, उस समय सरप्लस बजट था। अलग राज्य बनने के बाद अधिकतर समय भाजपा का शासन रहा। आज ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### लोकसभा चुनाव में पीएम चेहरे की जरूरत नहीं

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि इंडिया गठबंधन को पीएम चेहरे की जरूरत नहीं है। चेहरा त्के बारे में तो कुछ दिनों से सुनने में आ रहा है। असल में चेहरा तो जनता बनाती है। इसलिए इंडिया गठबंधन को लेकर इस तरह का विवाद पैदा नहीं किया जाना चाहिए। यह देश के लिए कोई इश्यू नहीं है।

### बुलावा आया तो राममंदिर प्राण प्रतिष्ठ में जरूर जाएंगे

हेमंत सोरेन ने कहा कि हम धर्म और जात की राजनीति नहीं करते हैं। हम विकास और सबके हित की सोच के साथ काम करते हैं। अभी तक राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आमंत्रण मुझे नहीं मिला है। अगर बुलावा आया तो जरूर जाएंगे। हम मंदिर भी जाते हैं, मस्जिद, गुरूद्वारा और चर्च भी जाते हैं।



### मेरे काम का सार्टिफिकेट जनता देगी

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि हम क्या काम किए है और क्या कर रहे हैं। इसका सर्टिफिकेट जनता देगी। अगर हम काम बताना शुरू करें ओर सूची बनाना शुरू करें तो विपक्ष में उसमें समा जाएगा। जो काम आज हो रहे हैं, क्या वह पहले नहीं हो जाना चाहिए था। हम यह नहीं कहते हैं कि राज्य की सारी समस्या खत्म हो गयी। मगर इसे सुधारने का काम तो शुरू हो चुका है। हम यह भी नहीं कह सकते हैं कि सिस्टम से भ्रष्टाचार शून्य हो गया। मगर इसे कम करने की दिशा में काम शुरू हो चुके हैं।

### पार्टी स्थापना दिवस पर खरगे ने कहा -

# कांग्रेस का मकसद है लोक कल्याण

**नई दिल्ली।** कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने गुरुवार को 139वें स्थापना दिवस पर पार्टी मुख्यालय में पार्टी का झंडा फहराया और कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का उद्देश्य लोक कल्याण है। स्थापना दिवस समारोह में राहुल गांधी, महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, सांसद राजीव शुक्ला, महासचिव केसी वेणुगोपाल समेत कई कांग्रेस नेता मौजूद रहे। खड़गे ने एक्स पर लिखा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का उद्देश्य लोक कल्याण है और भारत के लोगों की प्रगति है। हम संसदीय लोकतंत्र पर आधारित भारत में विश्वास करते हैं जिसमें बिना किसी भेदभाव के सभी के लिए समानता, अवसर और राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक अधिकार निहित हैं।" उन्होंने आगे कहा, हमें गर्व है कि पिछले 139 वर्षों से हम ऐसे भारत के निर्माण के लिए पूरी ईमानदारी से संघर्ष कर रहे हैं। कांग्रेस स्थापना दिवस के अवसर पर प्रत्येक भारतीय को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। जय हिंद, जय कांग्रेस। पार्टी सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए राहुल गांधी ने भी लिखा, सत्य और अहिंसा जिसकी बुनियाद है। मोहब्बत, भाईचारा, सम्मान और



समानता जिसके स्तंभ हैं और देशप्रेम जिसकी छत है। मुझे फक्र है कि मैं ऐसे संगठन का हिस्सा हूं। कांग्रेस स्थापना दिवस की सभी नेतागणों, पदाधिकारियों, समर्थकों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।" प्रियंका गांधी ने लिखा, स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान महात्मा गांधी ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की गतिविधियों के संचालन के लिए 'तिलक स्वराज कोष' की शुरूआत की थी। इसका मकसद असहयोग आंदोलन के लिए पैसा जुटाना था ताकि 'स्वराज' की स्थापना हो सके।" उन्होंने कहा, आज करीब 100 साल बाद कांग्रेस ने 'डोनेट फॉर देश' अभियान शुरू किया है ताकि लोकतंत्र को बचाया जा सके, चंद अरबपतियों के लिए काम करने वाली तानाशाही सरकार के खिलाफ एक मजबूत विपक्ष का गठन किया जा सके और संविधान को बचाया जा सके।

# कुणाल सिंह हत्याकांड में वांछित कुख्यात डब्ल्यू सिंह पर इनाम घोषित

### छोटा डब्ल्यू सिंह पर भी पुलिस ने किया डेढ़ लाख के इनाम का प्रस्ताव

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू के डॉन कुणाल सिंह हत्याकांड मामले में फरार चल रहे कुख्यात डब्ल्यू सिंह पर इनाम की घोषणा की गई है। पलामू पुलिस की अनुशंसा पर राज्य सरकार ने डब्ल्यू सिंह पर 40 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। उस पर पलामू के विभिन्न थानों में आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि मेदिनीनगर टाउन थाना में दर्ज एफआईआर के मामले में डब्ल्यू सिंह के खिलाफ इनाम घोषित हुआ है। उसके खिलाफ तीन लाख रुपए इनाम का प्रस्ताव है। जबकि छोटा डब्ल्यू सिंह के खिलाफ डेढ़ लाख रुपये इनाम का प्रस्ताव है। उन्होंने बताया कि घोषित इनाम 20 दिसंबर 2024 तक लागू रहेगा। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए कई इलाकों में निगरानी कर छापेमारी कर रही है। उसकी गिरफ्तारी के लिए एसआईटी भी गठित की गयी है।

### 2020 में हुई थी कुणाल सिंह की हत्या

जून 2020 में फिल्मी स्टाइल में कुणाल सिंह की हत्या की गयी थी। 3 जून 2020 को मेदिनीनगर टाउन थाना क्षेत्र के बिस्फुटा पुल के पास गैंगवार में डॉन कुणाल सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसका आरोप कुख्यात गैंगस्टर डब्ल्यू सिंह और उसके गिरोह पर लगा था। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए गिरोह से जुड़े कई सदस्यों को गिरफ्तार किया था, किंतु मुख्य साजिशकर्ता डब्ल्यू अभी भी फरार है। पुलिस ने इस पूरे मामले में 252 पेज से भी अधिक में अनुसंधान रिपोर्ट तैयार की है। इस रिपोर्ट के आधार पर कई आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की है।

### हेमंत सोरेन सरकार के पांचवें वर्ष में प्रवेश पर विशेष

# हेमंत एक क्रियाशील मुख्यमंत्री के रूप में उभर कर सामने आये हैं

**विजय केसरी**

**हेमंत** सोरेन सरकार अपना चार साल का कार्यकाल पूरा कर ली। आज पांचवें वर्ष में प्रवेश कर गई है। झारखंड की जनता ने बहुत ही आशा, विश्वास और उम्मीद के साथ यूपीए के हाथों प्रांत की जवाबदेही सौंपी थी। इस जवाबदेही पर हेमंत सोरेन की सरकार कितना सफल रही है? इस सवाल का उत्तर झारखंड प्रांत के चौबीसों जिलों की विधि व्यवस्था, सड़क, पानी, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा के हालात में निहित है। वहीं दूसरी ओर हेमंत सोरेन एक मजबूत और क्रियाशील मुख्यमंत्री के रूप में अपनी पहचान बनाने में सफल रहे हैं। वे संचिकाओं को लटकाते नहीं है बल्कि त्वरित निर्णय लेते हैं। राज्य की विधि व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए पुलिस के बड़े अधिकारियों को भी फटकार लगाने से नहीं हिचकते हैं। आकलन यह बताता है कि झारखंड की बुनियादी सुविधाओं में वृद्धि जरूर हुई है, लेकिन यह वृद्धि संतोषजनक नहीं है। आज झारखंड के बहुत सारे गांव ऐसे हैं, जहां बिजली अब तक पहुंच नहीं पाई है। जिन गांवों में बिजली पहुंची है। आपूर्ति की स्थिति बहुत बेहतर नहीं है। सड़कों का विस्तार झारखंड में जरूर हुआ है, लेकिन सुदूर गांव वासी अभी भी कच्ची सड़कों से आने को विवश हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का विस्तार जरूर हुआ है, लेकिन पर्याप्त सुविधाओं के अभाव में अभी भी लोग निजी अस्पतालों में जाने को विवश है। कहने को सरकारी एम्बुलेंस बहुत हैं, लेकिन आज भी परिवार के कंधों,साइकिलों और ठेलों पर लाशें ढोई जा रही हैं। इन उठाते सवालों पर राज्य की सरकार को ध्यान देने की जरूरत है। अब सरकार के पास मात्र एक वर्ष का समय शेष बचा हुआ है। कुछ कर गुजरने के लिए एक वर्ष का समय भी कम नहीं होता है। यूपीए सरकार को उठते इन सवालों पर समाधान की दिशा में तीव्र गति से आगे बढ़ाने की जरूरत है। 2019 में जब देशभर में मोदी की लहर थी। तब झारखंड की जनता ने यूपीए के हाथों में सत्ता सौंपी थी। झारखंड की जनता चाहती कि केंद्र में मोदी की ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



## इंडिया

# विकसित भारत के लिए कम करनी होंगी छुट्टियां



सुनील बादल

**दो** दिनों बाद नया साल आनेवाला है और भारत के अधिकांश पढे लिखे लोग एक जनवरी को काम नहीं करेंगे । कुछ तो साल के अंतिम दिनों से लगातार छुट्टी मना रहे होंगे। उत्सवप्रिय देश भारत में बात बात पर छुट्टी की प्रवृति बढ़ती हुई गांवों से लेकर उस वर्ग तक पहुंच गई है जो हर दिन कमाकर खाने वाले निम्न वर्ग के हैं और पहले खाने पीने के नाम पर काम नहीं छोडते थे । इस उत्सव के माहौल में प्रश्न यह है कि यदि सभी लोग ऐसा करने लगें तो क्या होगा ? यह ठीक है कि उत्सव मनाने पर किसी को रोक नहीं है पर टीवी चैनलों से प्रेरणा लेकर या देखा देखी शराब पीना और पिकनिक के नाम पर हुड़दंग मचाना आम बात है और इसी कारण बहुत से लोग घरों से बाहर तक नहीं निकलते । नया साल सभी के लिए है क्या अमीर क्या गरीब पर विकसित देशों की तरह हम भारतीयों में खाओ पियो और मौज करो की प्रवृति बढ़ती जा रही है जबकि उन विदेशियों से हमने यह नहीं सीखा कि वे शेष दिनों में काम से कोई समझौता नहीं करते और उनके सप्ताह या महीने से लेकर साल भर के काम के अनिवार्य घंटे निर्धारित हैं जबकि भारत में सरकारी कार्यालयों में बायोमेट्रिक प्रणाली से हाजरी की बाध्यता के बीच भी कुछ लोगों ने रास्ता निकाल लिया कि समय पर हाजरी लगाकर बाहर घूमने फिरने या घरों में सोने तक से बाज नहीं आते जबकि वे भी सेवाओं में देरी के शिकार भी होते हैं। कर्मचारियों के



दबाव से अधिक जातीय आधार पर गोलबंद लोगों का वोट लेने के लिए विभिन्न राज्य सरकारें बात बात पर छुट्टी घोषित करती हैं। सबसे अधिक छुट्टियां गर्मी छुट्टी के नाम मोटे तौर पर परंपरिक रूप से शिक्षा विभाग और न्यायालयों में होती है जबकि दोनों के पास बड़ी चुनौतियां हैं। बहुत पहले जब गर्मी या ठंढक को नियंत्रित करने के साधन नहीं थे तब अंग्रेजों ने गर्मी या शीतकालीन छुट्टियों का प्रावधान किया था पर अब देशहित में वातानुकूलित कार्यालयों या पंखे लगे स्कूलों में छुट्टियों की समीक्षा की जानी चाहिए।

कर्मचारियों को आराम देने के लिए दुनिया भर की कंपनियों में छुट्टी के अलग-अलग नियम हैं। कर्मचारी अक्सर खुद को लंबे समय तक काम करते हुए ज्यादा मेलजोल नहीं रख पाते हैं। इसका उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। ताजगी भरी छुट्टियां उन सभी नकारात्मक दुष्प्रभावों को दूर करने में चमत्कार कर सकती हैं। दुनिया में सबसे अधिक छुट्टी नेपाल और ईरान में 34 दिनों की होती हैं। श्रीलंका और बांग्लादेश में 33 छुट्टियां दी जाती हैं। भारत में औसतन लगभग 21 सार्वजनिक छुट्टियां दी जाती हैं। सार्वजनिक छुट्टियां बढ़ाने का सीधा असर उत्पादकता पर पड़ता है और बैंकों में अवकाश से व्यवसाय संचालन धीमा हो सकता है। इसका प्रभाव विनिर्माण या खुदरा कारोबार पर बहुत अधिक पड़ता है और जो सार्वजनिक छुट्टियों पर खुले रहते हैं उन्हें अतिरिक्त स्टाफिंग और ओवरटाइम लागत से परिचालन व्यय बढ़ जाता है। इसका एक अच्छा पहलू भी है सार्वजनिक छुट्टियों के समय पर्यटन और आतिथ्य उद्योगों में में वृद्धि होती है पर इसका लाभ निम्न मध्यमवर्गीय परिवारों तक कम पहुंचता है। कुछ व्यवसायों के लिए यह अवसर भी होता है। कंपनियां ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए छुट्टी-थीम वाले प्रचार और विज्ञापन अभियान बनाती हैं जैसे छूट, पुराने ग्राहकों या नए उत्पाद। प्रति दिन लगभग पांच करोड़ ऑनलाइन ऑर्डर करने वाला भारत विश्व का अग्रणी देश है पर जो व्यवसाय वस्तुओं और सेवाओं की डिलीवरी पर निर्भर हैं, वे बाधित होती हैं। शिपिंग और लॉजिस्टिक्स सहित कई परिवहन सेवाओं की सार्वजनिक ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# सामूहिक दुष्कर्म में पलामू डीसी व एसपी के चालक गिरफ्तार

### इलाज कराने आई महिला को झांसे में लेकर दिया घटना को अंजाम

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला उपायुक्त और एसपी के ड्राइवर ने मिलकर एक महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले में अग्रतर कार्रवाई कर रही है। ये घटना मेदिनीनगर थाना क्षेत्र की है। पीड़ित महिला पलामू की ही रहने वाली है। बताया जाता है कि पीड़िता डॉक्टर से इलाज करवाने के लिए मेदिनीनगर आई थी। वह मेदिनीनगर में मोबाइल रिचार्ज का दुकान खोज रही थी। इसी क्रम में एक ड्राइवर से महिला की मुलाकात हुई। ड्राइवर ने महिला से पैसा लेकर उसका रिचार्ज कर दिया। इसके बाद ड्राइवर ने महिला को कॉल करके बहाने से बुलाया। वहां एक और चालक मिला। दोनों महिला को लेकर हाउसिंग कॉलोनी के इलाके में गए और सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। घटना से हतप्रभ महिला ने मेदिनीनगर टाउन थाना में शिकायत दर्ज करायी। जिसके बाद मेदिनीनगर टाउन थाने की पुलिस ने छापेमारी करते हुए डीसी और एसपी के ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस दोनों ड्राइवरों से पूछताछ कर रही है। महिला को मेडिकल जांच के लिए भेजा गया है। पीड़िता तीन बच्चों की मां बताई जा रही है। पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि दोनों को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है।

## एक नजर

### मुखिया ने किया जरूरमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण



**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड के चितविश्राम पंचायत सचिवालय में गुरुवार को मुखिया सनिधा सोनी ने 160 गरीब ,असहाय, दिव्यांग एवं जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। उन्होंने कहा कि कड़ाके की ठंड को देखते हुये सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गये कम्बल का वितरण गरीब, असहाय, दिव्यांग व जरूरतमंद लोगों के बीच किया जा रहा है उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा ही सच्ची सेवा है। उन्होंने कहा कि कंबल पाकर गरीब असहाय एवं जरूरतमंद लोग काफी खुश दिखे। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि अनुराग सोनी, वार्ड सदस्य सलीम अंसारी, अजीज अंसारी, रईस अंसारी, गोपाल राम, रामेश्वर राम, राजा राम, कंचन कुंवर, निर्मलिया कुंवर, सहोदर देवी, फूलमती देवी, सकिला देवी, मो. अली, हसनु अंसारी आदि उपस्थित थे।

### हरिजन टोला निवासी प्रभु राम का निधन

**विशुनपुरा।** विशुनपुरा थाना क्षेत्र हरिजन टोला में 50 वर्षीय स्व हनुमान राम के पुत्र प्रभु राम का गुरुवार को आकस्मिक निधन हो गया। इससे पूरे परिवार के लोगों का रो-रो कर बुरा हाल है। बताते चलें कि प्रभु राम के दोनों पुत्र बाहर कमाने गए हुए हैं। वहीं गांव घर के लोगो द्वारा विशुनपुरा बांकी नदी तट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। मौके पर उप मुखिया मुकेश राम, बीडीसी पति भुनेश्वर राम सहित कई लोगों ने घर पहुंच कर घर वालों को सांत्वना दी।

### नाई समाज ने लिया गुरुवार को दुकान बंद रखने का निर्णय



**खरौंधी।** खरौंधी बाजार में गुरुवार को नाई समाज की बैठक की गई, जिसमें नाई समाज में एकजुटता तथा विकास पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में अध्यक्ष धीरज ठाकुर ने कहा कि नाई समाज की साप्ताहिक बैठक आयोजित की जाती है। बैठक में नाई समाज में एकजुटता बनाये रखने पर चर्चा की गई है। साथ ही सर्वसम्मति से प्रत्येक गुरुवार को बाजार की सभी सैलून दुकानों को बंद रखने का निर्णय लिया गया। बैठक में अध्यक्ष धीरज ठाकुर, उपाध्यक्ष सुधीर ठाकुर, कोषाध्यक्ष राकेश ठाकुर, दिलीप ठाकुर, मनु ठाकुर, छुनु ठाकुर, सुनील ठाकुर आदि उपस्थित थे।

### तीन ओर से घने जंगलों के बीच अवस्थित डैम की अनोखी छटा को निहारने वर्ष के पहले दिन बड़ी संख्या में पहुंचते हैं लोग

# सैलानियों को हर साल लुभाता है हिचकोले खाता पनघटवा डैम का पानी

**हजारों सीढ़ी के सहारे टंकी के करीब पहुंच कर सैलानी डैम के पानी को निहारत रहते हैं। डैम में नौका बिहार का भी सैलानी खूब लुत्फ उठाते हैं।**



**मनीष कुमार। डंडई**

जिले के सुदरवर्ती प्रखंड डंडई और धुरकी के सिवाना पर अवस्थित पनघटवा डैम पिकनिक के लिए एक बेहतरीन स्पॉट है। यह स्थल बिल्कुल रूप से प्रकृति की वादियों से भरा पूरा है। तीन ओर से घने जंगलों के बीच अवस्थित डैम की अनोखी छटा सैलानियों का मन मोह लेता है। डैम का हिचकोले खाता पानी जहां सैलानियों को हर साल लुभाता रहता है, वहीं शाही, जोगिया और कुम्हारों पहाड़ की रंगीन वादियां भी सैलानियों को प्रत्येक वर्ष अपने करीब बुलाने को मजबूर कर देता है। इतना ही नहीं, सैलानियों को बैठने के लिए मार्बल युक्त दो यात्री शेडों के कारण भी पनघटवा डैम की अलग पहचान बना हुआ है। इसके अलावा डैम के बीच मझधार में निर्मित दो पानी की टंकियां भी अपनी सुंदरता के लिए पहचानी जाती हैं। पांच किलोमीटर की दूरी से ही सैलानियों को वह अपनी ओर आकर्षित करना शुरू कर देता है। हजारों सीढ़ी के सहारे टंकी के करीब पहुंच कर सैलानी डैम के पानी को निहारत रहते हैं। डैम में नौका बिहार का भी सैलानी खूब लुत्फ उठाते हैं। तरह-तरह के डिजाइनों में बने नौका विहार का आनंद खासकर वर्ष के पहला दिन 1 जनवरी को सैलानी भरपूर तरीके से उठाते हैं। नए वर्ष के उपलक्ष्य में दूर-दूर से सैलानी पनघटवा डैम पर पिकनिक मनाने को लेकर पहुंचते हैं। पिकनिक को लेकर पहुंच रहे सैलानी डैम की प्राकृतिक वादियों और अनोखी छटा को नहीं भूल पाते हैं। जैसे ही वर्ष का पहला दिन आता है उसे याद कर वे सभी पुनः उनकी सुंदरता को निहारने के लिए पनघटवा डैम पर पहुंच जाते हैं। जिला मुख्यालय से मेराल, डंडई, होते पनघटवा डैम पर पहुंचा जा सकता है, जिसकी अधिकतम दूरी 35 किलोमीटर आंका जाता है। उधर प्रखंड मुख्यालय से 7 किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित केहुनियां नाला भी पिकनिक के लिए दूसरा स्पॉट बन गया है। चारों तरफ से घने जंगलों के बीच निर्मित उक्त डैम कई तरह के वादियों से भरा है। तीन तरह के पहाड़ों की गोद से निकला केहुनियां नाला सैलानियों का मन मोह लेता है। वर्ष के पहले दिन बड़ी संख्या में लोग उक्त स्थल पर पहुंचते हैं। सुबह से शाम तक पिकनिक का आनंद लेकर अपने घर लौट जाते हैं।

# 'बची खुची सरकारी शिक्षा भी समाप्त कर रही नई शिक्षा नीति'

### ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन ने अनुमंडल पदाधिकारी को सौंपा मांग पत्र




**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन ने अपने 70वें स्थापना दिवस के अवसर पर गुरुवार को विभिन्न शैक्षणिक समस्याओं को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी को सात सूत्री मांग पत्र सौंपा। इस अवसर पर संगठन के प्रदेश सचिव मंडल के सदस्य जूलियस फुचिक ने कहा कि संगठन अपने स्थापना काल से ही जनवादी, धर्मनिरपेक्ष और वैज्ञानिक शिक्षा की मांग को लेकर छात्रों को संगठित करने का काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश के सभी राज्यों में संगठन छात्रों की समस्याओं को लेकर संगठित आंदोलन कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई सिर्फ शिक्षा बचाने की नहीं है, बल्कि सभ्यता व इंसानियत बचाने की लड़ाई भी है। उन्होंने कहा कि प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा की बदहाली अपने चरम पर है। सरकार द्वारा लगातार शिक्षा के बजट में कटौती की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा लाई गई नई शिक्षा नीति 2020 बची खुची सरकारी शिक्षा को समाप्त कर रही है। अनुमंडल पदाधिकारी को दिये मांगपत्र में सभी विद्यालयों व महाविद्यालयों में कक्षा का संचालन नियमित करने, पुस्तकालय में पुस्तक व लैब की उचित व्यवस्था कराने, जरूरतमंद छात्रों को समय पर छात्रवृत्ति देने, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को वापस लेने, रिक्त पदों पर शिक्षकों की बहाली करने, सेमेस्टर सिस्टम को रद्द करने तथा विद्यालय में शौचालय व शुद्ध पेयजल की व्यवस्था कराने की मांग शामिल हैं। मौके पर जिलाध्यक्ष राम बचन यादव, सचिव रौशन आरा, अर्चना कुमारी, अनुराधा कुमारी, सुनैना कुमारी, कुणाल कुमार, राहुल कुमार, कयामुद्दीन अंसारी, साक्षी कुमारी आदि उपस्थित थे।

## कोरवा समाज के लोगों ने बीडीओ से की मुलाकात

**डंडई।** उपेक्षा का दंश झेल रहे रारो पंचायत स्थित बेलवा टीकर गांव के कई कोरवा समाज के लोगों ने बुधवार को वीडियो राहुल कुमार सानू से उनके कार्यालय कक्ष में मुलाकात की। भारतीय आदिवासी परिषद के जिला अध्यक्ष सुरेश कोरबा के नेतृत्व में बीडीओ के कार्यालय पहुंचे समाज के कई लोगों ने अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। उक्त मामलों पर अग्रेतर कार्रवाई करने की उनसे आग्रह किया। लोगों द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र का नियमित संचालन नहीं होना, आवास, पेंशन और कंबल नहीं मिलने की भी शिकायत उक्त लोगों के द्वारा वीडियो के पास की गई। वहीं बीडीओ ने गंभीरता पूर्वक उनकी बातों को सुना और मामले पर सकारात्मक पहल भी करना शुरू कर दिया। बीडीओ ने आवास को लेकर लोगों से सूची की मांगी। वहीं कंबल और पेंशन के लिए भी योग्य लोगों के नाम पंचायत सचिव के पास जमा करने को कहा। वनपट्टा को लेकर उक्त लोग अंचलाधिकारी चोनाराम हेम्ब्रम से मिलने को लेकर प्रखंड कार्यालय पहुंचे थे, लेकिन उन्हें कार्यालय से बाहर होने के कारण वे सभी बीडीओ के पास अपनी समस्या को रखने पहुंच गए।

## स्थापना दिवस पर कांग्रेस ने किया कंबल का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

कांग्रेस पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के वरीय उपाध्यक्ष सह प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे ने गुरुवार को कई गांव में घूम घूम कर गरीब, असहाय, वृद्ध, विधवा व निशक्तों के बीच 100 कंबल का वितरण किया।

उन्होंने कहा कि गरीब, असहाय लोगों की मदद करना कांग्रेस पार्टी की परंपरा रही है। यह हमारी सभ्यता व संस्कृति भी है। ऐसा पुनीत कार्य करने के लिये पार्टी को दैवी कृपा भी है। उन्होंने कहा कि इस तरह का कार्य करने की प्रेरणा हम सबों को कांग्रेस पार्टी से ही मिलती है। उन्होंने कहा कि जब से कांग्रेस पार्टी की स्थापना हुई है। देश की आजादी से लेकर देश मे विकास का जो भी कार्य कांग्रेस द्वारा किया गया है, उसे देश की जनता अच्छी तरह से जानती है। उन्होंने कहा कि इस तरह गरीब, असहाय लोगों के सहयोग करने से लोग तो लाभान्वित होते ही है, अपना मन भी धन्य हो जाता है। उन्होंने कहा कि वे आगे भी इस तरह का कार्य करते रहेंगे, जिससे समाज के सभी वर्गों का उत्थान किया जा सके।

## 'अबुआ आवास के नाम पर पैसा लेने वालों को सीधे भेजा जाएगा जेल'



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह ने अपने आवास चिनियां प्रखंड के बरवाडीह में एक निजी कार्यक्रम में बताया कि झारखंड सरकार द्वारा अबुआ आवास बनाने के लिए पूरे राज्य में अभियान चलाया जा रहा है। सरकार का लक्ष्य है कि वैसे लोगों को इस योजना का लाभ मिले जो निम्न वर्ग के हैं तथा जिन्हें कभी आवास नहीं मिला है तथा वंचित है। इसमें अगर कोई भी पदाधिकारी, कर्मचारी बिचौलिया द्वारा अवैध वसूली की जानकारी मिलती है तो उसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज की जाएगी तथा कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अबुआ आवास के नाम पर पैसा लेने वाले बिचौलियों को सीधे जेल भेजा जाएगा। सरकार का लक्ष्य है कि यह योजना वंचित तथा गरीब निरीह लोगों को मिले तथा उसका लाभ उठाएं। इस योजना में हेरफेर या किसी तरह की गड़बड़ी करने वाले बख्शे नहीं जाएंगे। ग्राम सभा 29 दिसंबर को प्रखंड के सभी पंचायत पंचायत सचिवालयों में निर्धारित की गई है। योग्य व्यक्ति अपना ग्राम सभा में नाम दर्ज जरूर काराएं। मौके पर उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा जितने कार्य 4 वर्षों में किये गये हैं उतने कार्य आज तक कोई सरकार झारखंड में नहीं कर पाई थी। सरकार की सभी योजनाएं, चाहे सड़क हो या पुल-पुलिया, बाईपास हो या गरीब परिवार की अन्य योजनाएं सभी धरातल पर उतारी जा रही हैं। अबुआ आवास के लिए प्रखंड कर्मियों द्वारा घर-घर जाकर योग्यलाभुकों का वेरिफिकेशन किया जा रहा है ताकि वंचित लोगों को आवास का लाभ मिल सके।

## प्राक्कलन के अनुसार सड़क नहीं बनाए जाने पर जताई नाराजगी



**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**

मेराल से अम्बाखोरिया तक बनाए जा रहे कालीकरण सड़क में डंडाई गांव के बीच प्राक्कलन के अनुरूप चौड़ाई आकार में सड़क का निर्माण नहीं होने पर 20सूत्री सदस्य सह पूर्व कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष भोलाराम ने नाराजगी व्यक्त की है।

उनका कहना है कि प्रखंड क्षेत्र में जितना भी सड़क का निर्माण हुआ है उसमें सभी संवेदकों के द्वारा प्राक्कलन का अनुपालन किया गया है। प्राक्कलन में निहित लंबाई व चौड़ाई का अनुपालन करते हुए ही उनके द्वारा अपने-अपने सड़क निर्माण कार्य को पूरा करने का काम किया गया है। इसी तरह मेराल से अम्बाखोरिया तक जो सड़क का निर्माण हो रहा है उसमें भी प्राक्कलन को अन्य जगहों पर तरजीह दी गई है, लेकिन सिर्फ डंडई गांव में ही प्राक्कलन के अनुरूप चौड़ाई के आकार में संवेदक द्वारा सड़क का निर्माण नहीं कराया जा रहा है।

भोला ने कहा कि सड़क किसी भी गांव या देहात की सुंदरता का प्रमुख पैमाना होता है जो आम अवाम के लिए भविष्य है। संवेदक को हर हाल में अन्य जगहों की तरह डंडई गांव में भी प्राक्कलन के अनुसार चौड़ाई के आकार में सड़क का निर्माण कराना होगा। बताते चलें कि डंडई गांव में सड़क निर्माण से पहले संवेदक द्वारा गुरुवार को नाली निर्माण को लेकर खुदाई कार्य कराया जा रहा था जो प्राक्कलन के अनुसार चौड़ाई के आकार में नहीं हो रहा था। मौके पर दिलबर कुमार, जब्बार अंसारी आदि लोग उपस्थित थे।

## समाजसेवी मारुतनंदन ने मुख्यमंत्री के नाम से डीसी को सौंपा आवेदन

### खजूरी जलाशय योजना को अविलंब चालू करें सरकार



**नवीन मेल संवाददाता। मझिआंव**

नगर पंचायत क्षेत्र के भावी अध्यक्ष पद प्रत्याशी सह युवा समाजसेवी, ओबीसी गढ़वा जिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष मारुतनंदन सोनी ने खजूरी जलाशय योजना को अविलंब चालू करने को लेकर मुख्यमंत्री के नाम गढ़वा उपायुक्त को आवेदन सौंपा।

वहीं सोनी कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 12 ग्राम खजुरी में खजूरी जलाशय योजना 1987 ईस्वी में शिलान्यास कराया गया था। तत्पश्चात जलाशय योजना का कार्य 99 प्रतिशत किया जा चुका है। एक प्रतिशत कार्य बाकी है वही सोनी ने कहा कि एक प्रतिशत कार्य पूरा अभिलंब किया जाए ताकि खजूरी जलाशय योजना को नहर से जोड़ा जा सके। इससे नगर पंचायत क्षेत्र के साथ-साथ प्रखंड क्षेत्र के लगभग एक दर्जन गांवों को सिंचाई करने का मुख्य साधन हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा खजूरी जलाशय योजना निर्माण के दौरान यहां के स्थानीय लोगों से जमीन अधिग्रहण किया गया था। इसके एवज में अधिग्रहण की राशि बकाया।

**पहल** कहा-अधिक तेज व अधिक धीमी गति से गाड़ी चलाना भी कानूनन अपराध

# थाना प्रभारी ने बच्चों को पढ़ाया ट्रैफिक रूल्स का पाठ



**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**

थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार ने गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित इंडो इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में बच्चों को यातायात नियमों का पाठ पढ़ाया। इस दौरान थाना प्रभारी ने कहा कि सर्दी के मौसम में सुबह के समय धुंध छाने से दृश्यता कम हो जाती है, जिससे सड़क पर हादसा होने का अंदेशा बना रहता है। इस स्थिति में बचाव का एकमात्र उपाय यातायात नियमों का पालन है। उन्होंने ट्रैफिक नियमों के बारें में बताते हुए कहा कि हमें हमेशा सड़क की बाई ओर चलना चाहिए। सड़क क्रॉस करने से पूर्व दोनों तरफ देखना अनिवार्य है। इसके साथ ही सामने या पीछे से आ रहे वाहन की गति व दूरी का सही अनुमान लगा लेना चाहिए। साइकिल पर चलने वाले बच्चों को कतार में चलना चाहिए। 18 वर्ष से ऊपर आयु के लोगों के लिए लर्निंग लाइसेंस बनवाना अति आवश्यक है। उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से देश में करोड़ों की लागत से वाहन चालकों की सुविधा हेतु स्पीड लिमिट साइन बोर्ड लगाए गए हैं। जिनपर अंकित स्पीड के अनुसार अपने वाहन चलाने चाहिए। अधिक तेज व अधिक धीमी गति से गाड़ी चलाना भी कानूनन अपराध है। बाइक चलाते समय हेलमेट व गाड़ी चलाते समय सीट बेल्ट का इस्तेमाल करना चाहिए। उन्होंने स्कूली बच्चों को ट्रैफिक नियमों की विस्तृत जानकारी देते हुए अपने परिजनों को भी ट्रैफिक नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित करने की नसीहत दी। वहीं अंतिम में थाना प्रभारी ने बच्चों से ट्रैफिक नियमों से संबंधित प्रश्न भी पूछे। इस मौके पर विद्यालय प्राचार्य बलवंत कुमार यादव, राजू रंजन, कमलेश यादव, कामेश्वर यादव, करन गुप्ता, संजय यादव, रबी पासवान, शिव सिंह, नेहा यादव, रामावती सिंह, ज्योती कुमारी आदि मौजूद थे।

## डीसी के निर्देश पर नगर पंचायत अधिकारी निर्वाचन कार्य के लिए किया क्षेत्र का भ्रमण



**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

उपायुक्त शेखर जमुवार के निर्देश पर नगर पंचायत अधिकारी श्री बंशीधर नगर के द्वारा चेचरिया के वार्ड नं 9 अंबालाल पटेल बालिका उच्च विद्यालय के समीप निर्वाचन कार्य के लिए क्षेत्र भ्रमण किया। क्षेत्र भ्रमण के दौरान निर्वाचन कार्य से संबंधित सभी वार्डों में जिनका जिनका मतदाता पहचान पत्र नहीं बना है। मतदाता सूची में नाम जोड़ने या हटाने, ब्लैक एंड व्हाइट से कलर फोटो करने तथा मतदाता सूची में नाम सुधार के लिए फॉर्म भर सकते हैं। नगर पंचायत के कार्यपालक पर अधिकारी अमरेंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि उपयुक्त के निर्देश पर निर्वाचन कार्य को लेकर विशेष अभियान चलाया गया है यह अभियान 12 जनवरी तक चलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति का 18 वर्ष हो चुका है वह अपना मतदाता पहचान पत्र के लिए फॉर्म भरकर अपने बीएलओ के पास जमा कर दें जिससे कि उनका मतदाता सूची में नाम जुड़ जाएं।ताकि आने वाला लोकसभा चुनाव में अपना मत दे सके। यह अभियान सभी वार्डों में चलाई जा रही है जिससे कि कोई भी व्यक्ति चुनाव के समय अपना मत देने से वंचित न रहे सके, जिनका मतदाता पहचान पत्र नहीं बना है। मतदाता सूची में नाम जोड़ने या हटाने, ब्लैक एंड व्हाइट से कलर फोटो करने तथा मतदाता सूची में नाम सुधार के लिए फॉर्म दे ताकि उनका मतदाता पहचान पत्र बन जाए। मौके पर नगर प्रबंधक रवि कुमार व परिमेय मंडिलवार, सहीया आशा देवी,लाल पासवान, हिरदया कमलापुरी, कृष्णा प्रसाद, कृष्णा कुमार तथा राहुल कुमार मौजूद थे।

## एक नजर

### हरिहरगंज व पिपरा पुलिस ने शराब भट्ठी को किया ध्वस्त

**हरिहरगंज।** पुलिस अधीक्षक पलामू के निर्देश पर हरिहरगंज पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास के नेतृत्व में पुलिस ने गुरुवार को सुदूरवर्ती अकौनी गांव के जंगली इलाके में अवैध शराब के विरुद्ध सघन छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने अवैध शराब की भट्ठी को ध्वस्त करते हुए भारी मात्रा में जावा महुआ तथा महुआ से निर्मित शराब को मौके पर ही नष्ट कर दिया। उधर पिपरा थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह के नेतृत्व में अवैध शराब कारोबारी के खिलाफ सघन छापेमारी अभियान चलाकर कोदवरिया गांव के समीप जंगल में अभियान चलाकर महुआ शराब भट्ठी को नष्ट कर दिया। छापेमारी के दौरान कई बर्तन एवं उपकरण को भी नष्ट किया गया है। पुलिस के अनुसार अभियान निरंतर जारी रहेगा।

### नगर निगम में लगे राजा मेदिनीराय की प्रतिमा: रुचिर

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने उपायुक्त पलामू को पत्र लिखकर मेदिनीनगर नगर निगम में राजा मेदिनीराय एवं शहीद नीलांबर-पीतांबर की प्रतिमा लगाने की मांग की है। श्री तिवारी ने कहा कि यह विदित है कि राजा मेदिनीराय के नाम पर ही शहर का नामकरण हुआ है। इसके बावजूद मेदिनीनगर नगर निगम में कहीं भी उनकी प्रतिमा नहीं स्थापित की गयी है। वहीं शहर में शहीद नीलांबर-पीतांबर की भी प्रतिमा कहीं नहीं लगी है। इससे शहरवासी खुद को मर्माहत महसूस कर रहे हैं। उन्होंने तत्काल इस संबंध में समुचित कदम उठाये जाने की मांग की है।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाया स्थापना दिवस

**पाटन।** स्थानीय सुठा पंचायत में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का 138 वां स्थापना दिवस मनाया गया। अभय कुमार पांडे की अध्यक्षता में झंडात्तोलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पंचायत की मुखिया रवीना बीबी उपस्थित हुई। वक्ताओं ने संगठनात्मक मजबूती को लेकर विचार-विमर्श किया। इस दौरान कांग्रेस पंचायत अध्यक्ष शकुंतला देवी, शहजाद अली, मुस्लिम अंसारी को प्रखंड अध्यक्ष ने माला पहना कर सम्मानित किया गया। मौके पर अमेरिका चौधरी, इस्लाम अंसारी, अयोध्या सिंह, बीडीओ सिंह, राकेश दुबे, अनिल सिंह, अशोक पासवान मौजूद थे।

# पलामू उपायुक्त ने सौंपा 10 लाख का चेक


मृत हवलदार की पत्नी को चेक देते उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में ड्यूटी के दौरान मृत हवलदार अवधेश कुमार शर्मा (चाईबासा जिला बल) की आश्रित पत्नी उर्मिला देवी को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने गुरुवार को 10 लाख रुपए का चेक सौंपा। मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग झारखण्ड के स्तर से प्राप्त स्वीकृत्यादेश के आलोक में एकमुश्त अनुग्रह क्षतिपूर्ति अनुदान के रूप में उर्मिला देवी को दस लाख का चेक दिया गया। विदित हो कि लोकसभा चुनाव 2014 के दौरान चाईबासा जिला पुलिस बल के हवलदार अवधेश कुमार शर्मा की प्रतिनियुक्ति निर्वाचन कार्यों के सम्पादन हेतु पलामू जिला में की गयी थी। चुनाव कार्य में प्रतिनियुक्ति अवधि के दौरान अवधेश शर्मा की मृत्यु हो गयी थी।

**वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में ड्यूटी के दौरान चाईबासा में पदस्थ हवलदार अवधेश कुमार शर्मा की पलामू में मृत्यु हो गयी थी**

### डैम में डूबे व्यक्ति का शव न मिलने पर जताया दुख

**मेदीनीनगर।** नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने चैनपुर स्थित रानीताल डैम में डूबे धर्मेंद्र कमलापुरी का तीन दिन बाद भी शव न मिलने पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने कहा कि यदि गुरुवार को भी शव नहीं मिलता है तो प्रशासन को दूसरी दिशा में भी जांच करनी चाहिये। पूर्व महापौर ने स्वयं पीड़ित परिवार से मिलकर दुख जाहिर किया। कहा कि जब तक शरीर नहीं मिलता हम सबों को निराश नहीं होना चाहिये। भगवान पर भरोसा हरहाल में रखना चाहिये। उन्होंने धर्मेंद्र की धर्मपत्नी एवं माता-पिता से मिलकर धैर्य बनाए रखने को कहा। उन्होंने लोगों को नये वर्ष में पिकनिक के दौरान पूरी तरह सावधानी बरतने का आह्वान भी किया है।

शहर के देवी मंडप सूदना व चित्रगुप्त मंदिर पहुंचा अक्षत-कलश

# पूजित अक्षत-कलश यात्रा: रोम-रोम राममय

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** अयोध्या में नव निर्मित भव्य श्रीराम मंदिर में 22 जनवरी को आयोजित रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर पलामू का रोम-रोम राममय हो गया है। अयोध्या धाम से आये पूजित अक्षत-कलश के दर्शन-पूजन के लिये भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। बड़ों के साथ बच्चे भी भारी उत्साह के साथ पूजित अक्षत-कलश का दर्शन-पूजन कर रहे हैं। गुरुवार को पूजित अक्षत-कलश गायत्री मंदिर रोड देवी मंडप सूदना व चित्रगुप्त मंदिर में रखा गया। अक्षत-कलश को ले जाने के लिये श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा गया। विश्व हिंदू परिषद पलामू के जिला मंत्री दामोदर मिश्र ने बताया कि राम भक्तों के उल्लास व अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ शहर में चार पूजित अक्षत-कलश भ्रमण कर रहे हैं। तीसरा पूजित अक्षत-कलश गुरुवार को धोबी मोहल्ला स्थित मंदिर व चौथा कलश संध्या काल में समारोह पूर्वक श्रीविष्णु मंदिर में ले जाया जायेगा। मौके पर विहिप के सहमंत्री अमित तिवारी, जिला बजरंग दल संयोजक संदीप प्रसाद गुप्त, जिला बलोपासना प्रमुख विकास कश्यप, नगर सह संयोजक दिलीप गिरी, समाजसेवी संजय वर्मन, राकेश सिंह, प्रकाश विश्वकर्मा, धनंजय दुबे, चंद्रशेखर शर्मा आदि मौजूद रहे।

**अक्षत-कलश को ले जाने के लिये श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा गया**


पूजित अक्षत को ले जाते श्रद्धालु

पलामू कांग्रेस भवन में धूमधाम से मना कांग्रेस का 139वां स्थापना दिवस

# कांग्रेस के बिना अधूरा है देश का इतिहास: बिट्टू

**देश की आजादी के संघर्ष में कांग्रेस के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता : बिट्टू पाठक**

**कांग्रेस सदैव से मोहब्बत की राजनीति करती है और करती रहेगी**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 139वां स्थापना दिवस गुरुवार को शहर के कांग्रेस भवन में धूमधाम से मनाया गया। जिलाध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक की अध्यक्षता में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुये श्री पाठक ने कहा कि कांग्रेस के बिना भारत का इतिहास व विकास अधूरा है। देश की आजादी के संघर्ष में कांग्रेस के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि वर्तमान में देश में नफरत का राज कायम है, किंतु कांग्रेस सदैव से मोहब्बत की राजनीति करती है और करती रहेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस देश में फैलाये जा रहे नफरत के खिलाफ लगातार संघर्ष करती रहेगी। इस दौरान जिला अध्यक्ष ने वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया। इससे पूर्व समारोह का शुभारंभ झंडोत्तोलन से किया गया। तत्पश्चात जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में वरीय कांग्रेस नेता सोमेश्वर प्रसाद, दीनानाथ तिवारी, विजय कुमार चौबे, श्याम नारायण सिंह, रामाशीष पांडेय आदि ने आजादी के वीर सपूतों पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान पदाधिकारियों द्वारा सामूहिक रूप से हां तैयार हैं हम पोस्टर का विमोचन किया गया। मौके पर शंकर पांडेय, संतोष चौबे, तारकेश्वर पासवान, ईश्वरी प्रसाद सिंह, विनोद तिवारी, विश्राम दुबे, अहमद, सुधीर चौबे, हरिनाम साहू, जितेंद्र कमलापुरी आदि मौजूद थे।


अमर सपूतों को श्रद्धांजलि देते कांग्रेस नेता



दीप प्रज्वलित करते कांग्रेस जिला अध्यक्ष व अन्य

घर पहुंचकर शोक संतप्त परिजनों को बंधाया ढांढस

# मनिका विधायक ने सेवानिवृत्त अध्यापक को किया नमन


शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना देते विधायक

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पोलपोल पंचायत के चक बरेवा निवासी सेवानिवृत्त अध्यापक व लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ अधिवक्ता संतोष पांडेय के पिता छठु पांडेय के निधन पर मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया है। बरेवा पहुंचकर उन्होंने शोक संतृप्त परिजनों को ढांढस बंधाया है। विदित हो कि सोमवार की रात में हृदयगति रुक जाने से स्व. पांडेय का निधन हो गया। मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र अधिवक्ता संतोष ने दी है। इससे पूर्व डालटनगंज के विधायक आलोक चौरसिया, पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, प्रथम महापौर अरुणा शंकर, पूर्व सांसद ब्रजमोहन राम, अविनाश देव, एलएडीसी के चीफ अमिताभ चंद सिंह, अधिवक्ता पुष्कर राज, कांग्रेस नेता विनोद तिवारी, चतरा सांसद प्रतिनिधि सोनू सिकन्दर, पोलपोलमुखिया पति भरदुल सिंह आदि ने उनके निधन पर गहरा शोक जताया है।

# ऐतिहासिक पलामू किला में सेवानिवृत्त कर्मियों में अभिनंदन


सेवानिवृत्त कर्मियों का सम्मान

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सेवानिवृत्त पंचायत सचिव सह जिला चुनाव प्रशिक्षक मनु प्रसाद तिवारी एवं इस माह सेवानिवृत्त होने वाले डाली उच्च विद्यालय के शिक्षक सह जिला चुनाव प्रशिक्षक अजातशत्रु प्रसाद सिन्हा को उनकी शानदार सेवा के लिए शाल ओढ़ाकर व माला पहनाकर ऐतिहासिक पलामू किला में सम्मानित किया गया। उन्हें सम्मानित करने के लिए रजवाडीह मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी,पोखराहा कला उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमरेन्द्र पाठक व बढ़की नेभी प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक अशोक कुमार सिंह मौजूद थे। परशुराम तिवारी ने बताया कि दोनों सख्शियतों को सम्मानित करने की योजना गुप्त रखी गई थी। इन्हें एकाएक सम्मानित करने से माहौल रोमांचक व खुशनुमा बन गया। हम इन दोनों विभूतियों को प्राचीन स्थल पर सम्मानित कर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। वहीं मनु प्रसाद तिवारी व अजातशत्रु प्रसाद सिन्हा ने कहा कि आप सबने अनूठे व आश्चर्यजनक तरीके से सम्मानित कर आज के दिन को अविस्मरणीय बना दिया।

एक सप्ताह में 975 लीटर अवैध शराब व 9 क्विंटल जावा महुआ जब्त

# उत्पाद विभाग चला रहा छापेमारी अभियान

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिले के उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर आगामी नये वर्ष के मद्देनजर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री पर रोक लगाने के उद्देश्य से उत्पाद विभाग द्वारा विशेष छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान पिछले एक सप्ताह में उत्पाद विभाग द्वारा नौडीहा बाजार थानान्तर्गत- सलैया, विशुनपुर व चैनपुर थानान्तर्गत कल्याणपुर, सेमरटॉड, अकड़ाही, हरिहरगंज थानान्तर्गत लालगढ़ा गांव स्थित संगूरी पहाड़, शिकारपुर, कोडला कुलहिया गांव में और शहर थानान्तर्गत बारालोटा, हाउसिंग कॉलोनी, हॉस्पीटल चौक में छापेमारी की गयी। इस अभियान में अब तक 975 लीटर अवैध शराब एवं करीब 9 क्विंटल जावा महुआ बरामद किया गया है। यह छापेमारी अभियान उत्पाद विभाग में प्रतिनियुक्त गृहरक्षा बल व सशस्त्र बल के सहयोग एवं सहायक अवर निरीक्षक उत्पाद अनूप प्रकाश के नेतृत्व में चलाया जा रहा है। इस क्रम में जेएसबीसीएल द्वारा संचालित खुदरा उत्पाद दुकानों में विक्रेताओं द्वारा शराब में अपमिश्रण करने पर अभी तक दो विक्रेता व अभियुक्त पर फरार अभियोग दर्ज किया गया है। इसके साथ दो अवैध शराब कारोबारियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

**दो विक्रेता भेजे गये जेल, अवैध शराब के कारोबारियों में मचा हड़कंप**


जावा नष्ट करती उत्पाद विभाग की टीम

### जलाशयों के किनारे बरते सावधानी: शैलू

**मेदिनीनगर।** प्रखंड अंतर्गत रानीताल डैम में सोमवार को 45 वर्षीय धर्मेंद्र कमलापुरी नहाने के दौरान पानी में डूब गये थे। मछुआरे व स्थानीय गोताखोरों के बाद दो दिनों से शव तलाश रही एनडीआरएफ टीम भी गुरुवार शाम तक खाली हाथ रही। ऐसे में नये वर्ष में जलाशयों के तट पर पिकनिक की तैयारी कर रहे लोगों को जन प्रतिनिधियों ने सावधानी बरतने की सलाह दी है। पूर्व ज़िला परिषद सदस्य शैलेंद्र कुमार शैलू ने कहा कि पिकनिक स्पॉट पर जो भी जा रहे हैं। वह नदी-नाला से जरूर बचे। इस दौरान जोश में होश भी नहीं खोये। पूर्व प्रमुख विजय कुमार गुप्ता ने भी लोगों को पहाड़ी नदी-नालों में स्नान करने से बचने की सलाह दी है। गुरुवार को रानीताल डैम पर सीओ संजय बाखला, थाना प्रभारी रूपेश कुमार दुबे, एएसआई राजीव सिंह दल बल के साथ मुस्तैद रहे।

### आदर्श गांव कररकला खुर्द मे रोड नहीं बनने पर ग्रामीण खफा




**पाटन।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान सुठा पंचायत सचिवालय पहुंचे पलामू सांसद विष्णु दयाल राम को आदर्श गांव कररकला खुर्द के सैकड़ों ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की मांग को लेकर पंचायत भवन सचिवालय के समीप धरना प्रदर्शन कर आक्रोश जताया। इस दौरान रोड नहीं तो वोट नहीं के बैनर-पोस्टर लहराये गये। ग्रामीणों के इस आक्रोश को देखते हुए मौके पर पहुंचे बीडीओ अमित कुमार झा व किशुनपुर ओपी प्रभारी कुमार नीरज ने ग्रामीणों को समझा बुझा कर शांत करवाया। ग्रामीणों को कहना था कि मेनरोड से कररकला गांव को जोड़ने वाली छह किलोमीटर रोड की हालत अत्यंत जर्जर है। स्थिति यह है कि इसपर पैदल चलना भी दूभर हो रहा है। कार्यक्रम के उपरांत सांसद वीडी राम तथा विधायक पुष्पा देवी ने ग्रामीणों से मिलकर जल्द निर्माण का आश्वासन दिया। इस संबंध में सांसद ने कहा कि तकनीकी कारणों से रोड निर्माण लंबित है।

### सिगसिगी पंचायत के देवी धाम में पहुंचा पूजित अक्षत

**ऊंटारी रोड।** अयोध्या धाम से आये पूजित कलश-अक्षत गुरुवार को विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत सिगसिगी पंचायत के देवी धाम पहुंचा। भाजयुमो ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अनुज कुमार चौधरी ने बताया कि 22 जनवरी को अयोध्या में नव निर्मित श्रीराम मंदिर में रामलला प्राण प्रतिष्ठा को लेकर नागरिकों में काफी उत्साह है। वहां से आए पूजित अक्षत सभी मंदिरों में श्रद्धालुओं के पूजन-दर्शन के लिए रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि अक्षत-कलश सिगसिगी देवी धाम मंदिर में रखा गया है। 30 दिसम्बर सुबह दस बजे से देवी धाम से कलश यात्रा निकालकर सिगसिगी पंचायत के अन्य मंदिरों में ले जाया जायेगा। उन्होंने सनातनी धर्मावलंबियों से अधिकाधिक संख्या में कलश यात्रा में शामिल होने का आह्वान किया है।

दिशा की बैठक में विकास योजनाओं की गहन समीक्षा, योजनाओं में तेजी लाने के निर्देश

# योजनाओं के कार्यान्वयन में समयबद्धता का करें पालन :सांसद



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति(दिशा)की बैठक गुरुवार को समाहरणालय के सभागार में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान जिले में आम लोगों के लिए चलाये जा रहे विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की गयी। सांसद श्री राम ने कतिपय योजनाओं के कार्यान्वयन में समयबद्धता के पालन पर बल दिया। वहीं संबंधित अधिकारियों को योजनाओं के कार्यान्वयन में तत्परता बरतने के निर्देश दिये। दिशा की पिछली बैठक में लिए गये निर्णयों एवं अनुपालन के विषय पर भी चर्चा की गयी। इस दौरान सांसद ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता को योजनाओं के कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता को पाटन के किशुनपुर में अवस्थित जलापूर्ति योजना में टूटी-फूटी पाइप को अविलंब बदलने का निर्देश दिया। बैठक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना,प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना,सामाजिक सुरक्षा पेंशन,प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना,स्वच्छ भारत मिशन,राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम,प्रधानमंत्री कृषि सिचाई योजना,राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,सर्व शिक्षा अभियान,समेकित बाल विकास योजना, प्रधानमंत्री उज्वला योजना,प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम का क्रियान्वयन,प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना,प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि आदि योजनाओं की समीक्षा की गयी। डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया ने अपने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सलतुआ से करसो भाया मतौली पथ में अवस्थित गड्ढे को भरने का मामला उठाया। इसी तरह लेस्लीगंज के मुख्य बाजार में मध्य विद्यालय के मुख्य गेट के समीप अतिक्रमण को एक सप्ताह के भीतर हटाने का निर्देश सदर एसडीओ को दिया गया। बैठक में सांसद ने बिजली विभाग को उपभोक्ताओं के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने की बात कही। बिना वजह या बगैर कोई ठोस कारण के प्राथमिकी दर्ज कराने से बचने की बात कही। विधायक श्री चौरसिया ने बिजली विभाग से जुड़े कई मामले उठाये। इसी कड़ी में पांकी प्रमुख ने पांकी में 108 एम्बुलेंस वाहन द्वारा कार्य नहीं करने का मामला उठाया। इसपर डीसी ने सीएस को प्रत्येक ब्लॉक में 108 एम्बुलेंस की सेवा बहाली सुनिश्चित रखने का निर्देश दिया। बैठक में नल-जल योजना में विभिन्न तरह की गड़बड़ियों को दुरुस्त करने पर बल दिया गया। इसके अलावे पीवीटीजी परिवारों की ओर से राशन वितरण में किसी तरह का कोई शिकायत ना आये इसे लेकर सांसद ने डीएसओ को निर्देशित किया। उपायुक्त शशि रंजन ने सभी

आज रवाना होगी पलामू की टीम, 11 देश ले रहे हिस्सा

# चैंपियनशिप में पलामू के चार बाल कराटेकार करेंगे सहभाग


प्रशिक्षक के साथ कराटेकार

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** 30 दिसम्बर से आगरा में आयोजित दो दिवसीय ऑल इंडिया इडो कंटिनेंटल इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में पलामू के चार बाल कराटेकार हिस्सा लेंगे। चैंपियनशिप में भाग लेने के लिये संत मरियम स्कूल की कराटेकार आकांक्षा कुमारी, रितुराज व रौनक कुमार एवं पलामू मिक्सड मार्शल आर्ट्स टाइगर्स एकेडमी के शिधेश कुमार 29 दिसम्बर को मुख्य मार्शल-आर्ट्स प्रशिक्षक शिहान संतोष कुमार के नेतृत्व में आगरा जायेंगे। यह चैंपियनशिप जापान कराटे डु शोतो-रियु इंटरनेशनल ऑफ इंडिया के तत्वावधान में चाणक्य होटल के स्पोर्ट्स हॉल में आयोजित किया जा रहा है। इस चैंपियनशिप में भारत के अलावा नेपाल, बांग्लादेश, भूटान, मलेशिया, श्रीलंका, इंडोनेशिया, म्यांमार, थाईलैंड, सिंगापुर, अफगानिस्तान इत्यादि देश के कराटेकार हिस्सा लेंगे। टीम कर मैनेजर सेन्साई गुनगुन प्रिया को नियुक्त किया गया है। झारखण्ड माटी कला बोर्ड के सदस्य सह झारखण्ड स्टेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष अविनाश देव ने कराटेकारों को बधाई देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

तैयारी

## जिला स्तरीय मास्टर प्रशिक्षक 29 एवं 30 दिसंबर को देंगे प्रशिक्षण

# विधानसभा स्तरीय मास्टर प्रशिक्षक होंगे प्रशिक्षित

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देश पर जिला स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों को राज्य स्तर पर प्रशिक्षण दिया जा चुका है**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देश पर आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त विभिन्न स्तर पर सभी आवश्यक प्रशिक्षण देने हेतु जिला स्तर से प्रशिक्षण कैलेंडर तैयार कर लिया गया है। उक्त कार्यक्रम के तहत भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के द्वारा निर्धारित चार विषयों पर विधानसभा स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों को 29 दिसंबर एवं 30 दिसंबर 2023 को मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग झारखंड रांची के स्तर से जिला स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। विधानसभा स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों को 29 दिसंबर को मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट, एक्सपेंडिचर मोनिटरिंग, मीडिया कंप्लेंट, एमसीएमसी पेड न्यूज, ईवीएम एन्ड वीवीपैट, इलेक्शन मैटेरियल, पोस्टल बैलेट, ईटीपीबीएस, काउंटिंग और डिक्लेरेशन ऑफ रिजल्ट विषय पर जिला स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। वहीं 30 दिसम्बर को डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन मैनेजमेंट प्लान, वूलनेरेबिलिटी मैपिंग, पोलिंग पार्टी एन्ड पोल डे अरेंजमेंट, पोलिंग स्टेशन, इलेक्ट्रोल रोल ईआरओ-नेट, स्वीप,आईटी एप्लीकेशन विषय पर विधानसभा स्तरीय प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। विदित हो कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देश पर जिला स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों को राज्य स्तर पर प्रशिक्षण दिया जा चुका है। प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके जिला स्तरीय मास्टर प्रशिक्षक 29 एवं 30 दिसंबर को विधानसभा स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण देंगे। प्रशिक्षण प्राप्त कर विधानसभा स्तरीय मास्टर प्रशिक्षक पदाधिकारी और कर्मियों को चुनाव से संबंधित विषयों के बारे में प्रशिक्षण देंगे।



## एक नजर

### चुनाव को लेकर सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को मिला प्रशिक्षण

**लोहरदगा।** लोकसभा निर्वाचन की तैयारी से संबंधित प्रखण्ड स्तरीय मास्टर ट्रेनर और पुलिस पदाधिकारियों को गुरूवार को प्रथम पाली में थीम-2 अंतर्गत जिला चुनाव प्रबंधन योजना, भेद्यता (वल्नरेबिलिटी) मानचित्रण मतदान दल और मतदान दिवस प्रबंधन, मतदान केंद्र से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) परमेश्वर प्रसाद, उप निर्वाचन पदाधिकारी नारायण राम समेत अन्य मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण दिया गया जिसमें जिला चुनाव प्रबंधन योजना की जानकारी दी गई। साथ ही मतदान केंद्रों के वल्नरेबिलिटी मैपिंग करने के तरीके, मैपिंग की प्रक्रिया के विभिन्न चरणों के बारे बताया गया। प्रशिक्षण में सेक्टर पदाधिकारी/सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को एक्शन प्लान तैयार करने, चुनाव से पूर्व के दायित्व, मतदान की तिथि व मतदान के उपरांत के दायित्व, विधिक कार्रवाई, क्रिटिकल व नन-क्रिटिकल मतदान केंद्रों के निर्धारण, निर्धारित समयावधि में सेक्टर पदाधिकारियों व सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों के कार्य आदि का प्रशिक्षण दिया गया।

### लोकसभा चुनाव को लेकर पदाधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**गुमला।** आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 की तैयारियों के निमित गुरुवार को विकास भवन के सभागार कक्ष में 67-सिसई विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के सभी सेक्टर पदाधिकारियों एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को प्रशिक्षण संपन्न कराया गया। उक्त प्रशिक्षण में प्रशिक्षक द्वारा विस्तृत रूप से मतदान केन्द्रों से संबंधित जानकारी एवं अपने कार्य तथा दायित्यों के वारे में बताया गया। प्रशिक्षण के क्रम में उप विकास आयुक्त द्वारा सभी उपस्थित पदाधिकारियों को निदेशित किया गया कि सभी पदाधिकारी प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने कर्तव्यों को पुरी दृढ़ता से ससमय निष्पादन करें।

### लोकसभा चुनाव को लेकर मास्टर ट्रेनरों को दिया गया प्रशिक्षण

**लोहरदगा।** लोकसभा निर्वाचन की तैयारी से संबंधित प्रखंड स्तरीय मास्टर ट्रेनरों को द्वितीय पाली में थीम-3 अंतर्गत आदर्श आचार संहिता, व्यय निगरानी, मीडिया शिकायत, एमसीएमसी समिति, आदि बिंदुओं पर मास्टर ट्रेनर के रूप में एलआरडीसी सुजाता कुजूर और जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी पलटू महतो द्वारा समाहरणालय सभागार में संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। एलआरडीसी द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को आदर्श आचार संहिता की समयावधि, आदर्श आचार संहिता के अंतर्गत होनेवाले उल्लंघन, उल्लंघन की स्थिति की जानेवाली कार्रवाई, आदर्श आचार संहिता की वैधानिक मान्यता, विभिन्न धाराओं के अंतर्गत की जानेवाली कार्रवाई, सत्ताधारी दल हेतु दिशा-निर्देश, प्रचार हेतु अनुमति, विज्ञापनों का प्रकाशन, सार्वजनिक संपत्ति का उपयोग, वाहनों की अनुमति, झंडों की उंचाई, अस्थायी प्रचार कार्यालय निर्माण, चुनाव की अधिसूचना उपरांत राजनीतिक पार्टियों की जानकारी दी गई।

# शिक्षकों की औपबंधिक वरीयता सूची पर चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**



उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की बैठक हुई। बैठक में जेएसएससी से नियुक्त एक भुगोल विषय की शिक्षिका का जिला में पोस्टिंग का अनुमोदन किया गया। कुल 605 शिक्षकों के औपबंधिक वरीयता सूची पर चर्चा की गई व आवश्यक निर्णय लिए गए। अंतरजिला और अंतः जिला के लिए विभिन्न शिक्षकों की सूची को अनुमोदित किया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, जिला कल्याण पदाधिकारी नारायण राम, जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह-जिला शिक्षा अधीक्षक अपरूपा पॉल चौधरी और श्रम अधीक्षक दिनेश भगत उपस्थित थे।

# पूजित अक्षत-कलश के वितरण को लेकर निकली शोभायात्रा

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**

अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा व पूजन से पूर्व अयोध्या से आये पूजित अक्षत कलश वितरण को लेकर गुरुवार को भंडरा के भिठा, चट्टी और पंडरिया गांव में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इसमें काफी संख्या में लोग गाजेबाजे के साथ शामिल हुए। अक्षत कलश के चट्टी पहुंचने पर लोगों ने पुष्प वर्षा के साथ अक्षत कलश का जोरदार स्वागत किया। इसके बाद जय श्रीराम जयघोष के साथ इन कलशों को पूरे गांव में भ्रमण कराया गया। कुम्हारिया के बाद अक्षत कलश भीठा और पंडरिया गांव पंहुचा। जहां सनातनी हिन्दू धर्मालम्बियों ने अक्षत कलश का जोरदार स्वागत किया। विश्व हिन्दू परिषद, आरएसएस व बजरंग दल के आनंद दुबे,



राजेंद्र साहू आदि कार्यकताओं ने कहा कि प्रखंड के हर दरवाजे तक अयोध्या से आए इस अक्षत को पहुंचाया जाएगा। साथ ही घर घर अक्षत को देकर महाउत्सव में भाग लेने के लिये न्योता दिया जाएगा। चट्टी के शोभा यात्रा के दौरान केदार प्रसाद, रामजी गुप्ता, धनंजय तिवारी, सुदामा गिरी, विकास गिरी, प्रभात तिवारी, मिलेश तिवारी, रितेश, नयन, पवन दिवाकर तिवारी आदि उपस्थित थे।

# चुनाव कन्वीनर बने अनवर अंसारी

## अंजुमन इस्लामिया मजलिस ए अम्मा की विशेष बैठक का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

मजलिस ए अम्मा की एक विशेष बैठक गुरुवार को अंजुमन इस्लामिया के सदर हाजी मो. अफसर कुरैशी की अध्यक्षता एवं मजलिस ए अम्मा के नाजिम ए आला हाजी अब्दुल जब्बार अंसारी के संचालन में इंदिरा गांधी अन्जुमन हॉस्पिटल में हुई।

इसमें मुख्य एजेंडों में मजलिस ए आमला के सदर व सेक्रेट्री का चुनाव के लिए कन्वेनर एवं ऑडिटर का इन्तेखाब तथा चंद जरूरी बातें शामिल थे। बैठक का आगाज हाजी व कारी शाहिद साहब के जरिए तिलावत ए कुरआन से की गई। सर्व सहमति से चुनाव कन्वीनर के रूप में अनवर अंसारी एवं नायब कन्वेनर अफरोज कुरैशी एवं ऑडिटर के रूप में सलीम अंसारी बड़े, नायब ऑडिटर औरंगजेब अहमद को बनाया गया। कन्वीनर अनवर अंसारी व अफरोज कुरैशी को यह अख्तियार दिया गया कि वे चुनाव कमेटी का गठन कर चुनाव की सारी तैयारियां पूरी करेंगे और



जल्द से जल्द चुनाव संपन्न कराएंगे। उसी तरह ऑडिटर सलीम अंसारी एवं नायब ऑडिटर औरंगजेब अहमद को यह अख्तियार दिया गया कि ऑडिट कमिटी बनाकर ऑडिटिंग का कार्य प्रारंभ कर दिया जाए। बैठक में सदर हाजी अफसर कुरैशी व सचिव सफदर आलम के जरिए अंजुमन में आमद व खर्च का हिसाब किताब बताया गया। बैठक में सेक्रेटरी सफदर आलम, पूर्व नाजिम ए आला हाजी लुकमान अहमद, नायब सदर नेहाल कुरैशी, सह सचिव मुजम्मिल अंसारी, हाजी अय्यूब खलीफा, पूर्व सचिव फिरोज अंसारी राही, पूर्व सदर हाजी शकील अहमद, पूर्व सदर सउद आलम, पूर्व सचिव रऊफ अंसारी, पूर्व सदर सैयद खालिद शाह, पूर्व सचिव शाहिद अहमद बेलू, पूर्व सचिव इकबाल अंसारी, हाजी तौहिद अहमद, शहनवाज खान मोंटी, मोहेमिन बबन, प्रो. कुदुश कुरैशी, हाजी इमरान अहमद, पूर्व सदर कमरूल जमा कुरैशी, नेसार अहमद, हाजी शमशेर कुरैशी, हाजी मन्नान खान, मोजम्मिल अहमद, फारूक कुरैशी, कैश आलम, सरफुल अंसारी, खलील खान, हाजी नईम खान, इम्तियाज अंसारी, मोहिबुल्लाह अंसारी, हाजी अलीम कुरैशी, हाजी साहेब कुरैशी, औरंगजेब, सलीम अंसारी, सरवर खान, रौनक इकबाल सहित करीब सौ की संख्या में मेम्बरान शामिल थे।

### पंडरा व उडुमुडू में हुआ विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन

**लोहरदगा।** हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन कुडू प्रखंड के पंडरा एवं उडुमुडू पंचायत में आयोजित किया गया। कार्यक्रम स्थल पर केंद्र सरकार की योजनाओं से लाभान्वित लाभुकों के वीडियो को भी एलईडी वैन के माध्यम से दिखलाया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत), पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, जन धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रनाम, नैनो फर्टिलाइजर, सर्वे ऑफ विपेज एण्ड मैपिंग विद इंप्रोवाइज्ड टेक्नोलॉजी इन विलेज एरिया आदि योजनाओं की जानकारी दिखायी गई। नववर्ष का कैलेंडर व केंद्र की योजनाओं से संबंधित बुकलेट का वितरण किया गया। मौके पर कर्मी, जनप्रतिनिधि व ग्रामीण आदि उपस्थित थे।

# दो सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत, कई घायल

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। पहली दुर्घटना में जिला मुख्यालय स्थित करमटोली ग्राम के समक्ष बाइक सवार ने पैदल घर लौट रहे युवक को टक्कर मार दी। इस घटना में दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है कि करमटोली ग्राम स्थित फूलवार टोली निवासी मनोज मिंज बुधवार की संध्या लगभग 730 बजे बकरी चराकर घर जा रहा था। इसी क्रम में एक अनियंत्रित तेज रफ्तार बाइक ने उसे टक्कर मार दी। मनोज मिंज की मृत्यु घटना स्थल पर ही हो गई। यह देख बाइक चालक रायडीह थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर निवासी विपिन टोप्पो की बाइक भागने के चक्कर में अनियंत्रित होकर एक नाली में जा गिरा इससे उसकी मौत भी घटनास्थल पर ही हो गई। वहीं चेटर ग्राम निवासी सनातन खालको गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका इलाज गुमला सदर अस्पताल में चल रहा है। वहीं घाघरा रोड में

### बड़काडीह के समीप ऑटो पलटने से एक व्यक्ति की मौत, दर्जन भर घायल

बड़काडीह के समीप ऑटो पलटने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दर्जन भर लोगों के घायल होने की सूचना है। गंभीर रूप से घायल चार लोगों को पुलिस ने इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा, जबकि अन्य घायलों का उप स्वास्थ्य केंद्र घाघरा में इलाज चल रहा है। सदर अस्पताल में चिकित्सक ने एक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायलों में 12 वर्षीय प्रियंका कुमारी, 65 वर्षीय तीजा लोहरा, और 60 वर्षीय रूदईन देवी का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। एक ऑटो में एक दर्जन से अधिक लोग सवार होकर घाघरा बाजार से टोटांबी की ओर आ रहे थे। तभी बड़काडीह के समीप सामने से आ रहे ऑटो से बचने और एक बाइक चालक को बचाने के दौरान ऑटो सड़क किनारे पलट गया। इससे चीख और अफरा तफरी मच गई। पुलिस ने गंभीर रूप से घायलों को सदर अस्पताल भेज दिया।

# अंचलाधिकारी की बड़ी कार्रवाई दो ट्रैक्टर व दो हाईवा किए जब्त

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

अवैध बालू, पत्थर खनन परिवहन करते हुए दो ट्रैक्टर और दो हाइवा ट्रक को थाना क्षेत्र के अलग-अलग पथ से अंचलाधिकारी के नेतृत्व में जब्त कर थाना लाया गया। सेन्हा थाना क्षेत्र में अवैध बालू व पत्थर खनन एवं परिवहन मामला में अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में सघन छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। छापेमारी के दौरान सेन्हा थाना पुलिस पदाधिकारी पुआनि गणेश कुमार यादव, पंकज यादव द्वारा शस्त्र बल के साथ शामिल थे। अवैध बालू तथा पत्थर खनन कर परिवहन करते हुए दो हाईवा कंडरा क्षेत्र से जब्त किये गये, जबकि जोगना मोड़ से एक ट्रैक्टर जब्त किया गया। दूसरे बिना नंबर के टैक्टर को संदिग्ध बताया जा रहा है। तीसरे बालू लदे ट्रैक्टर को जोगना बालू घाट से जब्त कर थाना लाया गया। अंचलाधिकारी द्वारा अग्रतर कारवाई की जा रही है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि अंचलाधिकारी के नेतृत्व में सघन छापेमारी अभियान चलाया गया।





### कुडू में बालू खनन के विरुद्ध चलाया अभियान

**लोहरदगा।** कुडू थाना क्षेत्र के विभिन्न बालू घाट से बालू के अवैध निकासी और परिवहन की सूचना पर सीओ प्रवीण कु सिंह ने छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान बालू घाट में अवैध बालु निकासी कर रहे आधा दर्जन ट्रैक्टर चालक बालू घाट पर ट्रैक्टर का ट्रॉली छोड़ फरार हो गए। सीओ ने बताया गुप्त सूचना मिली थी की धड़ल्ले से बालू घाटों से रोजाना बालू निकासी और परिवहन हो रहा है। सूचना पर छापामारी की गई। इस दौरान दर्जनों ट्रैक्टर फरार हो गया और आधा दर्जन ट्रॉली छोड़ ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर का इंजन लेकर भाग गए। सीओ ने कुडू पुलिस को सूचना दी है। कुडू पुलिस ट्रैक्टर की ट्रॉली को बालू घाट से निकाल कर जप्त करने की तैयारी में जुटी है।



# आपूर्ति पदाधिकारी को डीलर संघ ने सौंपा ज्ञापन

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर (गुमला)**



चैनपुर प्रखंड के डीलर संघ ने आगामी 1 जनवरी से पुरे राज्य में अनिश्चितकालीन हड़ताल को लेकर चैनपुर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी डा. शिशिर कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा है। दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि पुरे देश में पांच लाख अढ़तीस हजार डीलर लगभग 81 करोड़ लाभुकों के बीच राशन के साथ साथ अन्य सामग्री वितरण करते आ रहे हैं परंतु डीलरों को उचित मेहनताना नहीं मिल रहा है।

कहा कि हमारी सरकार से कुछ मांगें हैं जिनमें सभी दुकानदारों को तीस हजार रुपये मानदेय दिया जाए या कम से कम तीन रुपये प्रति किलो कमीशन दिया जाए, दुकानदारों को पूर्व की भांति अनुकम्पा का लाभ दिया जाए, खाद्यान्न पर प्रति क्विंटल एक किलोग्राम हैंडलीग लौह दिया जाए, सरकार द्वारा दी जानेवाली ई पोस मशीन को 4जी नेटवर्क से जोड़ा जाए और पूर्व में मिली मशीन को वापस लिया जाए क्योंकि वह घटिया किस्म की मशीन है जो बार बार खराब होती रहती है तथा डीलरों का प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के बकाये कमीशन का जल्द भुगतान किया जाए। इधर चैनपुर डीलर संघ के अध्यक्ष मनोज साहू ने कहा कि डीलर संघ द्वारा 1 जनवरी से चैनपुर प्रखंड के सभी जन वितरण प्रणाली की दुकानें अनिश्चितकाल के लिए बंद रहेंगी। मांगें पूरी हो जाने पर पुनः सभी डीलर पूर्व की भांति राशन का वितरण करेंगे। मौके पर मुख्य रूप से चैनपुर प्रखंड सचिव महेंद्र यादव, रुपेश गुप्ता, फबियानुस कुजूर, दिनेश प्रसाद मौजूद थे।

### 'हेलमेट पहन कर वाहन चलायें व सुरक्षित रहें'

**सेन्हा।** यातायात पुलिस प्रशासन द्वारा थाना के समीप जोगना मोड़ में सड़क दुर्घटना में वृद्धि होने व अपराध रोकने के उद्देश्य से सघन वाहन जांच अभियान यातायात प्रभारी पुअनि संतोष कुमार द्वारा शस्त्र बल के सहयोग से चलाया गया। इस दौरान दो पहिया, चार पहिया वाहन सहित सभी वाहनों की जांच की गई। बाइक चालकों को रोक कर हेलमेट और वाहन संबंधित कागजातों की जांच की गई। साथ ही वैसे मोटरसाइकिल चालक जो बिना हेलमेट पहने वाहन चला रहे थे उन लोगों को हेलमेट पहनकर मोटरसाइकिल चलाने के लिए जागरूक करते हुए कहा गया कि हेलमेट पहन कर वाहन चलायें और सुरक्षित रहें। चार पहिया वाहनों का कागज साथ में लेकर चलने के लिये कड़ी चेतावनी दी गई। यातायात प्रभारी ने कहा कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**यौंत्रिक प्रमण्डल, मंडल, लातेहार, शिविर-मेदिनीनगर**

**शुद्धि-पत्र**

PR.No.-314368

इस कार्यालय के द्वारा यौंत्रिक कार्य हेतु आमंत्रित ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या WRD/MDMANDAL/07/2023-24 Dated 26-12-2023 द्वारा निविदा खोलने की तिथि एवं समय 09.01.2024 (10:30 बजे पूर्वाह्न) के स्थान पर दिनांक 10.01.2024 (10:30 बजे पूर्वाह्न) पढ़ा जाय।

शेष सूचनाएँ यथावत् रहेगा।

कार्यपालक अभियंता
यौंत्रिक प्रमण्डल, मंडल, लातेहार,
शिविर-मेदिनीनगर

PR 314597 District(23-24)#D


## आयोजन: झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की हुई बैठक

# 'झारखंड को लूटखंड नहीं बनने देंगे'

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा लोहरदगा जिला की उलगुलान बैठक ब्लॉक परिसर में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रामनंदन साहू एवं महासचिव भीखराम उरांव ने संचालन किया। बैठक में जेल जाने की बाध्यता समाप्त कर सभी आंदोलनकारियों को सम्मान रूप से राजकीय मान सम्मान, अलग पहचान, जीते जी चिन्हित करने, नियोजन में 100 प्रतिशत अधिकार एवं सम्मान राशि 50- 50 हजार रुपये प्रति माह देने में विलंब किए जाने को लेकर चिंता व्यक्त की गई। 3 जनवरी 2023 को झारखंड आंदोलनकारी दिवस राजकीय सम्मान के साथ मनाने की मांग सरकार से की। 7 जनवरी 2023 को रांची में विशेष उलगुलान बैठक होगी। बैठक में सर्वसम्मति से शाहिद अहमद को जिला प्रवक्ता चुना गया।

बैठक के मुख्य अतिथि झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के



संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि झारखंड को लूटा जाए और बर्बाद किया जाए इसको बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। झारखंड को लूट खंड नहीं बनने देंगे। इस राज्य को दुनिया का बेहतर राज्य बनाने का दायित्व झारखंड आंदोलनकारियों का है। केंद्र की सरकार हो एवं राज्य की सरकार झारखंड के खनिज संपदा, वन संपदा, मानव संसाधन, झारखंडियों के एवं आंदोलनकारियों के अधिकारों, झारखंड की लोकतांत्रिक अधिकारों एवं साझी सांस्कृतिक विरासतों को संरक्षण देने में सफल हैं। समता जजमेंट के तहत 26 परसेंट रॉयल्टी का अधिकार झारखंडियों को देने की दिशा में केंद्र एवं राज्य सरकार के द्वारा कोई पहल कदमी नहीं की जा रही है यह सबसे बडी विडंबना है। सायोजक इजहार राही ने कहा कि हम अपने अलग राज्य के मूल्यों व माय माटी की अस्मिता की रक्षा सरकार करें। आंदोलनकारियों के अधिकार समय रहते देने का काम करें। महामंत्री कलिंदर उरांव ने कहा कि झारखंड संघर्ष के बल पर हुआ और संघर्ष के बल पर ही राजकीय मान सम्मान अलग पहचान नियोजन एवं सम्मान राशि मिलेगा। प्रदेश सचिव दिलीप पटनायक ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी अपने अधिकारों के लिए एक और आन्दोलन के लिए तैयार रहें। हम अपनी पहचान के लिए लड़े थे और अब आगे भी लड़ने के लिए तैयार रहें। झारखंड आंदोलनकारी अमानत अंसारी ने कहा कि आंदोलनकारियों ने आर्थिक नाकेबंदी कर अपनी ताकत का प्रर्दशन करा चुके हैं। आगे भी झारखंड आंदोलनकारियों का उलगुलान रहा रहेगा। झारखंड आंदोलनकारियों में प्रमुख रूप से ताहीर अंसारी, भीखराम उरांव, फुलदेव भगत, शाहिद अहमद, अमानत अंसारी, इसरार अहमद, अनिल पांडेय, अनन्त राम, बुद्धेश्वर उरांव, सुरेंद्र उरांव, दशरथ उरांव, राजेश कुमार भगत, प्रदीप उरांव, नियाजी अंसारी, समुएल अंसारी, पती टाना भगत, करमा उरांव, राती पाहन, हरी उरांव, फूलो देवी, फगन देवी, तुलसी साहू आदि शामिल रहे।


**कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार**

**ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0 निविदा संख्या–WRD/MID/ Latehar F2 - 18/2023-24

पत्रांक–762 लातेहार/दिनांक– 27.12.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | ठोकरिया बाधार नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण कार्य, प्रखंड–,सरयु जिला–लातेहार |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 51.577 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 03.01.2024 12.30 बजे अपराह्न से। |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 24.01.2024 3.00 बजे अपराह्न तक |
| 6 | Online बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि, एवं समय | 24.01.2024 3.00 बजे अपराह्न तक e-procurement portal (jharkhand tenders.gov.in) |
| 7 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 25.01.2024 4.00 बजे अपराह्न |
| 8 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। 06565–248380 |
| | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651– 2214784 |

नोट:– (1)केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी
(2) प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
PR 314540 Water Resource(23-24)#D लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार



**कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।**

**ई0 निविदा आमंत्रण सूचना।**

ई0 निविदा संख्या–WRD/MID/ Latehar F2 - 17/2023-24

पत्रांक–761 लातेहार/दिनांक– 27.12.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | तेदुआटाड़ नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण प्रखंड–,सरयु जिला–लातेहार |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 68.004 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 03.01.2024 12.30 बजे अपराह्न से। |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 24.01.2024 3.00 बजे अपराह्न तक |
| 6 | Online बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि, एवं समय | 24.01.2024 3.00 बजे अपराह्न तक e-procurement portal (jharkhand tenders.gov.in) |
| 7 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 25.01.2024 4.00 बजे अपराह्न |
| 8 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। 06565–248380 |
| | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651– 2214784 |

नोट:– (1)केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी
(2) प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।
PR 314539 (Water Resource) 23-24 (D)

## 29 दिसंबर, हेमंत सरकार के पांचवें वर्ष में प्रवेश पर विशेष

# हेमंत सोरेन ने एक सक्रिय मुख्यमंत्री रूप में अपनी पहचान स्थापित की

**विजय केसरी**

हेमंत सोरेन सरकार ने अपना चार साल का कार्यकाल पूरा कर लिया। झारखंड की जनता ने बहुत ही आशा, विश्वास और उम्मीद के साथ यूपीए के हाथों प्रांत की जवाबदेही सौंपी थी। इस जवाबदेही पर हेमंत सोरेन की सरकार कितना सफल रही है ? इस सवाल का उत्तर झारखंड प्रांत के चौबीसों जिलों की विधि व्यवस्था, सड़क, पानी, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा के हालात में निहित है। वहीं दूसरी ओर हेमंत सोरेन एक मजबूत और क्रियाशील मुख्यमंत्री के रूप में अपनी पहचान बनाने में सफल रहे हैं। वे संचिकाओं को लटकाते नहीं है बल्कि त्वरित निर्णय लेते हैं। राज्य की विधि व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए पुलिस के बड़े अधिकारियों को भी फटकार लगाने से नहीं हिचकते हैं।आकलन यह बताता है कि झारखंड की बुनियादी सुविधाओं में वृद्धि जरूर हुई है, लेकिन यह वृद्धि संतोषजनक नहीं है। आज झारखंड के बहुत सारे गांव ऐसे हैं, जहां बिजली अब तक पहुंच नहीं पाई है। जिन गांवों में बिजली पहुंची है वहां की भी आपूर्ति की स्थिति बहुत बेहतर नहीं है। सड़कों का विस्तार झारखंड में जरूर हुआ है, लेकिन सुदूर गांव वासी अभी भी कच्ची सड़कों से आने को विवश हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का विस्तार जरूर हुआ है, लेकिन पर्याप्त सुविधाओं के अभाव में अभी भी लोग निजी अस्पतालों में जाने को विवश हैं। कहने को सरकारी एंबुलेंस बहुत हैं, लेकिन आज भी परिवार के कंधों, साइकिलों और ठेलों पर लाशें ढोई जा रही हैं। इन उठते सवालों पर राज्य की सरकार को ध्यान देने की जरूरत है। अब सरकार के पास मात्र एक वर्ष का समय शेष बचा हुआ है। कुछ कर



गुजरने के लिए एक वर्ष का समय भी कम नहीं होता है। यूपीए सरकार को उठते इन सवालों पर समाधान की दिशा में तीव्र गति से आगे बढ़ने की जरूरत है।

2019 में जब देशभर में मोदी की लहर थी। तब झारखंड की जनता ने यूपीए के हाथों में सत्ता सौंपी थी। झारखंड की जनता चाहती कि केंद्र में मोदी की सरकार है और झारखंड में भी एनडीए की सरकार बने, लेकिन झारखंड की जनता ने ऐसा नहीं किया बल्कि पर्याप्त बहुमत देखकर यूपीए पर विश्वास जताया। जब 29 दिसंबर, 2019 को हेमंत सोरेन की सरकार ने शपथ ली थी। तब विपक्ष ने यह चुटकी लेते हुए कहा था कि 'यह सरकार ज्यादा दिनों तक चल नहीं पाएगी।' कुछ राजनीतिक विश्लेषकों ने भी यह शंका जाहिर की थी। लेकिन हेमंत सोरन की सरकार ने अपना चार साल का कार्यकाल पूरा किया । अब आज पांचवें वर्ष में प्रवेश भी कर गई है। हेमंत सोरेन का अपने मंत्रिमंडलीय सहयोगियों के साथ बहुत ही बेहतर तालमेल दिख रहा है। बीच में कुछ विषयों को लेकर मंत्रियों के बयानों के आधार पर विवाद जरूर हुआ था, लेकिन हेमंत सोरेन ने इस आपसी विवाद को बहुत ही सूझबूझ के साथ हल कर दिया गया था। हेमंत सोरेन सदैव गतिशील रहने वाले नेता के रुप में अपनी पहचान बनाने में सफल रहे हैं। झारखंड को एक बेहतर राज्य बनाने के प्रति उनकी तत्परता देखी जा सकती है।

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से प्रांत के बेरोजगारों को नियुक्ति पत्र सहित विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन बहुत ही जोरदार तरीके से करते चले जा रहे हैं। अब तक इस योजना से हजारों बेरोजगारों को नियुक्ति पत्र प्राप्त हो चुके हैं। झारखंड में पढ़े-लिखे बेरोजगारों की संख्या में जो इजाफा हुआ है, उसकी तुलना में ये नियुक्तियां बहुत कम है। इस आपकी योजना, आपकी सरकार और आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से झारखंड सरकार सीधे प्रांत के विभिन्न गांवों, अंचलों और जिला मुख्यालयों में सीधे तौर पर जनता से जुड़ रही है। जनता की मूलभूत समस्याओं से अवगत हो रही है। यह बड़ी बात है। अमूमन देखा यह जाता है कि प्रांत की सरकार अपने मुख्यालय से ही सारी योजनाओं की मॉनिटरिंग करती नजर आती है। लेकिन हेमंत सोरेन सरकार ने आपकी योजना, आपकी सरकार के माध्यम से झारखंड वासियों से रूबरू होने का जो कार्यक्रम चलाया है, इसकी सराहना तो होनी ही चाहिए।

हेमंत सोरेन आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से अपने तमाम मंत्रिमंडल के सहयोगियों को सक्रिय कर दिया है। राज्य के मंत्री गण सीधे आम जनता से मिल रहे हैं । उनकी समस्याओं से अवगत हो रहे हैं। कहां-कहां, क्या-क्या परेशानी है? उन परेशानियों को देख रहे हैं। किस जिले, अनुमंडल अंचल और थाने में अधिकारियों, थानेदारों और कर्मचारियों का आम जनता के साथ क्या व्यवहार है, इसे जान रहे हैं। साथ ही बेलगाम अधिकारियों, थानेदारों और कर्मचारियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई भी हो रही है। इसका असर यह हो रहा है कि आम जनता का काम सरकारी विभागों में तुरंत हो जा रहा है। इसके बावजूद कई ऐसे जिले, अनुमंडल, अंचल और थाने भी हैं, जहां के अधिकारी, थानेदार कर्मचारी आम जनता के कामों को लटकाए रहते हैं। ऐसे अधिकारियों, थानेदारों और कर्मचारियों के खिलाफ हेमंत सोरेन सरकार को सख्त कार्रवाई करने की जरूरत है।

इस योजना के माध्यम से हेमंत सोरेन जिन बातों को प्रांत वासियों के बीच रख रहे हैं। उसकी भी चर्चा होनी चाहिए। चतरा की एक सभा में उन्होंने कहा कि 'पूर्ववर्ती सरकार आपका पैसा डकार गई, जिस कारण आप गरीब होते चले गए। 20 साल हो गए,जब राज्य नया बना था, तब सरप्लस बजट हुआ करता था। मगर अब घाटे के बजट से काम चलाया जा रहा है।' हेमंत सोरेन की इस बात में दम जरूर है। अब सवाल यह उठता है कि इसके लिए जवाबदेह कौन है? 20 वर्षों तक सत्ता की कुर्सी पर कोई ना कोई मुख्यमंत्री जरूर रहे थे। इन बातों को कुरेदने से आरोप प्रत्यारोप के अलावा और कुछ भी नहीं मिलेगा। राज्य का जो नुकसान होना था, हो चुका अब आगे राज्य का ऐसा कोई नुकसान ना हो, जिससे राज्यवासी और गरीब होते चले जाएं। यह सबसे बड़ा सवाल है। यह सभी जानते हैं कि 2000 में जब झारखंड अलग प्रांत गठन हुआ था। तब लगातार दो वर्षों तक राज्य का सरप्लस बजट हुआ था। बाद के दिनों में घाटे का बजट बनना शुरू हो गया था। जो अब तक जारी है। जबकि प्रांत में प्रचुर मात्रा में खनिज संपदा उपलब्ध है। इन खनिज संपदाओं का निष्कासन भी तीव्र गति से जारी है। आखिर राज्य की आमदनी के पैसे कहां जाते हैं ? राज्य को प्रर्याप्त राजस्व की भी प्राप्ति होती है। तब यह सवाल उठता है कि ये रुपये कहां जाते हैं? जिस दिन झारखंड सरकार इन सवालों का जवाब ढूंढ लेगी, बजट फिर से सरप्लस बनने लगेगा। प्रांत की हेमन सोरेन सरकार को इस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है।

झारखंड की जनता ने बहुत उम्मीदों के साथ यूपीए सरकार के हाथों सत्ता की चाभी सौंप दी। झारखंड की चुनौतियां भी कम नहीं हैं। झारखंड की बढ़ी चुनौतियों का सामना हेमंत सोरेन की सरकार पूरे आत्मविश्वास के साथ जरूर कर रही है। लेकिन झारखंड की जो तस्वीर उभर कर सामने आनी चाहिए, नहीं आ पा रही है ।झारखंड सरकार अपने चार वर्ष के कार्यों का लेखा-जोखा भी आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार के माध्यम से रख रही है। अब हेमंत सोरेन सरकार के पास लगभग एक वर्ष का समय शेष बचा हुआ है। झारखंड के चौमुखी विकास करने के लिए। शेष बचे एक वर्ष का हेमंत सोरेन की सरकार कैसा ही प्रयोग करती है? यह देखना बाकी है। संभवतः 2024 में ही लोकसभा और झारखंड विधानसभा का चुनाव होना है। इस बार जनता केंद्र और झारखंड की सत्ता किसके हाथों में सौंपती है? उम्मीद है कि झारखंड की यूपीए की सरकार पांच वर्ष का अपना कार्यकाल पूरा करेगी। बढ़ी चुनौतियों के बीच सरकार क्या कर पाती है? यह आने वाला समय ही बताएगा।

---

### अयोध्या से उदय चंद्र सिंह की विशेष रिपोर्ट

# आध्यात्म के साथ डिजिटल भुगतान के रंग में डूबी अयोध्या

**एजेंसी। अयोध्या**

अयोध्या 23 जनवरी, 2024 को श्री राम जन्मभूमि मंदिर के भव्य उद्घाटन के लिए तैयार है। ऐसे में यह शहर न केवल बुनियादी ढांचे के रूप में बल्कि दुनिया भर से तीर्थयात्रियों और पर्यटकों के स्वागत के लिए डिजिटल रूप से भी तैयार है। दरअसल, जब से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या में भव्य श्री राम जन्मभूमि मंदिर की आधारशिला रखी थी , तभी से इस शहर ने विकास के एक नए युग की ओर कदम बढ़ा दिया था। अयोध्या शहर के कायापलट से यहां आर्थिक गतिविधियों में तेजी आई है। कभी शांत रहे शहर में अभी चहल-कदमी बढ़ गई है। सरयू नदी पर नाव चलाने वाले नाविकों से लेकर हनुमान गढ़ी में फूल और प्रसाद बेचने वाले विक्रेताओं तक, सभी शहर में तेजी से डिजिटल भुगतान करते दिख रहे हैं। सरयू नदी के तट पर लगभग 100 नाविकों में से एक अन्नू मांझी ने कहा कि डिजिटल भुगतान ने मेरे जीवन को आसान बना दिया है क्योंकि खुदरा पैसे के लिए इधर-उधर भागना नहीं पड़ता है। पैसा सीधे यूपीआई के माध्यम से मेरे बेटे के बैंक खाते में जाता है, जो हमारे लिए बहुत राहत की बात है। पूरे अयोध्या में डिजिटल लेनदेन की ओर बदलाव स्पष्ट देखा जा सकता है। नदी के किनारे पूजा सामग्री बेचने वाले दुकानदार श्री रामधन यादव क्यूआर कोड के माध्यम से भुगतान स्वीकार करते हैं, जिससे विक्रेताओं और ग्राहकों दोनों के लिए लेनदेन आसान हो जाता है। उन्होंने एक घटना का जिक्र करते हुए बताया, जब एक ग्राहक ने पूजा के सामान के लिए 100 रुपए का नोट दिया तो उन्होंने क्यूआर कोड की ओर इशारा करते हुए कहा कि कृपया ऑनलाइन भुगतान करें क्योंकि मेरे पास खुले पैसे नहीं हैं, ग्राहक ने बात मानी और चेहरे पर मुस्कान लेकर दुकान से चला गया।



#### टेंट सिटी में विशिष्ट पकवानों से श्रद्धालुओं का होगा सत्कार

अयोध्या। अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को भव्य जन्मभूमि मंदिर में प्रभु श्रीराम के विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पूर्व ही पूरी दुनिया के श्रद्धालुओं का तांता लगने लगा है। ऐसे में, उनकी आवभगत के लिए अयोध्या में कई प्रकार की सुविधाओं का विकास हो रहा है। इन्हीं में से एक है, यहां की आधुनिक टेंट सिटी, जिसे अयोध्या विकास प्राधिकरण (एडीए) डेवलप कर रहा है। टेंट सिटीज डबल ऑक्यूपेंसी वाली लग्जरी और सेमी लग्जरी कैटेगरी सुइट बेस्ड हैं। यहां ठहरने वाले श्रद्धालुओं को प्रकृति की छांव में पौराणिक और आधुनिक अयोध्या के समावेश की अनुभूति होगी। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि स्थल पर बनाए जा रहे भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का समय धीरे-धीरे निकट आ रहा है। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में देश-विदेश से लाखों लोगों के अयोध्या पहुंचने की संभावना है। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप श्रीराम मंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट व अयोध्या विकास प्राधिकरण की ओर से विभिन्न स्थानों पर टेंट सिटी का निर्माण कराया गया है।

---

### सरकार ने कबाड़ से कमाया अरबों

# चंद्रयान-3 जैसे मिशनों के लिए है पर्याप्त

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

अक्टूबर 2021 से सरकार ने स्क्रैप की बिक्री से लगभग 1,163 करोड़ रुपये कमाए हैं, जिसमें इस साल अक्टूबर में एक महीने के अभियान से अविश्वसनीय 557 करोड़ रुपये भी शामिल हैं। एक सरकारी रिपोर्ट में कहा गया है कि अक्टूबर 2021 से केंद्र सरकार के कार्यालयों से आश्चर्यजनक रूप से 96 लाख भौतिक फाइलें हटा दी गई हैं, जिससे कुल मिलाकर 355 लाख वर्ग फुट से अधिक जगह खाली हो गई है। परिणामस्वरूप, कार्यस्थल के हॉलवे को साफ कर दिया गया है और खाली जगह का उपयोग मनोरंजन केंद्रों और अन्य लाभकारी उपयोगों के लिए किया गया है ।भारत के सफल चंद्रयान-3 चंद्र मिशन पर लगभग 600 करोड़ रुपये खर्च हुए। इस आकलन के अनुसार, नरेंद्र मोदी की सरकार कारों, खराब हो चुके कार्यालय उपकरणों और फाइलों सहित कचरा बेचकर इनमें से दो मिशनों को आसानी से वित्त पोषित कर सकती है। अंतरिक्ष राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने इस साल की शुरूआत में कहा था कि रूसी चंद्रमा मिशन की लागत 16,000 करोड़ रुपये थी और हमारे (चंद्रयान - 3) मिशन की लागत लगभग 600 करोड़ रुपये थी। चंद्रमा और अंतरिक्ष पर आधारित हॉलीवुड फिल्में मिशन की लागत 600 करोड़ रुपये से अधिक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में सरकार का स्वच्छता अभियान व्यापक और महत्वपूर्ण रहा है, जैसा कि स्क्रैप की बिक्री से 1,163 करोड़ रुपये के राजस्व आंकड़ों से पता चलता है। प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग ने इस पहल का नेतृत्व किया है.इस साल स्क्रैप की बिक्री से सरकार को जो 556 करोड़ रुपये मिले, उनमें से अकेले रेल मंत्रालय ने लगभग 225 करोड़ रुपये कमाए।

---


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### यॉंत्रिक प्रमण्डल, मंडल, लातेहार, शिविर-मेदिनीनगर

**शुद्धि-पत्र**

PR.No.-314375

इस कार्यालय के द्वारा यॉंत्रिक कार्य हेतु आमंत्रित ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या WRD/MDMANDAL/08/2023-24 Dated 26-12-2023 द्वारा निविदा खोलने की तिथि एवं समय 09.01.2024 (10:30 बजे पूर्वाह्न) के स्थान पर दिनांक 10.01.2024 (10:30 बजे पूर्वाह्न) पढ़ा जाय।

शेष सूचनाएँ यथावत् रहेगा।

कार्यपालक अभियंता
यॉंत्रिक प्रमण्डल, मंडल, लातेहार,
शिविर– मेदिनीनगर

PR 314594 District (23-24)_D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### यॉंत्रिक प्रमण्डल, मंडल, लातेहार, शिविर-मेदिनीनगर

**शुद्धि–पत्र**

PR.No.-314373

इस कार्यालय के द्वारा यॉंत्रिक कार्य हेतु आमंत्रित ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या WRD/MDMANDAL/09/2023-24 Dated 26-12-2023 द्वारा निविदा खोलने की तिथि एवं समय 09.01.2024 (10:30 बजे पूर्वाह्न) के स्थान पर दिनांक 10.01.2024 (10:30 बजे पूर्वाह्न) पढ़ा जाय।

शेष सूचनाएँ यथावत् रहेगा।

कार्यपालक अभियंता
यॉंत्रिक प्रमण्डल, मंडल, लातेहार,
शिविर–मेदिनीनगर

PR.NO.314593 District(23-24):D

## उद्योग विभाग
### जिला उद्योग केन्द्र, पलामू

**प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (PMFME)**

1. जिले के बेरोजगार युवक/युवतियों को खाद्य प्रसंस्करण उद्यम लगाने के लिए बैंक से सस्ते ब्याज पर 10 प्रतिशत मार्जिन मनी लगाने पर 01 करोड़ तक का उद्योग एवं FPO, SHG, सहकारिता समितियाँ, सखी मंडल इत्यादि को समूह पर 10 करोड़ तक उद्योग लगाने हेतु जिला उद्योग केन्द्र, पलामू द्वारा आमंत्रित किया जाता है।
2. आवेदन पत्र पहले आओ, पहले पाओं के आधार पर साक्षात्कार के उपरान्त आवेदनों को बैंक में वित पोशण हेतु भेज दिया जायेगा।
3. हुनरमंद और अधिक योग्यता वाले आवेदकों को प्राथमिकता दी जयेगी।
4. आवेदकों को अपना आवेदन पत्र ऑनलाईन आवेदित करना है, जिसका बेवसाईट pmfme.mofpi.gov.in है।
5. इस योजना के तहत पारिवारिक आय की कोई सीमा नहीं है।
6. इस योजना के अन्तर्गत आवेदक का केवल साक्षर होना मात्र है।
7. अनुदान की राशि व्यक्तिगत 35 प्रतिशत तथा अधिकतम 10 लाख रूपये है। FPO, SHG, या समूह को 35 प्रतिशत तथा अधिकतम 03 करोड़ रूपये परियोजना लागत का देय होगा।

अतः अपना आवेदन पत्र शीघ्र ऑनलाईन आवेदित करें।

विशेष जानकारी हेतु:– कार्यालय महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, पलामू से सम्पर्क किया जा सकता है।

सम्पर्क करें:
जिला उद्यमी समन्वयक, पलामू एवं गढ़वा
मो0 नं0– 7004803764

निवेदक
महाप्रबंधक,
जिला उद्योग केन्द्र, पलामू
एवं जिला उद्यमी समन्वयक

PR 314605 District (23-24)_D


---

## झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग

### झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

**60वीं औपबंधिक सूची**
**जिला– पलामू**

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| विवरण :– दिनांक 25 नवम्बर 1996 को झा0मु0मो0 की अलग राज्य की मांग एवं स्थानीय जन समास्यओं को लेकर चैनपुर प्रखण्ड कार्यालय में पार्टी के द्वारा एक दिवसीय बैठक पंजी में नाम तथा उसी प्रखण्ड के चिन्हित आन्दोलनकारी श्री बाल किशुन उराँव के पहचान के आधार पर। | | |
| 1. | 1. आवेदन क्र0–35/325<br>2. आवेदक–उदय तोपनो , पिता–स्व0 पुनिया तोपनो<br>3. ग्राम–टेमराई , पोस्ट–सेमरा , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया हाथ के कलाई पर घाव का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–566<br>2. आवेदक–शोभा देवी , पति–रंजन परहिया<br>3. ग्राम–करमा , पोस्ट–सेमरा , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–महिला , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल पर गुलटी। | कंडिका–2(ix) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–280<br>2. आवेदक–बिन्दु देवी , पति–राज किशोर सिंह<br>3. ग्राम–चान्दो , पोस्ट–चान्दो , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–महिला , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0–460<br>2. आवेदक–फुलेश्वर सिंह , पिता–स्व0 मनीक चन्द सिंह<br>3. ग्राम–सलतुआ , पोस्ट–सलतुआ , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0–88/93<br>2. आवेदक–जगनारायण राम , पिता–परशुराम राम<br>3. ग्राम–स्टेश्न गेट नई मुहल्ला , पोस्ट–मेदनीनगर , थाना–मेदनीनगर , प्रखण्ड–मेदनीनगर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 6. | 1. आवेदन क्र0–35/552<br>2. आवेदक–जसोदा देवी , पति–नरेश यादव<br>3. ग्राम–काचन , पोस्ट–रामगढ़ , थाना–रामगढ़ , प्रखण्ड–रामगढ़<br>4. लिंग–महिला , आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 7. | 1. आवेदन क्र0–35/255<br>2. आवेदक–ओबेद हेम्ब्रम , पिता–लॉरीन हेम्ब्रम<br>3. ग्राम–हिसरा नावाडीह , पोस्ट–नावाडीह , थाना–रामगढ़ , प्रखण्ड–रामगढ़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने ललाट पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 8. | 1. आवेदन क्र0–35/37<br>2. आवेदक–सुशील तोपनो , पिता–एतवा तोपनो<br>3. ग्राम–टेमराई , पोस्ट–सेमरा , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने ललाट पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 9. | 1. आवेदन क्र0–35/419<br>2. आवेदक–ज्योति डंगबार , पति–मनोज गुड़िया<br>3. ग्राम–टेमराई , पोस्ट–सेमरा , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–महिला , आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 10. | 1. आवेदन क्र0–35/614<br>2. आवेदक–कुवारी तोपनो , पति–बुधवा तोपनो<br>3. ग्राम–टेमराई , पोस्ट–सेमरा , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–महिला , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–दोनो आँख के उपर माशा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 11. | 1. आवेदन क्र0–60/23<br>2. आवेदक–एस0एम0 हुसैन मुस्तफा , पिता–जी0 एम0 मुस्तफा<br>3. ग्राम–कुण्ड मोहल्ला , पोस्ट–डालटनगंज , थाना–डालटनगंज , प्रखण्ड–सदर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ के मिडिल आँगूली पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 12. | 1. आवेदन क्र0–61/23<br>2. आवेदक–रेणु देवी , पति–जगनारायण राम<br>3. ग्राम–नई मोहल्ला , पोस्ट–डालटनगंज , थाना–डालटनगंज , प्रखण्ड–सदर<br>4. लिंग–महिला , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 13. | 1. आवेदन क्र0–62/23<br>2. आवेदक–हरिलाल यादव , पिता–केश्वर यादव<br>3. ग्राम–सरहुआ , पोस्ट–रामगढ़ , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें आँख के साइड में मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 14. | 1. आवेदन क्र0–63/23<br>2. आवेदक–पूनम देवी , पति–नलिन चन्द्र कुमार<br>3. ग्राम–सेमरटाड़ , पोस्ट–शाहपुर , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–महिला , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 15. | 1. आवेदन क्र0–64/23<br>2. आवेदक–चिन्ता देवी , पति–योगेन्द्र प्रजापति<br>3. ग्राम–ठाकुर मोहल्ला , पोस्ट–शाहपुर , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–महिला , आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में कटा हुआ निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 16. | 1. आवेदन क्र0–65/23<br>2. आवेदक–बिरेन्द्र नारायण वर्मा , पिता–राम लोचन वर्मा<br>3. ग्राम–वार्ड नं0–1 शान्तीनगर , पोस्ट–शाहपुर , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–78 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 17. | 1. आवेदन क्र0–66/23<br>2. आवेदक–धमेन्द्र कुमार , पिता–स्व0 नरेश राम<br>3. ग्राम–डुमरी , पोस्ट–शाहपुर , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया तरफ गर्दन पर मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 18. | 1. आवेदन क्र0–67/23<br>2. आवेदक–जगेश्वर सिंह , पिता–स्व0 बासुदेव सिंह<br>3. ग्राम–पतरिया , पोस्ट–कटुवल , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया हाथ के केहुनी पर कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 19. | 1. आवेदन क्र0–68/23<br>2. आवेदक–सुनिता देवी , पति–संजय यादव<br>3. ग्राम–काचन , पोस्ट–रामकण्डा , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–महिला , आयु–38 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने कान में मस्सा। | कंडिका–2(ix) |
| 20. | 1. आवेदन क्र0–69/23<br>2. आवेदक–दशरथ राम , पिता–स्व0 नभडु राम<br>3. ग्राम–बोड़ी , पोस्ट–करसो , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने ललाट पर तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 21. | 1. आवेदन क्र0–70/23<br>2. आवेदक–जमुन्द्र यादव , पिता–केश्वर यादव<br>3. ग्राम–सरहुआ , पोस्ट–रामगढ़ , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–ठोली के बायें साइड पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 22. | 1. आवेदन क्र0–71/23<br>2. आवेदक–गनपत सिंह , पिता–स्व0 अम्बिका सिंह<br>3. ग्राम–सलतुआ , पोस्ट–सलतुआ , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–गले में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 23. | 1. आवेदन क्र0–72/23<br>2. आवेदक–रामस्वरूप सिंह , पिता–स्व0 कोईली सिंह<br>3. ग्राम–बसरिया कला , पोस्ट–चान्दो , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें आँख के उपर कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 24. | 1. आवेदन क्र0–73/23<br>2. आवेदक–उदय तोपनो , पिता–स्व0 पुनिया तोपनो<br>3. ग्राम–टेमराई टोला रानीमाई , पोस्ट–सेमरा , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 25. | 1. आवेदन क्र0–74/23<br>2. आवेदक–सीता राम सिंह , पिता–स्व0 नबालकी सिंह<br>3. ग्राम–बसारिया कला , पोस्ट–चान्दो , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–गर्दन में माशा का चिन्ह। | कंडिका–2(ix) |
| 26. | 1. आवेदन क्र0–75/23<br>2. आवेदक–तपेश्वर सिंह , पिता–स्व0 रघु सिंह<br>3. ग्राम–काचन , पोस्ट–रामगढ़ , थाना–रामगढ़ , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने घुटने पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 27. | 1. आवेदन क्र0–76/23<br>2. आवेदक–नन्द कुमार सिंह , पिता–जगपति सिंह<br>3. ग्राम–चान्दो , पोस्ट–चान्दो , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 28. | 1. आवेदन क्र0–77/23<br>2. आवेदक–सुदर्शन प्रसाद , पिता–मानदेव साव<br>3. ग्राम–चान्दो , पोस्ट–चान्दो , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–गाल के बाये तरफ कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 29. | 1. आवेदन क्र0–78/23<br>2. आवेदक–राजकिशोर सिंह , पिता–रामचन्द्र सिंह<br>3. ग्राम–चान्दो , पोस्ट–चान्दो , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में कटा हुआ निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 30. | 1. आवेदन क्र0–79/23<br>2. आवेदक–सकुन्ती देवी , पति–नन्द कुमार सिंह<br>3. ग्राम–चान्दो , पोस्ट–चान्दो , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–महिला , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाके के नीचे माशा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 31. | 1. आवेदन क्र0–80/23<br>2. आवेदक–मोहन सिंह , पिता–कोडउ सिंह<br>3. ग्राम–काचन , पोस्ट–रामगढ़ , थाना–रामगढ़ , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने आँख खराब है। | कंडिका–2(ix) |
| 32. | 1. आवेदन क्र0–81/23<br>2. आवेदक–कयुम अंसारी , पिता–स्व0 रफिक मियाँ<br>3. ग्राम–नेउरा , पोस्ट–चैनपुर , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने आँख खराब है। | कंडिका–2(ix) |
| 33. | 1. आवेदन क्र0–82/23<br>2. आवेदक–तेतरी देवी , पति–बाल किशुन उराँव<br>3. ग्राम–खुराखुर्द , पोस्ट–सेमरा , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–महिला , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें कनपट्टी में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 34. | 1. आवेदन क्र0–83/23<br>2. आवेदक–महेन्द्र प्रसाद , पिता–स्व0 भागीरती साव<br>3. ग्राम–चान्दो , पोस्ट–चान्दो , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–71 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने कनपट्टी में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 35. | 1. आवेदन क्र0–84/23<br>2. आवेदक–डोमन मुण्डा , पिता–बागो मुण्डा<br>3. ग्राम–दीनाबार , पोस्ट–रामगढ़ , थाना–रामगढ़ , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–पीठ में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 36. | 1. आवेदन क्र0–85/23<br>2. आवेदक–शम्भू सिंह , पिता–स्व0 मानिक चन्द सिंह<br>3. ग्राम–सलतुआ , पोस्ट–सलतुआ , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल पर काला चिन्ह। | कंडिका–2(ix) |
| 37. | 1. आवेदन क्र0–86/23<br>2. आवेदक–जगदीश सिंह , पिता–शिव सिंह<br>3. ग्राम–सलतुआ , पोस्ट–सलतुआ , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर के ठेहुना में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 38. | 1. आवेदन क्र0–87/23<br>2. आवेदक–संजय कुमार सिंह , पिता–विश्वास सिंह<br>3. ग्राम–चान्दो , पोस्ट–चान्दो , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने तरफ उदर में अधिक तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 39. | 1. आवेदन क्र0–88/23<br>2. आवेदक–योगेन्द्र सिंह , पिता–श्याम सुन्दर सिंह<br>3. ग्राम–चान्दो , पोस्ट–चान्दो , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने तरफ तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |

नोट :– 1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची FIR में अज्ञात व्यक्तियों की संख्या के आधार पर औपबंधिक रूप से प्रकाशित की गई है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं। आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 314529 Home (23-24)_D

# सावधानी है बचाव

**हाल** के दिनों में नशाखुरानी गिरोह की सक्रियता काफी बढ़ गयी है। राजधानी में आरपीएफ ने अपराधियों को रंगे हाथों गिरफ्तार भी किया है। यह गिरोह रेलयात्रियों को अपना शिकार बना रहा है। इसके नेटवर्क दूसरे राज्यों से जुड़े हुए हैं। यह अपराध संगठित होकर चल रहा है। ऐसे अपराधी चोरी,लूट की घटनाओं में शामिल रहते हैं। यह गिरोह मेलजोल बढ़ाकर यात्रियों के समीप आता है। मौका पाकर चाय, बिस्किट या और किसी खाने पीने के सामानों में नशीला पदार्थ खिलाकर लूट लेता है। यह तरीका वैसे तो बहुत पुराना है। यही कारण है कि रेलवे बार-बार यात्रियों को सावधान करता है कि किसी अपरिचित की ओर से दिये गये किसी खाने का सामान का सेवन न करें। लुटेरों द्वारा मिलावट इतना खतरनाक होता है कि कभी-कभी यात्री की जान भी चली जाती है। यात्रा कर रहे बच्चे, महिलाओं और युवाओं को इससे सावधानी बरतने की जरूरत है। साथ ही ऐसे काम करने वाले गिरोहों को कड़ी सजा का प्रावधान होना चाहिए। ऐसा ही वाक्या कुछ अलग ढंग का राज्य के मेदिनीनगर रेलवे स्टेशन पर भी घटी है। मामले का भुक्तभोगी परिवार ने स्थानीय लोगों को बताया कि बर्थ में झाड़ू देने वाले एक बच्चे को पूरी और सब्जी खाने को दी। तत्काल वह लड़का छटपटाने लगा और कहा कि खाने में जहर मिलायी गयी है। उसकी आवाज सुनकर आधे दर्जन से अधिक लड़के आकर हॉस्पिटल ले जाने के लिए पैसे की मांग करने लगे। यह दृष्य देखकर स्थानीय लोगों ने हस्तक्षेप किया, तब जाकर अमुक यात्री की जान बची। आश्चर्य कोई भी पुलिस वाला उसकी मदद को तैयार नहीं हुआ। ऐसे में सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि बगैर पुलिस की मिलीभगत से ऐसा कृत्य नहीं हो सकता है। इस स्थिति में यात्रा पर निकले बच्चे,महिला और युवाओं को अधिक सावधान रहने की जरूरत है। उम्र दराज लोग इस बात को समझते हैं। लेकिन आज की युवा पीढ़ी ऐसे लोगों का शिकार आसानी से हो जाती है। नशाखुरानी गिरोहों का अपना एक नेटवर्क होता है। इसे आसानी से नहीं समझा जा सकता है। ऐसे में यात्रा कर रहे यात्रियों को किसी भी अनजान व्यक्ति से ज्यादा बात करने से परहेज करनी चाहिए। घर से बाहर निकलते वक्त खासकर ट्रेनों में कई प्रकार के लोग मिलते जुलते रहते हैं। उन से समान दूरी बनाये रखने की जरूरत है। यह गिरोह आसानी से यात्रियों की शिनाख्त कर लेता है कि कौन सा मुर्गा फंसने वाला है। उसके इर्द-गिर्द उनका डेरा जमने लगते है। परिस्थितियों को भांपते हुए रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों या मोबाइल हेल्प लाइन का इस्तेमाल किया जा सकता है। आज के नये तकनीक युग में किसी समस्या का समाधान बंद हथेली को खोल देने से मिल जाता है। बस जरूरत है उसे जानने और समझने की। बहरहाल ऐसे गिरोहों के तार कई जगहों पर फैले रहते हैं। थोड़ी सी असावधानी बड़ी दुर्घटना को आमंत्रित करते हैं। ट्रेन का सफर काफी रोमांचक होता है। नये साल में लोग यात्रा पर निकल रहे हैं। मौज और मस्ती में इन तमाम बातों को ध्यान में रखनी चाहिए। तभी किसी की यात्रा सुखद हो पायेगी। कारण बाहर में अपना विवेक ही साथी होता है।

**नशाखुरानी गिरोहों का अपना एक नेटवर्क होता है। ऐसे में यात्रा कर रहे यात्रियों को किसी भी अनजान व्यक्ति से ज्यादा बात करने से परहेज करनी चाहिए। घर से बाहर निकलते वक्त खासकर ट्रेनों में कई प्रकार के लोग मिलते जुलते रहते हैं। उन से समान दूरी बनाये रखने की जरूरत है। यह गिरोह आसानी से यात्रियों की शिनाख्त कर लेता है कि कौन सा मुर्गा फंसने वाला है। उसके इर्द-गिर्द उनका डेरा जमने लगते है। परिस्थितियों को भांपते हुए रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों या मोबाइल हेल्प लाइन का इस्तेमाल किया जा सकता है।**

# स्वच्छ भारत मिशन : साफ होते शहर-गांव

इन दिनों



आर.के.सिन्हा



**करीब** नौ साल पहले का वह मंजर यकीनन यादगार था जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वयं झाड़ू लेकर राजधानी दिल्ली की सड़कों पर सफाई करने उतरे थे। उनके पीछे- पीछे उनके मंत्रिमंडल के कई मंत्रियों से लेकर सरकारी बाबुओं का हुजूम भी सड़कों पर उतर आया था। 2014 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के दिन प्रधानमंत्री ने स्वच्छ भारत मिशन का आगाज किया था। यकीनन, महात्मा गांधी की जयंती पर उन्हें इससे बेहतर श्रद्धांजलि शायद दी भी नहीं जा सकती थी। आजाद भारत में संभवतः यह पहला मौका था जब देश में स्वच्छता को लेकर सरकार ने इतनी गंभीरता दिखलाई। 140 करोड़ की आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाला अगुआ यदि खुद सड़क पर उतर आये, फिर समुद्र तट पर घूम-घूम कर कूड़ा उठाने लग जाए, तो यह समझना कतई मुश्किल नहीं कि देश की हुकूमत का साफ-सफाई को लेकर नजरिया क्या है। बीते कुछ वर्षों में, जाहिर तौर पर स्वच्छता के मोर्चे पर हमने कई उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। आज शहरों के बीच स्वच्छता को लेकर देशभर में कई प्रतियोगिताएं हो रही हैं। उनमें एक-दूसरे से बेहतर करने की होड़ लगी हुई है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने अबतक के कार्यकाल में स्वच्छता अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। शायद यही वजह है कि स्वच्छ भारत मिशन की शुरूआत के बाद भारत में स्वच्छता का पुर्नजागरण हुआ है। मिशन ने न केवल शहरों का कायाकल्प किया बल्कि गांवों में भी स्वच्छता की अलख जगाई। अपने देश को साफ-सुथरा रखने की संवेदनशीलता और भावना आज पूरे देश में दिखती है। गांधीजी आजीवन स्वच्छता की अलख जगाते रहे। दक्षिण अफ्रीका प्रवास के दौरान उन्हें श्वेत निवासियों के इस दावे से लड़ना पड़ा कि भारतीयों में स्वच्छता की कमी है और इसलिए उन्हें अलग रखने की जरूरत है। नटाल विधानसभा को लिखे खुले पत्र में गांधी ने कहा था कि जहां तक स्वच्छता मानकों का सवाल है, भारतीय भी यूरोपीय लोगों के बराबर हो सकते हैं, बशर्ते उन्हें भी उसी तरह का ध्यान और अवसर दिया जाए। 1915 में भारत लौटने पर उन्होंने स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिए अपने कार्यक्रमों के मूल में स्वच्छता के मंत्र को रखा। गांधीजी ने 1941 में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए रचनात्मक कार्यक्रम नामक पुस्तिका प्रकाशित की। ग्राम स्वच्छता उन अठारह कार्यक्रमों में से छठा था जो गांधीजी ने उस पुस्तिका में बताये थे। कुछ अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रम साम्प्रदायिक एकता, अस्पृश्यता निवारण, आर्थिक समानता, सविनय अवज्ञा आदि थे। आज गांधीजी के स्वच्छ भारत की परिकल्पना को पीएम मोदी साकार कर रहे हैं। स्वच्छ भारत मिशन इन नौ साल में जनआंदोलन बन गया है। आज ज्यादातर सड़कें साफ-सुथरी दिखती हैं, गलियों में कूड़ा नहीं दिखता। चाहे पर्यटन स्थल हों या रेलवे स्टेशन। हर जगह सफाई दिखती है। देश ने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत एक और बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। अब देश के कुल गांवों में से तीन-चौथाई यानी 75 प्रतिशत गांवों ने ओडीएफ प्लस का दर्जा हासिल कर लिया है। ओडीएफ प्लस गांव वह है, जिसने ठोस या तरल अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों को लागू करने के साथ-साथ अपनी खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) स्थिति को बरकरार रखा है। आजतक 4.43 लाख से अधिक गांवों ने खुद को ओडीएफ प्लस घोषित कर दिया है। बात अगर उन राज्यों की करें जिन्होंने 100 प्रतिशत ओडीएफ प्लस गांव हासिल किये हैं वे हैं- अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, दादर एवं नागर हवेली, गोवा, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, कर्नाटक, केरल, लद्दाख, पुडुचेरी, सिक्किम, तमिलनाडु, तेलंगाना और त्रिपुरा।

**आजाद भारत में संभवतः यह पहला मौका था जब देश में स्वच्छता को लेकर सरकार ने इतनी गंभीरता दिखलाई। 140 करोड़ की आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाला अगुआ यदि खुद सड़क पर उतर आये, फिर समुद्र तट पर घूम-घूम कर कूड़ा उठाने लग जाए, तो यह समझना कतई मुश्किल नहीं कि देश की हुकूमत का साफ-सफाई को लेकर नजरिया क्या है। बीते कुछ वर्षों में, जाहिर तौर पर स्वच्छता के मोर्चे पर हमने कई उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। आज शहरों के बीच स्वच्छता को लेकर देशभर में कई प्रतियोगिताएं हो रही हैं। उनमें एक-दूसरे से बेहतर करने की होड़ लगी हुई है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने अबतक के कार्यकाल में स्वच्छता अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। शायद यही वजह है कि स्वच्छ भारत मिशन की शुरूआत के बाद भारत में स्वच्छता का पुर्नजागरण हुआ है। अपने देश को साफ-सुथरा रखने की संवेदनशीलता और भावना आज पूरे देश में दिखती है। गांधीजी आजीवन स्वच्छता की अलख जगाते रहे। दक्षिण अफ्रीका प्रवास के दौरान उन्हें श्वेत निवासियों के इस दावे से लड़ना पड़ा कि भारतीयों में स्वच्छता की कमी है और इसलिए उन्हें अलग रखने की जरूरत है। नटाल विधानसभा को लिखे खुले पत्र में गांधी ने कहा था कि जहां तक स्वच्छता मानकों का सवाल है, भारतीय भी यूरोपीय लोगों के बराबर हो सकते हैं, बशर्ते उन्हें भी उसी तरह का ध्यान और अवसर दिया जाए। 1915 में भारत लौटने पर उन्होंने स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिए अपने कार्यक्रमों के मूल में स्वच्छता के मंत्र को रखा।**

## आप की बात

### साइबर ठगी के बढ़ते मामले

साइबर ठगों ने पलामू जिले के सेवारत शिक्षक से लेकर सेवानिवृत्त सरकारी पदाधिकारी तक की गाढ़ी कमाई को समाप्त हो रहे साल-2023 में ठग लिया है। एक शिक्षिका से 1.80 लाख रुपये और सेवानिवृत्त कर्मी से 21 लाख रुपये की ठगी की गई है। दोनों ही मामले में साइबर ठगों ने खुद को बैंककर्मी बताकर खाते से राशि गायब कर दिया। दोनों ने तत्काल साइबर थाना को लिखित शिकायत की। साथ ही गोपनीय जानकारी साइबर ठगों तक कैसे पहुंच रही है? यह सवाल उठाते हुए बैंककर्मियों की मिलीभगत होने का भी आरोप मढ़ा। पलामू से एक साइबर ठग भी इस साल पकड़ में आया जो विभिन्न कंपनियों का जाली वेबसाइट बनाकर लोगों से साइबर ठगी करता था। दिल्ली पुलिस की टीम उसे पलामू से पकड़कर ले गई। उसके खिलाफ लाखों रुपये की साइबर ठगी किए जाने की शिकायत प्रारंभिक तौर पर सामने आई है। पलामू की एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि 2023 में अबतक साइबर थाने में विभिन्न प्रकार से साइबर ठगी के 23 मामले दर्ज कराए गए हैं। इसमें 18 मामलों का निष्पादन कर दिया गया है। गिरफ्तारी या सरेंडर कराकर 20 लोगों को जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि साइबर ठग, दिहाड़ी मजदूर जैसे लोगों का फोन उपयोग कर ठगी का शिकार बनाते हैं। जागरूकता से ही साइबर ठगी की दूर किया जा सकता है, इसके लिए विभिन्न तरह से साइबर अपराध को लेकर थाना स्तर से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जागरूकता की कमी के कारण ही कस्टमर साइबर ठगी का शिकार होते हैं।

**- श्याम नारायण डालटनगंज।**

राजनीति

# बीते वर्ष में भारत ने निर्माण की नई रेखायें खींची



ललित गर्ग

**बीते** वर्ष में सकारात्मकता की नयी तस्वीरें सामने आयी। ज्यादातर बड़ी सकारात्मक खबरें आर्थिक उपलब्धियों और नये राजनीतिक समीकरणों से जुड़ी हैं। साल के अंत में हुए विधानसभा चुनावों, महिला सशक्तीकरण, सांस्कृतिक पुर्नजागरण, नये संसद भवन के उद्घाटन, हर क्षेत्र में स्वदेशी की शक्ति और संसदीय-राजनीति, सुप्रीम कोर्ट के कुछ बड़े फैसलों, चंद्रयान-3 और आदित्य एल-1 मिशन जैसी वैज्ञानिक उपलब्धियां निराशा से ज्यादा आशाभरी खबरों ने आजादी के अमृतकाल में वास्तविक रूप में अमृतमय होने के संकेत दिये हैं। भारत की दिशा एवं दशा बदल रही है। बीते वर्ष में राजनीति से लेकर सामाजिक, आर्थिक से लेकर खेल तक, सुरक्षा से लेकर सौहार्द तक अनेक सकारात्मक दृष्टिकोण ने सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास को बल दिया है। चीन के हैंगजाऊ में हुए एशियाई खेलों में कई प्रकार के रिकॉर्ड तोड़ते हुए भारतीय खिलाड़ियों ने खेल की दुनिया में बड़ा कदम रखा। उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि है पदक तालिका में 'सौ से अधिक पदक' प्राप्त करना करना। यह उपलब्धि देश के आकार को देखते हुए पर्याप्त नहीं है, पर पिछले प्रदर्शनों से इसकी तुलना करें, तो बहुत बड़ी है। यह भारत के विकसित होते बदलते सामाजिक-आर्थिक स्तर को भी रेखांकित कर रही है। शेयर मार्केट तमाम कयासों को झुठलाते हुए उच्चस्तर पर बना हुआ है। जीडीपी में बढ़ोतरी हो रही है, साथ ही जीएसटी कलेक्शन भी बढ़ा हुआ है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 15 दिसंबर को समाप्त हुए सप्ताह में 20 माह के उच्चतम स्तर 616 अरब डॉलर हो गया है। 25 मार्च, 2022 के बाद का यह उच्चतम स्तर है। आत्मनिर्भर बनने के संकल्प के पथ पर दौड़ रहे भारत ने हर क्षेत्र में स्वदेशी का लोहा मनवाया है। हमने युद्धपोत और हल्के लड़ाकू विमान से लेकर घातक ड्रोन तक बनाया है। देश में इस्तेमाल होने वाले 99 प्रतिशत मोबाइल हम खुद बना रहे हैं। अपने बूत चांद के दक्षिणी ध्रुव पर उतरकर भारत ने पूरी दुनिया को चौंकाया है।

**बीते वर्ष में राजनीति से लेकर सामाजिक, आर्थिक से लेकर खेल तक, सुरक्षा से लेकर सौहार्द तक अनेक सकारात्मक दृष्टिकोण ने सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास को बल दिया है।**




बोधि वृक्ष

## कथा गौ माता 'कामधेनु' की


सहस्त्रार्जुन ने जब ये देखा कि आश्रम में कोई खास सुख-सुविधा के न होते हुए भी उनका स्वागत इतनी भव्यता से किया गया है तो वो बड़े हैरान हुए। तभी राजा की नजर आश्रम में स्थित कामधेनु गाय पर पड़ी तो उन्हें तुरंत समझ आ गया कि ये सब इस चमत्कारी गाय के प्रभाव से ही संभव हो पाया है। तब उन्होंने ऋषि जम्दागिन से कामधेनु को उन्हें देने के लिए कहा और जब ऋषि ने मना किया तो उन्होंने इस गाय को पाने के लिए उनके आश्रम पर आक्रमण कर उसे ध्वस्त कर दिया। आश्रम को ध्वस्त करने के बाद सहस्त्रार्जुन ने बल का प्रयोग करते हुए कामधेनु को अपने साथ ले जाने का प्रयास किया। लेकिन तभी कामधेनु राजा के हाथों से छूटकर स्वर्ग चली गई। और इस प्रकार सहस्त्रार्जुन को खाली हाथ लौटना पड़ा। जब परशुराम ने अपने पिता के आश्रम की ऐसी अवस्था देखी तो क्रोध में आकर उन्होंने राजा सहस्त्रार्जुन के देश जाकर उनका वध कर दिया। कामधेनु गाय में 33 करोड़ देवी देवताओं का वास माना जाता है। इनमें 12 आदित्य, 8 वसु, 11 रुद्र और 2 अश्विन कुमार देवी-देवता हैं। इस प्रकार कामधेनु के अंग-अंग में सुख-समृद्धि और शक्ति का वास है। ऐसा माना जाता है कि केवल कामधेनु की उपासना से सभी देवी-देवता प्रसन्न हो जाते हैं। इस प्रकार कामधेनु गाय अपनी दैवीय शक्तियों के बल पर भक्तों की हर मनोकामना पूरी करती है। भारतीय वास्तुशास्त्र में भी कामधेनु गाय का विशेष महत्व है। कहते हैं घर में एक विशेष स्थान पर कामधेनु की उनके बछड़े नंदिनी के साथ प्रतिमा रखी जाय तो उस घर के सभी जनों को आध्यात्मिक और भौतिक सफलता प्राप्त होती है। क्यूंकि कामधेनु घर में सौभाग्य, समृद्धि और खुशहाली लाती है।

(क्रमशः)

## फेसबुक वॉल से




## X - से




अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# कुश्ती को बहुत नुकसान पहुंचाया इसी संघ के विवाद ने



अशोक मधुप

**छह** माह से ज्यादा पहले पहलवानों के विरोध के बाद भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह को कुश्ती संघ के अध्यक्ष के पद से हटा दिया था। नवनिर्वाचित भारतीय कुश्ती संघ के निलंबन के बाद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा था कि अब उनका कुश्ती से कोई लेना-देना नहीं है। पिछले लगभग एक साल के भारतीय कुश्ती संघ के विवाद ने कुश्ती को बहुत नुकसान पहुंचाया। यह नुकसान दिख नहीं रहा किंतु इसकी भारपायी के लिए बड़ा प्रयास करना होगा। खेल मंत्रालय ने नवनिर्वाचित भारतीय कुश्ती संघ को निलंबित कर इस खेल को बचाने के लिए बड़ा संदेश दिया है। खेल मंत्रालय ने भारतीय ओलंपिक एसोसिएशन (आईओए) से फेडरेशन का कामकाज चलाने के लिए एक तदर्थ समिति बनाने को कहा है। खेल मंत्रालय ने भारतीय कुश्ती संघ का संचालन राष्ट्रीय खेल विकास संहिता में दिये राष्ट्रीय खेल फडरेशन के कामकाज की तरह करना सुनिश्चित करने को कहा गया है। यह व्यवस्था अगले आदेश तक जारी रहेगी। भारतीय कुश्ती संघ के बीते गुरुवार को चुनाव कराये गये थे। इसमें संघ के पूर्व प्रमुख और बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह अध्यक्ष चुने गये थे। चुने जाते ही संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय सिंह के अंडर-15 और अंडर-18 का ट्रायल गोण्डा के नंदिनी नगर में आयोजित कराने की घोषणा की थी। यह क्षेत्र सांसद बृजभूषण शरण सिंह का गृह जनपद है। वर्तमान में सांसद बृजभूषण शरण सिंह के बेटे यहां से विधायक हैं। सरकार ने इस ट्रायल को ही रद्द कर दिया है। इस चुनाव का अंतरराष्ट्रीय पहलवान विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया ने विरोध किया था। बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ पहलवानों की इस लड़ाई में ये तीनों पहलवान प्रमुख रूप से शामिल थे। कुछ महिला पहलवानों ने बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन शोषण के आरोप लगाये थे। संजय सिंह के चुनाव के बाद ओलंपिक पदक विजेता पहलवान साक्षी मलिक ने कुश्ती से संन्यास लेने की घोषणा की थी।

**पिछले लगभग एक साल के भारतीय कुश्ती संघ के विवाद ने कुश्ती को बहुत नुकसान पहुंचाया। यह नुकसान दिख नहीं रहा किंतु इसकी भारपायी के लिए बड़ा प्रयास करना होगा।**

टेक वर्ल्ड

## एक्स ला रहा है दो नये प्लान्स

शुरूआत में जब सोशल मीडिया का दौर चला था तो कई सारे लेखक प्रतिक्रिया में रहते थे कि जब यूजर्स इसके आदी हो जायेंगे तो लाइक और कमेंट के भी पैसे लगेंगे और एक्स इसको बिल्कुल सही साबित करता जा रहा है। ट्विटर अब पूरी तरह से X बन चुका है और एलन मस्क जिन्हें दुनिया ना केवल सबसे बड़े अरबपति के रूप में जानती है, बल्कि इनोवेटिव एंटरप्रेन्योर के रूप में भी उनकी पहचान है, उन्होंने ट्विटर को पूरी तरह से बदल दिया। भारत में नये कान की मशीनों की कीमत (और आकार) आपको चौंका देगी इस बदलाव की कड़ी में वह दो प्रीमियम पेड प्लांस के साथ आने वाले हैं, जिसमें पहला 8 डॉलर मंथली से कम का प्लान होगा। वहीं दूसरा प्लान थोड़ा महंगा होगा जो सभी प्रकार के विज्ञापनों को हटा देगा। जाहिर तौर पर एक्स की अपनी एक अलग लोकप्रियता है और उसी लोकप्रियता को एलन मस्क पूरी तरह से भुनाने की कोशिश कर रहे हैं। एलन मस्क ने जब से ट्विटर को खरीदा है वह आमदनी बढ़ाने के लिए अलग-अलग प्रयोग को लगातार रोल आउट कर रहे हैं। हालांकि बहुत सारे फॉलोअर्स उनके इस प्रयासों को पसंद नहीं भी कर रहे हैं। जैसे एक फॉलोअर द्वारा इस प्रयास पर कमेंट किया गया कि एक को ज्यादा मोनेटाइजेशन पेआउट सिस्टम पर कार्य करना चाहिए। खैर कुछ तो लोग कहेंगे लोगों का काम है कहना। इससे भला एलन मस्क को सीधे तौर पर कुछ लेना-देना नहीं है, लेकिन आपको बता दें कि कम रुपए वाले प्रीमियम प्लान में यूजर्स को सभी फीचर मिलेंगे लेकिन उसमें एडवर्टाइजमेंट भी रहेगी यानी ऐड भी आपको दिखेगा।

(क्रमशः)

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### बाइक दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बारियातु मोड़ के समीप बाइक दुर्घटना में घायल सिन्दूरब्बे गांव निवासी जोबा मुंडा के 22 वर्षीय पुत्र निर्मल मुंडा की मौत इलाज के दौरान रांची रिम्स में हो गई। युवक का शव एम्बुलेंस के माध्यम से गुरुवार को सिन्दूरब्बे गांव पहुंचा। मालूम हो कि बीते 25 दिसम्बर के देर साम युवक बारियातु मोड़ के समीप बाइक दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल हो गया था। पवन विश्वकर्मा व थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया था। ।

### एनडीपीएस के फरार अभियुक्त को भेजा जेल

**गिद्धौर।** एनडीपीएस के फरार अभियुक्त डेगलाल दांगी के पुत्र आनंद कुमार दांगी को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आनंद कुमार के विरुद्ध गिद्धौर थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत कांड संख्या 39/22 दर्ज था, जिसमें करीब एक वर्ष से युवक फरार चल रहा था। छापेमारी दल में थाना प्रभारी गुलाम सरवर, पुलिस अवर निरीक्षक रामदेव वर्मा सहित अन्य जवान शामिल थे।

### जेएमएम का प्रखंड स्तरीय चुनाव संपन्न

**इटखोरी।** प्रखंड क्षेत्र के लोरम मोड़ स्थित गुप्ता होटल में झारखंड मुक्ति मोर्चा की गुरुवार को बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पंकज प्रजापति व संचालन सलीम अख्तर ने किया। पर्यवेक्षक सुरेश साव के उपस्थिति में प्रखंड कमेटी का गठन करते हुए सर्वसम्मति से बबलू केसरी को प्रखंड अध्यक्ष, उमेश यादव को प्रखंड सचिव, प्रदीप सिंह को उपाध्यक्ष बनाया गया। मौके पर सिमरिया विस प्रभारी मनोज चंद्रा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष वंदना सिंह, आलोक रंजन, चंद्रदेव साव, भरत साव, मकसूद आलम, संजय गुप्ता, सुधीर साव, राजकुमार रजक, जुगेश्वर दांगी, कृष्णा साव समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### विधायक प्रतिनिधि अनिल को पितृशोक

**मयूरहंड।** प्रखंड मुख्यालय के मुखिया मृदुला देवी के ससुर सह विधायक प्रतिनिधि अनिल कुमार सिंह के पिता 107 वर्षीय श्री सिंह की आकाष्मिक निधन गुरुवार सुबह हो गया। उनके निधन से प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र में शोक का लहर है इसी माह उन्हे प्रखंड विकास पदाधिकारी साकेत कुमार सिन्हा व थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह ने प्रखंड के वरिष्ठ नागरिक का सम्मान से सम्मानित किया था। दिवंगत स्वतंत्र भारत के पहले चुनाव से मतदान करते आ रहे थे। इस उम्र में भी बगैर चस्मा के अखबार व रामायण पढा करते थे। इसके अलावा प्रत्येक दिन राम राम लिखा करते थे। अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए। उनके अंतिम यात्रा में मयूरहंड, इटखोरी, चौपारण, हजारीबाग, चतरा क्षेत्र के दर्जनो जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग शामिल थे।

### कोयला लदा वाहन थाने को सौंपा

**टंडवा।** सीसीएल के मगध परियोजना से अवैध कोयले का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। पिछले दिनों अवैध कोयला लदा एक जब्त हाइवा के विरूद्ध स्थानीय थाना में सुरक्षा प्रहरी के लिखित शिकायत के आधार पर बालूमाथ थाना क्षेत्र के आरा निवासी वाहन मालिक सह चालक विक्की साव पिता रामनंदन साव संख्या ओडी 09 पी 3588 के विरुद्ध टंडवा थाना में मामला दर्ज कराया गया है। कोलवाहन को स्थानीय पुलिस द्वारा जब्त कर अनुसंधान की जा रही है।

### जिला कांग्रेस कमेटी ने पार्टी का 139वां स्थापना दिवस मनाया

# देश के लिए कांग्रेस नेताओं ने दिया अपना बलिदान : मुनेश्वर

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

जिला कांग्रेस कमेटी ने गुरुवार को जिला कार्यालय में पार्टी का 139वां स्थापना दिवस मनाया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मुनेश्वर उरांव ने की। इस मौके पर कांग्रेस अध्यक्ष श्री उरांव ने कहा कि 1885 में इंडियन नेशनल कांग्रेस की स्थापना में एक रिटायर्ड ब्रिटिश अफसर ऐलन ऑक्टेवियन ह्यूम ने अहम भूमिका निभाई थी।

स्थापना का उद्देश्य यह था कि भारत के पढ़े-लिखे लोगों की आवाज और अधिकारों की लड़ाई ब्रिटिश रूलर्स तक पहुंच सके। माना जाता है कि भारत की आजादी की लड़ाई में भी कांग्रेस ने महात्मा गांधी के नेतृत्व में अहम भूमिका निभाई थी। उरांव ने कांग्रेस के स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा की देश की आजादी की लड़ाई से लेकर आधुनिक भारत के निर्माण में कांग्रेस पार्टी का अतुलनीय योगदान रहा है। कांग्रेस के कई नेताओं ने अपना अलिदान देकर देश की सेवा और रक्षा करने का कार्य किया है। स्व. इंदिरा गांधी और स्व. राजीव गांधी ने देश की सेवा करते करते शहीद हो गए। देश को आजादी दिलाने के लिए कांग्रेस ने कोई कसर नहीं छोड़ी। आजादी मिलने के बाद भी देश के निर्माण में हर वह प्रयास किया जो देशहित में था। आज विपक्षी कांग्रेस मुक्त भारत बनाने की कोशिश कर रहे हैं पर देश के हर नागरिक में कांग्रेस पार्टी की विचारधारा रग रग में भरी हुई है। आज भी कांग्रेस पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अगुवाई में संविधान की रक्षा के लिए और हर वर्ग की लड़ाई लड़ रही है। इंदिरा आवास, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, जनवितरण प्रणाली, सूचना का अधिकार, रोजगार का अधिकार, शिक्षा का अधिकार और सूचना क्रांति जैसे कई क्रांतिकारी योजनाएं कांग्रेस पार्टी की देन है। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष शम्भू यादव, प्रवक्ता सुदेश्वर उरांव, बसंत यादव, गुलाम हैदर अली, महरंग राम, चंद्रदेव उरांव, सुदेसर उरांव, कुलेशर उरांव, उपेन्द्र पासवान, महेंद्र प्रसाद, वीरेंद्र आदि मौजूद रहे।

### स्थापना दिवस पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्षों ने किया कंबल का वितरण



**बारियातु/बालूमाथ।** कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रिगन कुमार ने पार्टी के 138वें स्थापना दिवस पर गुरुवार को साल्वे ग्राम में एक कार्यक्रम आयोजित कर 60 गरीब, असहाय, वृद्ध महिला पुरुष के बीच कंबल का वितरण किया। मौके पर एससी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष कुलदीप राम, बारियातु पंचायत अध्यक्ष निरंजन यादव, संतोष राम, राजेश उरांव, जगदीश लोहरा, मुकेश गझु, सुनील कुमार, मानती देवी आदि मौजूद थे। वहीं बालूमाथ प्रखंड अध्यक्ष मो. आमिर हयात की अध्यक्षता में कांग्रेस ने पार्टी का स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी समेत प्रखंड कांग्रेस के कई प्रतिनिधि उपस्थित हुए। इस मौके पर जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मौके पर यूथ प्रखंड अध्यक्ष मो. ऐजाज, उपाध्यक्ष प्रिंस, उपाध्यक्ष फैसल खान, यूथ कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मो. ऐजाज, टीपू, गोविंद राम, राजन, तौसीफ आदि उपस्थित रहे।

## पति ने पत्नी की धारदार हथियार से की हत्या

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के हेठ पोचरा पंचायत के समीप मंजर ग्राम निवासी विशाल सिंह ने अपनी पत्नी की धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी। मृतक की पहचान रेखा देवी (32) वर्ष के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह हत्या मंगलवार की शाम ही की गई थी। आसपास के लोगों को इसकी जानकारी न हो इसको लेकर आरोपी बड़े आराम से पत्नी के शव के साथ ही रहा था। बुधवार की सुबह मृतक की बेटी अपनी मां को उठाने गई तो वह नहीं उठी। इसके बाद बेटी ने पास में रह रही अपनी दादी को इसकी जानकारी दी। दादी अपने बेटे के घर गई तो देखा कि रेखा देवी की हत्या हो गई है। इसके बाद वह रोने और चिल्लाने लगी। यह सुनकर हलासुन आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। इसकी सूचना लातेहार सदर थाना को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। ग्रामीणों के अनुसार हत्या का कारण पत्नी का अवैध संबंध बताया जा रहा है।

# सीसीएल के सीएमडी ने किया मगध व आम्रपाली कोल परियोजना का दौरा



**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा/बालूमाथ**

सीसीएल के सीएमडी डॉ. बी वीरा रेड्डी गुरुवार को टंडवा पहुंचे। इस दौरान मगध व आम्रपाली कोल परियोजना का निरीक्षण किया। सबसे पहले रेड्डी आम्रपाली कोल परियोजना पहुंचे जहां जीएम अमरेश कुमार ने उनका भव्य स्वागत किया। आम्रपाली कोल परियोजना में कोयला उत्पादन व डिस्पेच से जुड़ी जानकारी लेने के साथ सीएमडी ने कोल स्टॉक, जीएम कार्यालय, ट्रांस्पोर्टिंग रोड आदि का निरीक्षण किया। इसके अलावे शिवपुर रेलवे साइडिंग पहुंच कर रेलवे से कोयला ढुलाई की जानकारी ली। बताया गया की आम्रपाली कोल परियोजना में वित्तिय वर्ष में 23 मिलियन कोयला व 28 लाख क्यूबिक मीटर ओबी निकालने का लक्ष्य है। जिसमें अबतक 14.4 मिलियन कोयला व बीस लाख क्यूबिक मीटर ओबी का उत्पादन हो चुका है। सीएमडी ने वितीय वर्ष में उत्पादन लक्ष्य को पूरा करते हुए डिस्पेच बढ़ाने का निर्देश दिया। आम्रपाली कोल परियोजना के बाद सीएमडी मगध कोल परियोजना पहुंचे। जहां जीएम नृपेंद्र नाथ से कोयला उत्पादन व डिस्पेच से जुड़ी कई अहम जानकारियां ली और लक्ष्य के अनुरूप उत्पादन व डिस्पेच करने का निर्देश दिया।

## बासुदेव पांडेय ने लिया बलबल पशु मेले का डाक

**गिद्धौर।** प्रखंड के गर्म जल कुंड बलबल में मकर संक्रांति पर लगने वाले 10 दिवसीय पशु मेला का डाक गुरुवार को संपन्न हुआ। मेले का डाक प्रखंड कार्यालय सभागार में आयोजित किया गया था। जिसमे प्रमुख अनीता यादव, जिप सदस्य अनीता देवी, उप प्रमुख प्रीतम यादव के साथ प्रखंड के प्रधान सहायक रामदेव प्रसाद ठाकुर, मनोज मिश्रा सहित अन्य मुख्य रूप से उपस्थित थे। मेले का सरकारी डाक 77769 रुपया निर्धारित था। जिसमें त्रिभुवन राम ने 78120 रुपए, अर्जुन यादव ने 78130 रुपए की बोली लगाई। इस प्रकार मंदिर के पुजारी वासुदेव पांडेय ने 80100 रुपए की बोली लगाकर बलबल मेले का डाक अपने नाम कर लिया। डाक संपन्न होने के साथ ही बलबल मेला की तैयारी प्रारंभ कर दी गई। बताते चलें कि मकर संक्रांति के मौके पर 10 दिवसीय पशु मेला में लाखों की भीड़ उमड़ती है। मौके पर द्वारी मुखिया जगदीश यादव, सुरेश प्रसाद यादव, बालेश्वर यादव, शशि कुमार गुप्ता, प्रमोद पांडेय, विकास लाल अग्रवाल सहित अन्य थे।

## चंदवा कांग्रेस ने मनाया पार्टी का 139वां स्थापना दिवस



**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

प्रखंड कांग्रेस कमेटी ने गुरुवार को प्रखंड कार्यालय में पार्टी का 139वां स्थापना दिवस मनाया। प्रखंड अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान ने इस अवसर पर कहा कि पार्टी का उद्देश्य जनता का कल्याण है। हम सभी को इस बात पर गर्व है कि हमने पूरी ईमानदारी से ऐसा भारत बनाने के लिए संघर्ष किया है। कांग्रेस ने हमेशा भारत निर्माण की दिशा में काम किया है और यह पार्टी संसदीय लोकतंत्र और समानता पर आधारित है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का उद्देश्य जनता का कल्याण और देश के लोगों की प्रगति है। कांग्रेस संसदीय लोकतंत्र पर आधारित भारत में विश्वास रखती है, जहां बिना किसी भेदभाव के सभी के लिए समान अवसर मौजूद हों। पार्टी ऐसा देश बनाना चाहती है, जहां संविधान में मौजूद राजनैतिक, आर्थिक और सामाजिक अधिकारों का पालन किया जाय। उन्होंने कहा कि उन्हें गर्व है कि वह कांग्रेस जैसे संगठन का हिस्सा हैं, जिसका आधार सच्चाई और अहिंसा है और प्रेम, सम्मान और समानता इसके स्तंभ हैं। उन्होंने स्थापना दिवस पर सभी भारतीयों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रामयश पाठक, श्रीराम शर्मा, बाबर खान, अरुण भारती, कैलाश बैठा, मनीष भारती, सरवर अंसारी, बालजी उरांव, रिझरुश पाल एक्का, मो रसीद, धनेश्वर सिंह, दामोदर उपाध्याय, छटन राम, सागर प्रजापति व अन्य शामिल थे।

## शराब पीकर बाइक चलाना छह युवकों को पड़ा महंगा

**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय चौक में बुधवार देर शाम परिवहन विभाग के तत्वाधान में पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग अभियान के साथ-साथ ड्रंकन ड्राइव चेकिंग अभियान चलाया गया। इस क्रम में शराब पीकर बाइक चलाने वाले आधा दर्जन युवकों को महंगा पड़ा। ड्रंकन ड्राइव द्वारा युवकों की जांच की गई। जांच में कई युवक शराब पीकर बाइक चलाते पकड़े गए। जबकि कई युवक बगैर लाइसेंस व हेलमेट के चल रहे थे। वैसे में परिवहन विभाग द्वारा इन युवकों से 30000 रुपया जुमार्ना के तहत राजस्व की वसूली की गई। इस दौरान थाना प्रभारी ने कहा सुधर जाएं नहीं तो कार्रवाई के लिए रहें तैयार। वहीं परिवहन विभाग व पुलिस द्वारा अचानक इस तरह के कार्रवाई से शराब पीकर बाइक चलाने वालों में हड़कंप मच गया। अभियान में मोटरयान निरीक्षक संतोष सोरेन, थाना प्रभारी गुलाम सरवर, पुलिस अवर निरीक्षक रामदेव वर्मा के पुलिस के जवान व परिवहन विभाग के कर्मी शामिल थे।

## पंसस अयुब ने एनएचएआई के लापता होने का लगाया पोस्टर

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

माकपा के वरिष्ठ नेता चतरा लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रहे कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान द्वारा टोरी चंदवा में आरओबी (फ्लाई ओवरब्रिज) और फुट ब्रिज निर्माण कराने को लेकर एक सप्ताह तक चलाए जा रहे सोशल मीडिया पर पोस्टर अभियान के पांचवें दिन आरओबी का निर्माण कार्य छोड़कर एनएच विभाग के लापता होने का पोस्टर रेलवे क्रॉसिंग के आसपास लगाया। पोस्टर में लिखा है कि टोरी जंक्शन के समपार फ्लाईओवर ब्रिज का शिलान्यास कर एनएचआई लापता हो गया है।

विभाग ने मिलकर आरओबी के लिए सीमांकन किया। जमीन का अधिग्रहण किया। रैयतों से भूमि से संबंधित कागजात भी लिये। निर्माण के लिए शिलान्यास करवाया। अधिग्रहित भुमि का मुआवजा देने और फ्लाई ओवर ब्रिज की निर्माण की बारी आई तो एनएचएआई लापता हो गया है। टोरी रेलवे क्रॉसिंग जाम से बुरी तरह प्रभावित लाखों ग्रामीण फ्लाई ओवर ब्रिज का शिलान्यास कर लापता हुए एनएच विभाग को बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। टोरी जंक्शन स्टेशन के पश्चिम में फुट ओवर ब्रिज के निर्माण शुरू करने के लिए भी लगातार टालमटोल हो रहा है। इसकी एजेंसी का भी कोई अता पता नहीं है। फ्लाई ओवरब्रिज का निर्माण नहीं होने से रेलवे क्रॉसिंग जाम से आम जनता काफी परेशान हैं। घंटों रेलवे क्रॉसिंग जामपर लोगों का समय बर्बाद हो रहा है। जाम से ग्रामीण त्राहि त्राहि कर रहे हैं। मरीज लिए एम्बुलेंस फंस रहे हैं। मरीज की मौत रेलवे क्रॉसिंग में तड़प तड़प कर हो जा रही है। असमय लोगों की मौत हो रही है। अभी तक कई लोगों की मौत रेलवे क्रॉसिंग जाम पर हो गई है। सोशल मीडिया पर पोस्टर अभियान में माकपा के वरिष्ठ नेता अयुब खान, रसीद मियां, सनीका मुंडा, जीतन टोपनो, अनिल गंझू, सहजीवन भोगता, पैंतु गंझू आदि शामिल थे।



## टीम ले लकड़ी के साथ एक चोर को पकड़ा

**बरवाडीह।** प्रखंड के छिपादोहर पूर्वी वन क्षेत्र के वन विभाग की टीम ने सोमवार शाम अवैध लकड़ी के साथ एक लकड़ी चोर को पकड़ने में कामयाबी हासिल किया है। संबंध में मिली जानकारी के अनुसार वन विभाग के रेंजर शंकर पासवान को मिली गुप्त सूचना के आधार पर छिपादोहर पूर्वी वन क्षेत्र में प्रभारी वनपाल नवीन कुमार प्रसाद के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने छिपादोहर पूर्विवक्षेत्र में छापामारी अभियान चलाकर वन क्षेत्र से कीमती लकड़ी के साथ एक चोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया वही एक चोर मौके से फरार हो गया। गिरफ्तार चोर की पहचान विनेश्वर भुईयां के रूप में हुई है।

इस संबंध में छिपादोहर पूर्वी के प्रभारी वनपाल नवीन कुमार प्रसाद ने बताया की वन क्षेत्र में लकड़ी माफिया कीमती लकड़ी की तस्करी में जुटे हैं। सूचना के आलोक में एक टीम बनाकर जंगल में छापामारी किया गया। मौके से एक तस्कर को दो पीस साल चौपहल के साथ गिरफ्तार किया गया। वहीं एक चोर अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया।

## विधायक रामचंद्र ने ऐतिहासिक चपरी मेले का किया उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

प्रखंड की छेंचा पंचायत अंतर्गत चपरी मेलाटांड़ में लगने वाले तीन दिवसीय ऐतिहासिक चपरी जातरा मेले का गुरुवार को स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह, जिप सदस्य संतोषी शेखर, थाना प्रभारी श्री निवास सिंह, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद उद्घाटन किया। मौके पर विधायक ने चपरी मेला को बचाए रखने के लिए बाहर से आने वाले व्यापारियों को सुरक्षा एवं संरक्षण देने पर जोर दिया। तीन दिवसीय मेले में प्रखंड क्षेत्र के साथ-साथ पलामू, गढ़वा समेत दूसरे जिलों के कई व्यवसायी अपनी-अपनी दुकानों को लेकर आये हैं। मेले में सबसे अधिक बिक्री गुड़ की बनी मिठाई के साथ पत्थर, लोहा आदि के हस्त निर्मित उत्पादों की देखी गई।

वहीं बच्चों को आकर्षित करने के लिए झूला, म्यूजिकल डांस आदि मनोरंजन केंद्र भी बनाए गए हैं। उधर पूरे मेले की विधि व्यवस्था थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह के नेतृत्व पुलिस की टीम व मेला कमेटी द्वारा देखी जा रही है। मौके परछेंचा पंचायत के उप मुखिया राणा प्रताप सिंह, मेला समिति अध्यक्ष चंदन सिंह, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह पिंटू, रविंद्र नाम, अनिल कुमार सिंह, शिवानंद तिवारी, अजय सिंह बिट्टू, विजय बहादुर सिंह, सुनील कुमार सिंह, रंजीत कुमार राम, मंटू यादव, अशोक यादव, राजेंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

## अयोध्या से आए पूजित अक्षत व आमंत्रण पत्र का किया गया वितरण

**मयूरहंड(चतरा)।** मयूरहंड प्रखंड के सोकी पंचायत स्थित गुरूवाडीह मंदिर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा अयोध्या श्रीराम मंदिर के भव्य निर्माण में भाग लेने को लेकर अयोध्या से आये अक्षत, श्रीराम भगवान की तस्वीर व आमंत्रण पत्र को वितरण को लेकर बैठक आयोजित की गयी। बैठक में घर घर अक्षत व आमंत्रण पत्र पहुंचने के साथ आगामी 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर के भव्य उद्घाटन में जाने का आग्रह भी लोगों से किया गया। बैठक में बलवंत सिंह ने बताया कि बड़ा स्वभाग्य के साथ यह अवसर प्राप्त हुआ है। हम सभी को इस मौके पर शामिल होने की जरूरत है। वही उन्होंने प्रखंड के सभी लोगों को इस कार्यक्रम में सहयोग करने की अपील की। मौके पर भाजपा पिछड़ा वर्ग के प्रखंड अध्यक्ष कैलाश रवानी, विधयाक प्रतिनिधि मुरली मेहता, मणि राज, नरेश मेहता, रविन्द्र मेहता, जय प्रकाश मेहता, विनोद मेहता, बालेश्वर मेहता, सुभाष मेहता, ईश्वर रविदास सहित अन्य उपस्थित थे।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू

(सर्वसाधारण के लिए सूचना)

शहर थाना कांड सं0–119/2021 के प्रा0 अभियुक्त छोटा डब्लू उर्फ अभिषेक सिंह पिता रनवीर सिंह सा0 जेलहाता, बस स्टैंड के पास डालटनगंज थाना शहर जिला पलामू के संबंध में सूचना/जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में सूचित करें अथवा निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर – 9431706240
थाना प्रभारी, शहर – 9431333046

पुलिस अधीक्षक
पलामू

PR 314568 Police (23-24)_D



## कार्यालय नगर पंचायत हरिहरगंज(पलामू)

Email id:-np.hariharganj@gamil.com

पत्रांक.............. **आवश्यक सूचना** दिनांक......................

आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर पर हरिहरगंज नगर पंचायत अन्तर्गत विभिन्न वाडो में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) हेतू आवेदन जमा किए है परन्तू उक्त योजना के लाभ हेतू आवश्यक दस्तावेज जमा नही किए हैं वैसे आवेदको को सुचित किया जाता है कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) हेतू निम्न प्रकार की शर्ते/ दस्तावेज/कागजात की आवश्यकता है –

1.आवेदक उक्त निकाय/वार्ड में जून 2015 के पूर्व से निवासी अनिवार्य है।
2.आवेदक का 3 लाख से कम आय प्रमाण पत्र।
3.आवेदक/आवेदक का परिवार का पूरे भारत वर्श में कहीं भी पक्का मकान नही है।
4.आवेदकं योजना अंतर्गत आवास प्राप्त करने हेतु लाभुक अंशदान की राशि रू0 1,37,100 नियमानुसार व्यय करने में सक्षम होना चाहिए।
5.आवेदक पूर्व मे किसी भी आवास योजना का लाभ नही लिए होना चाहिए।
6.आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेज अनिवार्य है।
- परिवारिक फोटो
- मतदाता पहचान पत्र की छायाप्रति
- बैंक अकाउंट हेतु पास बुक की छायाप्रति
- आय प्रमाण पत्र
- आधार कार्ड की छायाप्रति
- भारतवर्श में कहीं भी पक्का मकान नही होने का शपथ पत्र
- भू–स्वामित्व पत्र

7.मेरे द्वारा उपरोक्त दी गई कोई भी जानकारी गलत/छुपाया गया पाया जाता है तो निकाय द्वारा मेरे विरूद्ध विधि सम्मत कार्रवाई करने पर मुझे आपति नही होगी।

मैंने उपरोक्त वर्णित सभी तथ्यो को पढ़/सुन एवं समझ लिया है और सभी तथ्यो से सहमत हो कर अपना हस्ताक्षर/अंगुठा का निशान लगा रहा/रही हूं।

सभी आवेदको को सुचित किया जाता है कि उपरोक्त दस्तावेज/ कागजात के साथ एक सप्ताह के अंदर कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करेंगे। यदि जमा नही करते है तो माना जायेगा की आप PMAYU के पात्र नही है। इस आधार पर आपके आवेदन को रद कर दिया जायेगा।

आदेशानुसार
कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत हरिहरगंज

PR314526 (District)23-24*D


## खेलकूद

### अंकित कुमार को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार

# प्रतापपुर इलेवन ने गुरुकुल एकेडमी को हराया

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**

गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय के जवाहरलाल फुटबॉल मैदान में चल रहे जिला स्तरीय लीग मैच में गुरुवार को 19वां मैच प्रतापपुर इलेवन बनाम गुरुकुल एकेडमी पिपरवार के बीच खेला गय, जिसमें टॉस जीत कर प्रतापपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 24 ओवर में नौ विकेट पर 158 रन बनाया। टीम की ओर से अंकित कुमार 88, निलेश कुमार 38 व गौतम कुमार ने 24 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया। वहीं जवाबी पारी खेलने उतरी गुरुकुल एकेडमी पिपरवार की टीम ने 25 ओवर में पांच विकेट खो कर महज 143 रन ही बना पाई। इस प्रकार प्रतापपुर इलेवन 15 रन से मैच जीत लिया। गुरुकुल एकेडमी की ओर से रौशन कुमार ने सर्वाधिक 88 रन बनाया। अंकित कुमार को मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। मैच में अंपायर की भूमिका गोलू व प्रेम राणा ने निभाई, जबकि स्कोर की भूमिका राहुल कुमार ने निभाया। मौके पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय कुमार सिंह, सचिव मनोज सहाय, जिला क्रिकेट लीग के अध्यक्ष प्रेम राणा, लक्ष्मण दांगी, संतोष कुमार निराला, सोनू कुमार सिंह, मनोज कुमार कुशवाहा व सुमित कुमार शामिल थे।




## पीडीएस डीलर संघ ने बीडीओ को सौंपा मांग पत्र

**बरवाडीह।** फेयर प्राइस शॉप डीलर्स ऐसोसियेशन झारखंड राज्य के बैनर तले अपनी 14 सूत्री मांगों को लेकर आगामी 1 जनवरी से बरवाडीह के पीडीस डीलर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे। गुरुवार को डीलर संघ की बरवाडीह इकाई ने अध्यक्ष ज्वाला प्रसाद के नेतृत्व में अपनी 14 सूत्री मांग पत्र प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय को सौंपा। मौके पर मुरारी लाल, कुलदीप सिंह, मुनेश्वर साव, मनोज सिंह चेरी, नागेश्वर राम, निजाम खान अशोक राम, विजय तिर्की, शिवकुमार जायसवाल, सुनील सिंह, बसंत सिंह, यमुना सिंह आदि मौजूद थे।






## एक नजर

### जम्मू-कश्मीर : बारामूला में लश्कर का 'आतंकी सहयोगी' गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले से आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के एक 'आंतकी सहयोगी' को गिरफ्तार किया गया तथा उसके पास से हथियार और गोला-बारुद जब्त किए गए। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि क्रीरी इलाके में आतंकवादी गतिविधि की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने श्राकवारा क्रीरी में एक जांच चौकी स्थापित की।

### देश में कोरोना के 702 नए मामले आए सामने, 6 मरीजों की मौत



**नई दिल्ली।** देश में कोरोना के मामले तेजी से बढ़ते जा रहे हैं। पिछले 24 घंटे में देश में कोरोना के 702 नए मामले सामने आए हैं और इससे 6 मरीजों की मौत हो गई है। गुरुवार को स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक मौजूदा समय में देश में 4150 एक्टिव मामले हैं। कोरोना से 692 मरीज स्वस्थ हुए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक दिल्ली में कोरोना के 9 नए मामले सामने आए हैं और एक की मौत हुई है। केरल में 358 नए मामले सामने आए हैं और एक की मौत हुई है। गोवा में 16 नए मामले सामने आए हैं।

### अल-कायदा के दो कट्टरपंथी सदस्यों को सात साल की सजा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) बेंगलुरु की विशेष अदालत ने बुधवार को अल-कायदा के दो कट्टरपंथी सदस्यों को दोषी ठहराते हुए 7 साल कैद की सजा सुनाई है। मामले में एनआईए अदालत ने असम के अख्तर हुसैन लस्कर उर्फ मोहम्मद हुसैन और पश्चिम बंगाल के अब्दुल अलीम मंडल उर्फ मोहम्मद जुबा पर क्रमशः 41,000 रुपये और 51,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। इन पर भारतीय उपमहाद्वीप में अल-कायदा की गतिविधियों में शामिल होने का आरोप था। एनआईए की जांच से यह भी पता चला है कि इन्होंने भारतीय उपमहाद्वीप में अल-कायदा की साजिश के तहत खुरासान में प्रशिक्षण लेने के बाद भारत में एक विशेष समुदाय के सदस्यों के खिलाफ जिहाद करने की योजना बनाई थी।

### कुरैशी की 30 दिन की रिमांड के अनुरोध वाली याचिका पर सुरक्षित रखा फैसला



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक अदालत ने पूर्व पीएम इमरान खान के करीबी सहयोगी एवं पीटीआई के उपाध्यक्ष शाह महमूद कुरैशी की 30 दिन की रिमांड के अनुरोध संबंधी पुलिस की याचिका पर गुरुवार को फैसला सुरक्षित रख लिया। मीडिया की एक खबर में यह जानकारी दी गई है। पुलिस ने नौ मई को सैन्य मुख्यालय पर हुए हमले के सिलसिले में जेल में बंद कुरैशी को 30 दिन के लिए हिरासत में दिये जाने का अनुरोध किया है। पूर्व विदेश मंत्री कुरैशी (67) को बुधवार को अदियाला जेल से रिहाई के बाद फिर से गिरफ्तार कर लिया गया था और इस दौरान पुलिस ने उनके साथ कथित तौर पर दुर्व्यवहार किया। कुरैशी व उनकी पार्टी ने इस कदम को अवैध करार दिया है। कथित भ्रष्टाचार के मामले में पीटीआई प्रमुख की गिरफ्तारी के बाद जेल में बंद इमरान के समर्थकों ने नौ मई को सैन्य और सरकारी प्रतिष्ठानों पर हमले किए थे।

# 4115.56 करोड़ की लागत से बन रहा भव्य अयोध्या धाम



मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा



अयोध्या धाम स्टेशन फेज-1



लता मंगेशकर चौक



सआदतगंज से नयाघाट तक स्पाइन रोड में शानदार लाइटिंग की व्यवस्था

**एजेंसी। अयोध्या**

अयोध्या धाम को वैश्विक पटल स्थापित करने की लगातार तैयारी चल रही है। इसी क्रम में अयोध्या के नव्य-भव्य स्वरूप को मूर्त रूप देने के लिए 4115.56 करोड़ रुपये की कुल लागत से 50 मेगा प्रोजेक्ट्स को पूर्ण कर लिया गया है। जिससे भव्य और दिव्य अयोध्या दिखने लगी है। पीएम मोदी के 30 दिसंबर को प्रस्तावित दौरे में इन्हीं परियोजनाओं से जुड़े कई प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण किया जाएगा। हालांकि, कई मेगा प्रोजेक्ट्स तीन फेज में निमार्णाधीन हैं जिसमें से फेज-1 का कार्य पूरा कर लिया गया है, जबकि फेज-2 व फेज-3 का कार्य नए वर्ष में जोर पकड़ेगा।

- नयाघाट स्थित लता मंगेशकर चौक बन कर तैयार
- अयोध्या धाम स्टेशन के फेज-1 की विकास प्रक्रिया समेत कुल 50 मेगा प्रोजेक्ट्स बनकर तैयार
- 1462.97 करोड़ की लागत से बने मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा व 241 करोड़ रुपये से अयोध्या धाम स्टेशन फेज-1 का लोकार्पण पीएम मोदी 30 दिसंबर को अयोध्या में करेंगे।
- सआदतगंज से नयाघाट तक स्पाइन रोड का 844.93 करोड़ रुपए की लागत से राम पथ का निर्माण।
- राजर्षि दशरथ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के निर्माण कार्य को 245.64 करोड़।
- शिरोपरि लाइनों को भूमिगत किए जाने के लिए 167 करोड़
- पंचकोसी परिक्रमा मार्ग स्थित बड़ी बुआ रेलवे क्रॉसिंग पर रेल ओवर ब्रिज के लिए 74.24 करोड़
- राम की पैड़ी पर 24.81 करोड़ रुपये की लागत से पंप हाउस का रीकंस्ट्रक्शन
- 37.08 करोड़ रुपये की लागत से लक्ष्मण कुंज स्मार्ट वाहन पार्किंग
- 14.87 करोड़ रुपये की लागत से सूर्य कुंड में जन सुविधाओं का विकास कार्य

**कई अन्य परियोजनाएं पूरी**

स्वर्णखनी कुंड में पर्यटन विकास, म्यूरल आर्ट पेंटिंग कार्य, हनुमान कुंड में पर्यटन विकास, गणेशकुंड पर पर्यटन विकास, यात्री निवास के उच्चीकरण, राम कथा पार्क का विस्तारीकरण, हनुमानगढ़ी, दशरथ महल, कनक भवन, जानकी मंदिर आदि स्थानों पर फसाड लाइट लगाने व मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के तहत करोड़ों खर्च कर विभिन्न परियोजनाओं को पूर्ण कर लिया गया है।

# 'तापस यूएवी' कार्यक्रम को मिशन मोड में बंद किया गया

### डीआरडीओ को मिली रुस्तम मेल यूएवी परियोजना के विकास के लिए हरी झंडी

### यूएवी की 30 हजार फीट ऊंचाई पर 24 घंटे उड़ान क्षमता पूरा करने को कहा गया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सरकार ने रक्षा अनुसंधान विकास संगठन (डीआरडीओ) में विकसित किये जा रहे स्वदेशी तापस यूएवी कार्यक्रम को मिशन मोड में बंद करने का फैसला लिया है। साथ ही भारत सरकार ने इस फंड से एक उत्पादन एजेंसी के सहयोग से रुस्तम मेल यूएवी परियोजना के विकास के लिए हरी झंडी दे दी है। डीआरडीओ को तापस यूएवी की 30 हजार फीट ऊंचाई पर लगातार 24 घंटे की उड़ान क्षमता पूरा करने के लिए कहा गया है। इन दोनों लक्ष्यों को हासिल करने के बाद तापस यूएवी कार्यक्रम को मंजूरी देने की शर्त लगाई गई है। तापस का पूरा नाम टेक्टिकल एयरबॉर्न प्लेटफॉर्म फॉर एरियल सर्विलांस बियॉन्ड होराइजन है। यह भारत का पहला मीडियम एल्टीट्यूड लॉन्ग एंड्योरेंस यूएवी है, जो अमेरिका के एमक्यू-1 प्रीडेटर ड्रोन जैसा ही है। तापस अपने आप ही टेक ऑफ और लैंड करने की क्षमता रखने वाला ड्रोन है। इसे पहले रुस्तम-2 के नाम से पुकारा जाता था, जिसकी अधिकतम रफ्तार 224 किलोमीटर प्रति घंटा थी। 20.6 मीटर के विंगस्पैन वाला यह ड्रोन फिलहाल लगातार 1000 किलोमीटर तक उड़ान भर सकता है। यह 28 हजार फीट की ऊंचाई पर 18 घंटे से ज्यादा की उड़ान भर सकता है। डीआरडीओ के तापस मीडियम-एल्टीट्यूड लॉन्ग-एंड्योरेंस मानव रहित हवाई वाहन को एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट (एडीए) ने विकसित किया है।

हालांकि डीआरडीओ की ओर से इस बात की पुष्टि नहीं की गई है लेकिन सरकारी सूत्रों के अनुसार रुस्तम-2 यानी तापस कार्यक्रम को मिशन मोड में बंद कर दिया गया है। सरकार ने इसके लिए डीआरडीओ को दिए गए अलग फंड से एक उत्पादन एजेंसी के सहयोग से रुस्तम मेल यूएवी परियोजना के विकास के लिए हरी झंडी दे दी है। साथ ही एडीई को सेना, वायु सेना और नौसेना की जरूरत को देखते हुए तापस यूएवी की 30 हजार फीट ऊंचाई पर लगातार 24 घंटे की उड़ान क्षमता पूरा करने के लिए कहा गया है। इन दोनों लक्ष्यों को हासिल करने के बाद तापस यूएवी कार्यक्रम को मंजूरी देने की शर्त लगाई गई है।

**परीक्षण के दौरान दो बार दुर्घटनाग्रस्त हो चुका है तापस**



डीआरडीओ का तापस यूएवी उड़ान परीक्षण के दौरान दो बार दुर्घटनाग्रस्त हो चुका है। पहली दुर्घटना सितंबर, 2019 में हुई थी। दूसरी बार इसी साल 20 अगस्त को चित्रदुर्ग परीक्षण रेंज में दुर्घटनाग्रस्त हुआ था। जब यह यूएवी दुर्घटनाग्रस्त हुआ, उस समय मैदान पर कोई नहीं था। डीआरडीओ के अधिकारियों ने इस घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं। चित्रदुर्ग में दुर्घटनाग्रस्त हुआ तापस ड्रोन जल्द ही शुरू होने वाले उपयोगकर्ता परीक्षणों से पहले परीक्षण उड़ान में 5 प्रोटोटाइप में से एक है। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को 76 यूएवी बनाने थे, जिसमें सेना को 60, वायु सेना को 12 और नौसेना को 4 यूएवी के जरिये दिन-रात के हवाई निगरानी मिशन को अंजाम देना था। इस मानव रहित विमान की परिकल्पना 2016 में की गई थी।

# लोस चुनावों के लिए बीजेपी उम्मीदवारों के नाम का फैसला जनता के हाथ

**उदय चंद्र सिंह। नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव के लिए अब आप बीजेपी उम्मीदवार के नाम तय करने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। जी हां, बाजेपी नेतृत्व ने अपने सांसदों का फीड बैक लेने के लिए सीधे जनता से संपर्क साधने का फैसला किया है। यानी 2024 के चुनाव में आपके सांसद को तभी टिकट मिलेगा जब वो आपकी अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगे। इसके लिए पार्टी ने अनोखा तरीका अपनाया है।




बीजेपी अपने सांसदों के कामकाज की समीक्षा के लिए नमो ऐप का इस्तेमाल करेगी। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा इस संबंध में बीते दिनों सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट भी शेयर कर चुके हैं। सर्वे में किसी क्षेत्र विशेष की जनता अपने सांसद के बारे में क्या सोचती है, अपने सांसद के काम और उनकी उपस्थिति से जनता कितनी खुश है या कितनी नाराज, लोगों से इसकी राय मांगी गई है।

नमो ऐप के जरिए ये जानने का प्रयास किया जा रहा है कि बीजेपी के किस सांसद के साथ उसके क्षेत्र की जनता कितनी मजबूती के साथ खड़ी है। कुल मिलाकर अगर आप अपने सांसद के कामकाज से खुश नहीं हैं, तो आप उनका टिकट कटवाने में अपनी भूमिका निभा सकते हैं और अपने किसी चहेते उम्मीदवार का नाम सांसद उम्मीदवार के रुप में आगे बढ़ा सकते हैं।

**नमो ऐप पर पूछे गये कुल 15 प्रश्न**

नमो ऐप पर इस बारे में कुल 15 प्रश्न पूछे गये हैं। नमो ऐप से क्षेत्रों में सर्वे कराया जा रहा है। जनता अपने अपने मन की बात शेयर कर सकेगी। बीजेपी नपो ऐप पर किये गये सर्वे को जनता के बीच साझा करेगी ताकि यह साफ हो सके कि बीजेपी के किस सांसद के साथ उसके क्षेत्र की जनता कितनी मजबूती के साथ खड़ी है। इस मामले में दिलचस्प तथ्य यह है कि नमो ऐप के माध्यम से आम मतदाताओं से ये भी पूछा गया है कि उनके पास मौजूदा सांसदों के अलावा कौन सा विकल्प हैं। यानि आप अपनी पसंद के उमेदवार का नाम बी सुझा सकते हैं। सर्वे में ये भी पूछा गया है कि अपने सांसद को अपने क्षेत्र में अंतिम दफा कब देखा और जनता के मन में कोई नया उम्मीदवार है तो वे नाम शेयर करें।

## कतर में मौत की सजा पाए 8 भारतीयों को राहत, कम हुई सजा



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय (एमईए) ने गुरुवार को कहा कि भारत ने दहरा ग्लोबल मामले के फैसले पर गौर किया है, जिसमें मौत की सजा पाए आठ पूर्व भारतीय नौसेना कर्मियों की सजा कम कर दी गई है। मंत्रालय ने कहा, हमने दहरा ग्लोबल मामले में कतर की अपील अदालत के आज के फैसले पर गौर किया है, जिसमें सजा कम कर दी गई है। विस्तृत फैसले की प्रतीक्षा है. अधिकारी ने कहा, हम अगले कदम पर निर्णय लेने के लिए कानूनी टीम के साथ-साथ परिवार के सदस्यों के साथ भी संपर्क में हैं। मंत्रालय ने कहा, कतर में हमारे राजदूत और अन्य अधिकारी परिवार के सदस्यों के साथ आज अपील अदालत में उपस्थित थे। हम मामले की शुरूआत से ही उनके साथ खड़े हैं और हम सभी कांसुलर और कानूनी सहायता देना जारी रखेंगे।

**समझौता** | भारत और रूस की दोस्ती पक्की, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा

# अब हथियार निर्माण में भी होगी साझेदारी

**एजेंसी। मॉस्को**



मॉस्को पहुंचे भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि रूस एक मूल्यवान साझेदार है, समय की कसौटी पर परखा हुआ साझेदार है। इधर, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रूस आने का न्योता दिया है। जयशंकर ने रूस के राष्ट्रपति भवन क्रेमलिन में पुतिन से मुलाकात की। पुतिन ने जयशंकर से कहा, हमें अपने मित्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रूस में देखकर खुशी होगी। पांच दिवसीय रुस की आधिकारिक यात्रा पर यहां आए जयशंकर ने इससे पहले अपने रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव से मुलाकात की। लावरोव के साथ अपनी बातचीत के बाद संयुक्त रूप से संवाददाता सम्मेलन में जयशंकर ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति पुतिन अगले साल वार्षिक शिखर सम्मेलन में मिलेंगे। जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज शाम राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से उन्हें शुभकामनाएं दी और एक निजी संदेश सौंपा। राष्ट्रपति पुतिन को उप प्रधानमंत्री डेनिस मंतुरोव और विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ मेरी चचाओं से अवगत कराया। दोनों देशों के संबंधों को आगे बढ़ाने पर उनके मार्गदर्शन की सराहना की।लावरोव के साथ सार्थक बैठक की और इस दौरान उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्थिति और समसामयिक मुद्दों पर बात की। रूस की पांच दिवसीय यात्रा पर आए जयशंकर ने लावरोव के साथ हिंद-प्रशांत क्षेत्र, यूक्रेन संघर्ष, गाजा की स्थिति, अफगानिस्तान और मध्य एशिया, ब्रिक्स, शंघाई सहयोग संगठन, जी20 और संयुक्त राष्ट्र पर भी विचार-विमर्श किया।

उन्होंने द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग, ऊर्जा व्यापार, कनेक्टिविटी प्रयासों, सैन्य-तकनीकी सहयोग और दोनों देशों के लोगों के बीच संपर्क में हुई प्रगति का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, 2024-28 की अवधि के लिए परामर्श प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए गए। भारत-रूस संबंध भू-राजनीतिक वास्तविकताओं, रणनीतिक भागीदारी और पारस्परिक लाभ को दशार्ते हैं।रूस, भारत और ईरान ने 2000 में उत्तर-दक्षिण मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर के निर्माण पर एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। इसमें भागीदारों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है। परियोजना का लक्ष्य भारत, ईरान और फारस की खाड़ी के देशों से रूसी क्षेत्र के माध्यम से पारगमन माल ढुलाई को यूरोप तक लाना है।लावरोव ने कहा, हमने सैन्य और तकनीकी सहयोग की संभावनाओं पर भी चर्चा की। इनमें आधुनिक हथियारों का साझा उत्पादन शामिल था...। जयशंकर ने कहा, हमने साझा निवेश, द्विपक्षीय निवेश संधि पर आगे बढ़ने की जरूरत पर भी बात की। हमने कल रेलवे, इंडस्ट्रियल जोन इंफ्रास्ट्रक्चर पर भी बात की। हम इस बात पर सहमत हुए हैं कि भारत और यूरेशियन इकोनॉमिक यूनियन के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत जनवरी के मध्य के बाद शुरू हो जाएगी। लावरोव ने बुधवार को कहा कि मॉस्को मेक इन इंडिया के तहत आधुनिक हथियारों के उत्पादन के लिए तैयार है।

**फिल्म जगत**

## एक्ट्रेस ट्विंकल खन्ना ने 48 की उम्र में यूनिवर्सिटी में पढ़ने का किया फैसला



**मुंबई।** एक्ट्रेस से राइटर बनीं ट्विंकल खन्ना ने कुछ वक्त पहले अपनी जिंदगी की नई शुरूआत की थी। उन्होंने 48 की उम्र में यूनिवर्सिटी जाकर पढ़ने का फैसला किया। एक्ट्रेस ने यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन के गोल्डस्मिथ्स कॉलेज में दाखिला लेकर फिक्शन राइटिंग की पढ़ाई की। ट्विंकल खन्ना ने बताया कि जब वो यूनिवर्सिटी में एडमिशन के लिए कोशिश कर रही थीं तब उनके बेटे आरव भी विदेश में एडमिशन की कोशिश में थे। उन्होंने ये भी बताया कि पढ़ाई के दौरान उन्होंने अलग-अलग उम्र के लोगों से दोस्ती की। यूनिवर्सिटी जाने की इच्छा के बारे में बात करते हुए ट्विंकल खन्ना ने कहा, जब मेरा बेटा छोटा था, मैं उसे स्कूल काउंसलर के पास लेकर जाती थी और कहती रहती थी, मुझे भी यूनिवर्सिटी जाना है। और उस काउंसलर ने मुझे कहा था कि अभी मुझे अपने बच्चे का ख्याल रखना होगा। मैं उसके बड़े होने के बाद पढ़ाई के लिए जा सकती हूं।

# सीएम आवास घेरने जा रहे टेट पास पारा शिक्षकों को पुलिस ने रोका



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
टेट पास पारा शिक्षक पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत राजभवन से मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने निकले लेकिन उन्हें एसएसपी आवास के पास ही रोक दिया गया। इसपर सभी पारा शिक्षक सड़क पर ही बैठकर प्रदर्शन करने लगे और नारेबाजी शुरू कर दी। सुरक्षा के मद्देनजर वहां भारी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गयी है।

मौके पर टेट पास पारा शिक्षक हरिषिकेश पाठक ने कहा कि वेतनमान को लेकर टेट पास पारा शिक्षक मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने जा रहे थे। इसी क्रम में हम सभी को एसएसपी आवास के पास रोक दिया गया है। उन्होंने बताया कि हम सभी राजभवन के पास करीब चार माह से धरने पर बैठे हैं। पारा शिक्षकों ने कई बार राजनीतिक दलों के कार्यालय का भी घेराव किया लेकिन हमारी मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

दूसरी ओर, पारा शिक्षकों के सड़क पर बैठने पर सड़क पर पूरी तरह जाम लग गया। सड़क जाम होने की वजह से कई वाहन जाम में फंसे हुए हैं। अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) राजेश्वर नाथ आलोक मौके पर पहुंचकर पारा शिक्षकों से बातचीत कर रहे हैं।

# राज्य में इस वर्ष 397 नक्सली हुए गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड पुलिस ने इस वर्ष जनवरी से अबतक तक कुल 397 नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस मुख्यालय की ओर से मिली जानकारी के अनुसार, इसमें एक सैक सदस्य, एक आरसीएम, पांच जोनल कमांडर, 11 सब जोनल कमांडर, नौ एरिया कमांडर शामिल हैं। इन गिरफ्तार नक्सलियों के खिलाफ राज्य सरकार की ओर से कुल एक करोड़ एक लाख रुपये का इनाम घोषित था।

माह जनवरी 2023 से अबतक तक 26 नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष सरेंडर किया है, इसमें तीन आरसीएम, दो जोनल कमांडर, नौ सब जोनल कमांडर, दो एरिया कमांडर शामिल हैं। सरेंडर नक्सलियों के खिलाफ राज्य सरकार की ओर से कुल 80 लाख का इनाम घोषित है। इस दौरान वर्ष 2023 में अबतक नक्सलियों से



कुल 152 हथियार बरामद किये गये हैं। इसमें पुलिस से लूटे गए 27, रेगुलर 16 और 109 देशी हथियार शामिल हैं। इसके अतिरिक्त 10350 गोली, विस्फोटक पदार्थ 243 किलोग्राम और 17.56 लाख रुपये लेवी की राशि की बरामदगी की गयी है। नक्सलियों की ओर से बिछाए गये 244 आईईडी को बरामद कर विनष्ट किया गया। झारखंड पुलिस के प्रवक्ता एवी होमकर ने गुरुवार को बताया कि नक्सलियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। नक्सलियों के खात्मे तक अभियान जारी रहेगा।

## एक नजर

### केंद्रीय कारा होटवार रांची में तैनात बेसरा निशांत का तबादला

**रांची।** केंद्रीय कारा होटवार में पदस्थापित बेसरा निशांत रॉबर्ट को स्थानान्तरित करते हुए अगले आदेश तक प्राचार्य कारा प्रशिक्षण संस्थान हजारीबाग के पद पर तैनात किया गया है। इस संबंध में गुरुवार को अधिसूचना जारी कर जानकारी दी गई।

### सिल्ली में कड़ाके की ठंड शुरू, अलाव की कोई व्यवस्था नहीं

**सिल्ली।** मुरी सिल्ली क्षेत्रों में कड़ाके की ठंड शुरू हो चुकी है। आसपास के बाजार शाम होते ही सन्नाटा छा जाते हैं वहीं स्कूलों की भी छुट्टी हो चुकी है। आने जाने वाले राहगीर ठंड के चलते स्टेशन परिसर में कमल ओढ़कर सोते हुए देखे जा रहे है किन्तु वही ठंड को देखते हुए अभी तक सिल्ली प्रखंड अंचल कार्यालय के द्वारा क्षेत्रो में अलाव की कोई व्यवस्था नहीं की गई है।

### दो ट्रक के आपस में टक्कर, चालक गंभीर रुप से घायल

**सिल्ली।** मुरी गोला पथ भिखारी चौक के समीप दो ट्रक के आपस मे टक्कर हुआ जिससे चालक गंभीर रुप से घायल हो गया। आपस में टक्कर के कारण सड़क जाम हो गई जिससे दोनों और लंबी दूरियां तक वाहनों का लंबी कतार लग गई। मुरी पुलिस को उक्त दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटाने के लिए काफी मशक्कत करना पड़ा तब जाकर तकरीबन रात 1 बजे सड़क पर आवागमन सामान्य हुआ।

## प्रदेश कांग्रेस ने धूमधाम से मनाया पार्टी का 139वां स्थापना दिवस

# देश को विभाजनकारी शक्तियों और अलगाववाद से बचाना जिम्मेदारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
प्रदेश कांग्रेस ने पार्टी के 139वां स्थापना दिवस रांची स्थित कार्यालय में गुरुवार को धूमधाम से मनाया। प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बन्धु तिर्की ने झण्डोत्तोलन किया और गार्ड ऑफ ऑनर सेवादल के प्रदेश महासचिव छोटू सिंह ने दी। मौके पर बन्धु तिर्की ने सभी को कांग्रेस स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि 138 वर्ष पूर्व 28 दिसम्बर 1885 को स्थापित कांग्रेस की चुनौती आज बहुत बढ़ गयी है। देश को विभाजनकारी शक्तियों के साथ ही अलगाववादी विचारधारा से बचाना और उन मूल्यों की रक्षा करना हम कांग्रेसियों की बहुत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है, जिसके आधार पर स्वतंत्रता की लडाई लड़ी गयी और आजादी के तत्काल बाद



देश का महानिर्माण शुरू हुआ। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के बाद पंडित जवाहर लाल नेहरू के नेतृत्व में भारत को विकसित बनाने का जो महाभियान प्रारंभ हुआ उसी के कारण हमारा देश दुनिया की महत्वपूर्ण शक्तियों में शामिल हुआ। उन्होंने कहा कि 5.5 करोड़ से अधिक कांग्रेस के सदस्य हैं। हमारी विचारधारा कश्मीर से कच्छ और कन्याकुमारी से मणिपुर तक फैली है। हमारी जड़ भारत की मिट्टी के कण-कण में है। धर्मनिपेक्षता, नागरिक राष्ट्रवाद, उदारवाद, आर्थिक उदारवाद हमारा आधार है। अंतरराष्ट्रीय सौहार्दपूर्ण संबंधों और प्रगतिशील गठबंधन को कांग्रेस सर्वोच्च प्राथमिकता देती है।

तिर्की ने कहा कि देश को कांग्रेस की नीति एवं सिद्धांतों की सबसे ज्यादा आवश्यकता है। कांग्रेस पार्टी का लक्ष्य सिर्फ सत्ता हासिल करना नहीं है, देश को एकजुट रखते हुए विकास के पथ पर अग्रसर करना है। उन्होंने कहा कि हमलोग ऐसे राष्ट्रीय पार्टी के सदस्य हैं, जिसका गौरवमय इतिहास रहा है। पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नेतृत्व में कमजोर वर्ग को उनके अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष कर रही है। हमने त्याग और बलिदान के कई उदाहरण दिये हैं। आने वाला वर्ष 2024 पार्टी के लिए महत्वपूर्ण है। देश में आम चुनाव होना है और झारखंड में भी चुनाव होना है। उपस्थित नेताओं से हमारा आग्रह होगा कि हम अपने कार्यक्रमों के माध्यम से अपने नीति-सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाये। इस अवसर पर केशव महतो कमलेश, अमुल्य नीरज खलखो, मदन मोहन शर्मा, विनय सिन्हा दीपू, सतीश पॉल मुंजनी, गीताश्री उरांव, आभा सिन्हा सहित अन्य मौजूद थे।

# झामुमो के आश्वासन पर पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ का 8 जनवरी तक धरना स्थगित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड मुक्ति मोर्चा के हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय (कैम्प) में गुरुवार को पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पाण्डेय से पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में संघ के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रदीप कुमार के नेतृत्व में 18 सदस्य शामिल थे। विनोद पाण्डेय ने संघ के सदस्यों को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों के प्रति सरकार गंभीर है। यह सरकार स्थानीय और मूलवासियों की सरकार है। पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक संघ का भी कल्याण इसी सरकार के जरिये किया जाएगा। यह सरकार राज्य के युवा और बेरोजगारों के प्रति अपना सकारात्मक नजरिया रखती है। हम किसी के साथ भी अन्याय नहीं होने देंगे। वार्ता के बाद संघ के प्रतिनिधिमंडल ने संतुष्ट होकर यह निर्णय लिया की आगामी आठ जनवरी तक अभी धरना का कार्यक्रम स्थगित रखा जाएगा।

आठ जनवरी को संघ का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे से मुलाकात करेगी।

## रांची-न्यू गिरिडीह इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन अब मधुपुर से होगा

**रांची।** गिरिडीह-रांची वाया कोडरमा, धनवार न्यू इंटरसिटी एक्सप्रेस का परिचालन मधुपूर से होने की स्वीकृति मिल गई है। इसे जुड़ा पत्र ईस्ट रेल जोन के जीएम के निर्देश पर रेलवे कोचिंग के उपनिदेशक राजेश कुमार ने जारी कर दिया है। जारी पत्र में उपनिदेशक राजीव कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि न्यू इंटरसिटी एक्सप्रेस रांची-न्यू गिरिडीह ट्रेन नंबर 18617 और 18618 का न्यू गिरिडीह स्टेशन से होने के बजाय मधुपूर स्टेशन से होगा। रांची से सुबह खुलने के बाद ट्रेन दोपहर तीन बजे मधुपूर से खुलेगी।



# झारखंड के 93 इंस्पेक्टर को डीएसपी रैंक में मिली प्रोन्नति




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राज्य के 93 इंस्पेक्टर को डीएसपी रैंक में प्रोन्नति मिली है। इस संबंध में गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने गुरुवार को अधिसूचना जारी कर दी है।

**इनको मिली प्रोन्नति :** डेविड सुनील कुमार मिंज, राजबल्लभ पासवान, लक्ष्मण प्रसाद, अरुणा मिश्रा,प्रमोद कुमार सिंह,अशोक पासवान, अनिल एक्का,अटल शांडिल, किशोर तिर्की, सत्येंद्र नारायण सिंह, प्रभात कुमार सिंह, गोवर्धन उरांव,अजीत अरुण एक्का, सुधीर सुरीन, मुनु टुडू, नलिन कुमार मरांडी, अर्जुन पूर्ति, राइफल मुर्मू,चंद्र मोहन हांसदा, राम जी महतो, अलबिनुस इंदवार, बैजू उरांव, प्रकाश टोप्पो, अनूप बी पी केरकेट्टा, संतोष कुमार, दीपाली नायक, सतीश कुमार सिन्हा, मणि भूषण प्रसाद, वेंकटेश कुमार, मनोज कुमार सिंह, निवास सिंह,रमाकांत तिवारी, जय गोविंद प्रसाद गुप्ता, शैलेश कुमार चौहान, संजय कुमार, मुन्ना प्रसाद गुप्ता, रमेश कुमार, संजय कुमार, श्रीनिवास, राजीव रंजन लाल, सुनील कुमार चौधरी, संजीव कुमार 1, रविंद्र कुमार सिंह, विद्या शंकर, राजकुमार यादव, सुधीर कुमार चौधरी, कृष्ण मुरारी, आबिद खान, शिव प्रकाश कुमार, नीरज कुमार, प्रभास नाथ मिश्रा, राम नारायण चौधरी, विजय रंजन कुमार, नीरज, शंकर कामती, मंजू कुमारी कश्यप, सुमन कुमार सुमन, यदु साव, इंद्रदेव राम, अजय कुमार केसरी, अरविंद कुमार सिंह, निरंजन तिवारी, अरविंद कुमार, कौशलेंद्र कुमार झा, मनोज कुमार ठाकुर, राजेश कुमार सिन्हा, भरत राम, शिवपूजन बहेलिया, दीपक कुमार, झानो हांसदा,राधेश्याम दास, राजेंद्र कुमार दास, बिनेश लाल, राजेश प्रसाद रजक, राजेश कुमार, बिरजू गंझू,विश्वनाथ सिंह, सत्येंद्र प्रसाद, अशोक कुमार राम, बनारसी प्रसाद, दयानंद आजाद, सुजीत राय, धर्मदेव पासवान, बालकृष्ण भगत, नोएल भूषण मिंज, वीरेंद्र टोप्पो, बुधराम उरांव, जयप्रकाश टोप्पो, सावना खड़िया, परमेश्वर लेयांगी, सुलेखा इसाबेला टुडू, गंदरु भगत और नयन सुख दादेल।

# अमन श्रीवास्तव को पकड़ने वाले महाराष्ट्र एटीएस टीम को एडीजी ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
डीजीपी अजय कुमार सिंह के निर्देश पर कुख्यात अपराधी अमन श्रीवास्तव को पकड़ने वाले महाराष्ट्र एटीएस टीम को गुरुवार को एडीजी अभियान संजय आनंदराव लाठकर ने प्रशस्ति पत्र और दो लाख रुपये देकर सम्मानित किया। इस दौरान महाराष्ट्र एटीएस डीजी सदानंद दाते और स्पेशल पुलिस महानिरीक्षक एटीएस अनिल कुम्भारे की उपस्थिति में महाराष्ट्र एटीएस के सभागार में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में झारखंड के एडीजी अभियान संजय आनंदराव लाठकर की ओर से अभियान में शामिल पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों को झारखंड डीजीपी ने प्रशस्ति पत्र एवं नकद पुरस्कार दिया गया।



एटीएस डीजी एवं अन्य पदाधिकारियों को झारखंड एटीएस का स्मृति चिन्ह भी प्रदान किया गया। बताया गया कि महाराष्ट्र एटीएस के सहयोग से झारखंड एटीएस ने पिछले कई वर्षों से आतंक का पर्याय रहा गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव को 15 मई 2023 को मुंबई के वाशी से गिरफ्तार किया गया था। अमन श्रीवास्तव 27 जघन्य आपराधिक कांडों में वाछित था और वो वर्ष 2015 से फरार चल रहा था। अमन श्रीवास्तव की गिरफ्तारी में महाराष्ट्र के डीजी सदानंद दाते के निर्देशन में एसपी शीला दिनकर साइल और वरीय पुलिस निरीक्षक आधिकराव पोल एवं उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही थी।

# रांची में रातू रोड फ्लाईओवर निर्माण के मद्देनजर दो दिनों के लिए मार्ग परिवर्तन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राजधानी रांची के रातू रोड फ्लाईओवर निर्माण के मद्देनजर किशोरी यादव चौक से जाकिर हुसैन पार्क के बीच पिलर सहित अन्य कार्य किया जाना है। इसके लिए ट्रैफिक पुलिस से निर्माण करने वाली कंपनी ने सहायता मांगी है। इसके बाद ट्रैफिक पुलिस ने ट्रायल के तौर पर दो दिनों का समय लेकर कुछ जगहों पर ट्रैफिक रूट डायवर्ट किया है। यह प्रक्रिया गुरुवार सुबह आठ बजे से शुरू हो गयी है, जो शुक्रवार तक चलेगी।

### ये रूट किए गए डायवर्ट

- किशोरी यादव चौक से जाकिर हुसैन पार्क की ओर जाने वाले सभी तरह के वाहनों का प्रवेश पूर्णतः बंद रहेगा।
- पिस्का मोड़ से आने वाले सभी ऑटोरिक्शा और ई-रिक्शा दुर्गा मंदिर चौक से होते हुए हॉट लिप्स चौक, एटीआई मोड़, रणधीर वर्मा चौक, जाकिर हुसैन पार्क एवं अन्य स्थानों की ओर जा सकेंगे। अन्य वाहनों का परिचालन यथावत रहेगा। ये वाहन न्यू मार्केट चौक से बाएं राजभवन मोड़ होते हुए हॉटलिप्स चौक की ओर जायेंगे।
- कांके रोड से रातू रोड आने वाले ऑटोरिक्शा व ई-रिक्शा राम मंदिर (प्रेमसंस मोटर्स की बगल वाली सड़क) से सिदो-कान्हू पार्क, एटीआई मोड़, रणधीर वर्मा चौक, जाकिर हुसैन पार्क होते हुए अन्य स्थानों की ओर जायेंगे। अन्य वाहनों का परिचालन यथावत रहेगा।
- कचहरी चौक की ओर से आने वाले वाहन जाकिर हुसैन पार्क से किशोरी यादव चौक होते हुए रातू रोड व हरमू रोड की ओर जा सकेंगे।

## पृष्ठ एक के शेष

**बुटी मोड़ में समीप कार दुर्घटना में...**
ही हो गयी। मृतकों में ओरमांझी निवासी राजू साह, बरियातू निवासी अफरोज आलम, साबिर अंसारी व अमीर हुसैन शामिल हैं। जानकारी के अनुसार यह सड़क दुर्घटना रात करीब दो बजे की है। कार सवार ओरमांझी जा रहे थे, तभी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई।
**हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस :** बताया जा रहा है कि सड़क दुर्घटना की आवाज सुनकर अगल-बगल के ग्रामीण घटनास्थल की तरफ दौड़े। इसके साथ ही पुलिस को सूचना दी गई, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। सदर पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से घायलों को दुर्घटनाग्रस्त कार से बाहर निकाला और रिम्स भिजवाया। डॉक्टरों ने सभी को मृत घोषित कर दिया।

**ईवीएम की तकनीक पर उठ रहे सवाल...**
झारखंड की गिनती देश का सबसे पिछड़ा राज्य के रूप में होता है। इसके दोषी कौन है राज्य की जनता जानती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब भी केंद्र से हिस्सा मांगते हैं तो हमारे केंद्रीय एजेंसियां लगा दी जाती है। सरकार गठन के कुछ घंटे बाद से ही हमारी सरकार को गिराने का प्रयास शुरू हो गया था, जो आज तक जारी है।

**हेमंत एक क्रियशील मुख्यमंत्री के रूप में...**
सरकार है और झारखंड में भी एनडीए की सरकार बनें, लेकिन झारखंड की जनता ने ऐसा नहीं किया बल्कि पर्याप्त बहुमत देखकर यूपीए पर विश्वास जताया। जब 29 दिसंबर, 2019 को हेमंत सोरेन की सरकार ने शपथ ली थी। तब विपक्ष ने यह चुटकी लेते हुए कहा था कि 'यह सरकार ज्यादा दिनों तक चल नहीं पाएगी।' कुछ राजनीतिक विश्लेषकों ने भी यह शंका जहर की थी। लेकिन हेमंत सोरन की सरकार ने अपना चार साल का कार्यकाल पूरा किया। अब आज पांचवें वर्ष में प्रवेश भी कर गई है। हेमंत सोरेन का अपने मंत्रिमंडल सहयोगियों के साथ बहुत ही बेहतर तालमेल दिख रहा है। बीच में कुछ विषयों को लेकर मंत्रियों के बयान के आधार पर विवाद जरूर हुआ था, लेकिन हेमंत सोरेन ने इस आपसी विवाद को बहुत ही सूझबूझ के साथ हल कर दिया गया था। हेमंत सोरेन सदैव गतिशील रहने वाले नेता के रुप में अपनी पहचान बनाने में सफल रहे हैं। झारखंड को एक बेहतर राज्य बनाने के प्रति उनकी तत्परता देखी जा सकती है।
झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से प्रांत के बेरोजगारों को नियुक्ति पत्र सहित विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन बहुत ही जोरदार तरीके से करते चले जा रहे हैं। अब तक इस योजना से हजारों बेरोजगारों को नियुक्ति पत्र प्राप्त हो चुका है। झारखंड में पढ़े लिखे बेरोजगारों की संख्या में जो इजाफा हुआ है, उसकी तुलना में ये नियुक्तियां बहुत कम है। इस आपकी योजना, आपकी सरकार और आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से झारखंड सरकार सीधे प्रांत के विभिन्न गांवों,अंचलों और जिला मुख्यालयों में सीधे तौर पर जनता से जुड़ रही हैं। जनता की मूलभूत समस्याओं से अवगत हो रही हैं। यह बड़ी बात है। अमूमन देखा यह जाता है कि प्रांत की सरकार अपने मुख्यालय से ही सारी योजनाओं की मॉनिटरिंग करती नजर आती हैं। लेकिन हेमंत सोरेन सरकार आपकी योजना, आपकी सरकार के माध्यम से झारखंड वासियों से रूबरू होने का जो कार्यक्रम चलाई है, इसकी सराहना तो होनी ही चाहिए।
हेमंत सोरेन आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से अपने तमाम मंत्रिमंडल के सहयोगियों को सक्रिय कर दिया है। राज्य के मंत्री गण सीधे आम जनता से मिल रहे हैं। उनकी समस्याओं से अवगत हो रहे हैं। कहां-कहा, क्या-क्या परेशानी है? उन परेशानियों को देख रहे हैं। किस जिले, अनुमंडल अंचल और थाने में अधिकारीयों, थानेदारों और कर्मचारियों के आम जनता के साथ क्या व्यवहार हैं ? इसे जान रहे हैं। साथ ही बेलगाम अधिकारियों, थानेदारों और कर्मचारियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई भी हो रही है। इसका असर यह हो रहा है कि आम जनता का काम सरकारी विभागों में काम तुरंत हो जा रहा है। इसके बावजूद कई ऐसे जिले, अनुमंडल, अंचल और थाने ऐसे हैं, जहां के अधिकारी, थानेदार कर्मचारी आम जनता के कामों को लटकाए रहते हैं। ऐसे अधिकारियों, थानेदारों और कर्मचारियों के खिलाफ हेमंत सोरेन सरकार को सख्त कार्रवाई करने की जरूरत है।
इस योजना के माध्यम से हेमंत सोरेन जिन बातों को प्रांत वासियों के बीच रख रहे हैं। उसकी भी चर्चा होनी चाहिए। चतरा की एक सभा में उन्होंने कहा कि 'पूर्ववर्ती सरकार आपका पैसा डकार गई, जिस कारण आप गरीब होते चले गए। 20 साल हो गए,जब राज्य नया बना था, तब सर प्लस बजट हुआ करता था। मगर अब घाटे के बजट से कम चलाया जा रहा है।' हेमंत सोरेन की इस बात में दम जरूर है । अब सवाल यह उठता है कि इसके लिए जवाबदेह कौन है? 20 वर्षों तक सत्ता की कुर्सी पर कोई ना कोई मुख्यमंत्री जरूर रहें थें। इन बातों को कुरेदने से आरोप प्रत्यारोप के अलावा और कुछ भी नहीं मिलेगा्। राज्य का जो नुकसान होना था, हो चुका। अब आगे राज्य का ऐसा कोई नुकसान ना हो, जिससे राज्यवासी और गरीब होते चले जाएं। यह सबसे बड़ा सवाल है। यह सभी जानते हैं कि 2000 में जब झारखंड अलग प्रांत गठन हुआ था। तब लगातार दो वर्षों तक राज्य का सर प्लस बजट हुआ था। बात के दिनों में घाटे का बजट बनना शुरू हो गया था। जो अब तक जारी है। जबकि प्रांत में प्रचुर मात्रा में खनिज संपदा उपलब्ध है। इन खनिज संपदाओं का निष्कासन भी तीव्र गति से जारी है। आखिर राज्य की आमदनी के पैसे कहां जाते हैं ? राज्य को प्रयाप्त राजस्व की भी प्राप्ति होती है। तब यह सवाल उठता है कि ये रुपये कहां जाते हैं? जिस दिन झारखंड सरकार इन सवालों का जवाब ढूंढ लेगी, बजट फिर से सर प्लस बनने लगेगा। प्रांत की हेमन सोरेन सरकार को इस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है।
झारखंड की जनता ने बहुत उम्मीदों के साथ यूपीए सरकार के हाथों सत्ता की चाभी सौंप दी। झारखंड की चुनौतियां भी कम नहीं हैं। झारखंड की बढ़ी चुनौतियों का सामना हेमंत सोरेन की सरकार पूरे आत्मविश्वास के साथ जरूर कर रही है। लेकिन झारखंड की जो तस्वीर उभर कर सामने आने चाहिए, नहीं आ पा रही है। झारखंड सरकार अपने चार वर्ष के कार्यों का लेखा-जोखा भी आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार के माध्यम से रख रही है। अब हेमंत सोरेन सरकार के पास लगभग एक वर्ष का समय शेष बचा हुआ है। झारखंड के चौमुखी विकास करने के लिए।? शेष बचे एक वर्ष का हेमंत सोरेन की सरकार कैसा ही प्रयोग करती है? यह देखना बाकी है। संभवतः 2024 में ही लोकसभा और झारखंड विधानसभा का चुनाव होना है। इस बार जनता केंद्र और झारखंड की सत्ता किसके हाथों में सौंपती है? उम्मीद है कि झारखंड की यूपीए की सरकार पांच वर्ष का अपना कार्यकाल पूरा करेगी। बढ़ी चुनौतियों के बीच सरकार क्या कर पाती है ? यह आने वाला समय ही बताएगा।

**विकसित भारत के लिए कम...**
छुट्टियों के दौरान उपलब्धता कम हो सकती है या लागत बढ़ सकती है। वैश्विक सोच के साथ चल रही बहुराष्ट्रीय कंपनियां भारत में नकारात्मक प्रभाव को कम करने के लिए उपाय करेंगी ही क्योंकि इससे उनका भी हित जुड़ा है। सर्वाधिक विदेशी कंपनियों से सजे बेंगलुरु ने इसकी अगुवाई भी कर दी है वहां बात बात पर बंदी नहीं होती और किसी कार्यदिवस में छुट्टी होने पर दूसरे दिन उसकी भरपाई की जाती है।

## भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 139 वां स्थापना दिवस मना

**मांडर।** प्रखंड के टांगरबसली पंचायत में गुरुवार को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 139वां स्थापना दिवस प्रखंड अध्यक्ष मांगा उरांव की अध्यक्षता में मनाया गया। जिसमें मुख्य रूप से पार्टी के जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष जमील मलिक ने उपस्थित लोगों को कहा कि कांग्रेस पार्टी भारत की सबसे पुरानी पार्टी है। यही पार्टी सभी जाति समुदाय गरीब अमीर या सभी धर्म के लोग को एक साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। इसलिए आज हम सब मिलकर सभी जाति समुदाय के लोग स्थापना दिवस मना रहे हैं। इस स्थापना दिवस के माध्यम से सभी जगह कांग्रेस के विचारधारा को लोगों तक पहुंचाने का काम करना है। 2024 में कांग्रेस पार्टी को मजबूती के साथ केंद्र में लाना है। इस अवसर पर असलम अंसारी, अनुप राम, महादेव उरांव, समसुद्दीन अंसारी, कृष्णा, खूरसीद एवं पार्टी के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## दैनिक पंचांग

**29 दिसम्बर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




**शुक्रवार** 2023 वर्ष का 363 वां दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** हेमन्त।
**विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945
**मास** पौष (दक्षिण भारत में मृगशीर्ष) **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** द्वितीया 08.00 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** पुष्य 03.10 बजे रात्र को समाप्त।
**योग** वैधृति 02.29 बजे रात्र को समाप्त।
**करण** गर 08.00 बजे तदनन्तर वणिज 20.49 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 16.0 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 23° 15'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1871842
**जूलियन दिन** 2460307.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** जमादि उस्सानी
**तारीख** 15

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | धनु में | मकर | 07.54 बजे से |
| चंद्र | कर्क में | कुंभ | 09.40 बजे से |
| मंगल | धनु में | मीन | 11.13 बजे से |
| बुध | धनु में | मेष | 12.43 बजे से |
| गुरु | मेष में | वृष | 14.23 बजे से |
| शुक्र | वृश्चिक में | मिथुन | 16.22 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कर्क | 18.35 बजे से |
| राहु | मीन में | सिंह | 20.51 बजे से |
| केतु | कन्या में | कन्या | 23.03 बजे से |
| राहुकाल | 10.30 से 12.00 बजे तक | तुला | 01.14 बजे से |
| | | वृश्चिक | 03.28 ब.से |
| | | धनु | 05.44 बजे से |

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। **Jagrutidaur.com, Bangalore**

बॉक्सिंग डे टेस्ट :

# ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 187 रन पर खोए 6 विकेट, शतक से चूके मार्श

एजेंसी

**मेलबर्न।** मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेले जा रहे बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच के तीसरे दिन का खेल खत्म होने पर ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी में 6 विकेट पर 187 रन बना लिए हैं। मिचेल मार्श शतक से केवल चार रन से चूक गए, उन्होंने 96 रनों की शानदार पारी खेली, जबकि स्टीव स्मिथ ने भी अर्धशतक लगाते हुए 50 रन बनाए। दिन का खेल खत्म होने पर एलेक्स कैरी 16 रन बनाकर नाबाद हैं। ऑस्ट्रेलिया की कुल बढ़त 241 रनों की हो गई है। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 318 रन बनाए थे, जिसके जवाब में पाकिस्तान ने अपनी पहली पारी में 264 रन बनाए थे।दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया की शुरूआत खराब रही और केवल 16 रन पर उस्मान ख्वाजा (00), डेविड वॉर्नर (06), मार्नस लाबुशेन (04) और ट्रेविस हेड (00) पवेलियन लौट गए। तेज गेंदबाज शाहिन शाह

**ऑस्ट्रेलिया की कुल बढ़त 241 रनों की हुई**




अफरीदी ने ख्वाजा और लाबुशेन को पवेलियन भेजा, जबकि मीर हामजा ने वॉर्नर और हेड का शिकार किया। इसके बाद मिचेल मार्श और स्मिथ ने पांचवें विकेट के लिए 153 रनों की शानदार साझेदारी कर ऑस्ट्रेलिया को मैच में वापसी दिलाई। इस दौरान मार्श ने बेहतरीन पारी खेलते हुए अपना अर्धशतक पूरा किया, हालांकि वह 4 रन से शतक से चूक गए। 169 के कुल स्कोर पर मीर हामजा ने मार्श को आगा सलमान के हाथों कैच कराकर ऑस्ट्रेलिया को पांचवां झटका दिया। मार्श ने 130 गेंदों पर 13 चौकों की बदौलत 96 रन बनाए। इसके बाद स्मिथ और एलेक्स कैरी ने ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 187 तक पहुंचाया। स्मिथ ने अपना अर्धशतक पूरा किया, हालांकि अर्धशतक पूरा करते ही वो शाहिन अफरीदी की गेंद पर आगा सलमान को कैच देकर चलते बने। उनके आउट होते ही दिन का खेल समाप्त घोषित कर दिया गया। ऑस्ट्रेलिया ने दिन का खेल खत्म होने पर 6 विकेट पर 187 रन बनाए। कैरी 16 रन बनाकर नाबाद लौटे। पाकिस्तान की तरफ से शाहिन शाह अफरीदी और मीर हामजा ने 3-3 विकेट लिए।

# पेरू फुटबॉल टीम के मुख्य कोच नियुक्त हुए जॉर्ज फोसाती

एजेंसी

**लीमा।** पेरू फुटबॉल फेडरेशन (एफपीएफ) ने उरुग्वे के मैनेजर जॉर्ज फोसाती को राष्ट्रीय टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है। फोसाती का कार्यकाल 2026 फीफा विश्व कप तक होगा। 71 वर्षीय फोसाती ने जुआन रेनोसो की जगह ली है, जिनका 18 महीने का कार्यकाल खराब नतीजों के बाद इस महीने की शुरूआत में समाप्त हो गया था। एफपीएफ के एक बयान में कहा गया है, उरुग्वे के अनुभवी कोच ने 2026 विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने के लक्ष्य के साथ यह पद संभाला है।पेरू के शीर्ष क्लब यूनिवर्सिटारियो के प्रभारी के रूप में नौ महीने की अवधि समाप्त करने के बाद फोसाती उपलब्ध हो गए।पूर्व गोलकीपर



फोसाती, जिन्होंने तीन उरुग्वे कैप अर्जित किए, ने 30 से अधिक वर्षों के कोचिंग करियर में उरुग्वे और कतर की राष्ट्रीय टीमों के प्रभारी के रूप में काम किया है। एफपीएफ के अध्यक्ष अगस्टिन लोजानो ने कहा, हमें इस बड़ी चुनौती को लेने के लिए जॉर्ज फोसाती के अनुभव और क्षमता पर भरोसा है। पेरू वर्तमान में 2026 विश्व कप के लिए 10-टीम दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग ग्रुप में दो ड्रॉ और चार हार के साथ अंतिम स्थान पर है।

## स्वीटी, जैस्मिन ने जीता स्वर्ण, रेलवे बना चैंपियन

**ग्रेटर नोएडा ।** मौजूदा विश्व चैंपियन स्वीटी बूरा (81 किग्रा) और 2022 राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता जैस्मीन (60 किग्रा) ने ग्रेटर नोएडा के जीबीयू इंडोर स्टेडियम में चल रहे 7वीं एलीट




महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अपने-अपने वर्गों में खिताबी जीत हासिल की।रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड (आरएसपीबी) ने टूर्नामेंट में अपना दबदबा जारी रखते हुए पांच स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य सहित आठ पदकों के साथ लगातार चौथी टीम चैंपियनशिप का खिताब हासिल किया। बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में, तीन स्वर्ण पदक, तीन रजत और एक कांस्य के साथ, हरियाणा ने दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि अखिल भारतीय पुलिस (एआईपी) एक स्वर्ण पदक, दो रजत और तीन कांस्य सहित कुल छह पदक के साथ तीसरे स्थान पर रही। हरियाणा का प्रतिनिधित्व करने वाली स्वीटी 81 किग्रा वर्ग में लालफाकमावी राल्टे के खिलाफ बहुत मजबूत दिखीं। स्वीटी ने 5-0 से आसान जीत हासिल की। हालाँकि, सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड का प्रतिनिधित्व करने वाली जैस्मीन के लिए यह उतना आसान नहीं था। पंजाब की मुक्केबाज सिमरनजीत कौर बाथ के खिलाफ उन्होंने एक कड़े मुकाबले में 4-3 से जीत दर्ज की। जैस्मीन को चैंपियनशिप में सर्वश्रेष्ठ मुक्केबाज चुना गया और टीम उत्तर प्रदेश को फेयर प्ले पुरस्कार दिया गया।

## राहुल आलोचनाओं से हो गए थे मेंटली डिस्टब: सोशल मीडिया से बनाई दूरी

**साउथ अफ्रीका:** साउथ अफ्रीका के खिलाफ सेंचुरियन में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच में केएल राहुल ने 137 गेंदों में 101 रन की पारी खेली। राहुल का शतक ऐसे समय में आया, जब भारत के टॉप ऑर्डर के बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल, कैप्टन रोहित शर्मा, शुभमन गिल, विराट कोहली और श्रेयस अय्यर बल्ले से कुछ खास नहीं कर पाए। राहुल ने शतकीय पारी के बाद स्टार स्पोर्ट्स को दिए इंटरव्यू में सोशल मीडिया पर किए जाने वाली आलोचनाओं पर कहा, 'जो लोग पहले मेरी आलोचना कर रहे थे, अब मेरी तारीफ कर रहे हैं। आपका प्रदर्शन ही सही मायने में ओलोचकों के लिए जवाब है। मैं सोशल मीडिया से दूर रहने लगा, इससे आप जितना दूर रहेंगे आप खुश रहेंगे।'राहुल ने कहा, आप लोगों को बदल नहीं सकते। लोगों को कहने की आजादी है, लेकिन कुछ चीजें काफी दुख देने वाली होती है। अगर कोई कहता है कि सोशल मीडिया पर की जाने वाली बातों से फर्क नहीं पड़ता है, वह झूठ बोलता है।

# कार्लोस अल्कराज ने दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को हराया

एजेंसी

**रियाद।** स्पेन के कार्लोस अल्कराज ने बुधवार रात सऊदी अरब के रियाद में एक प्रदर्शनी मैच में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को 4-6, 6-4, 6-4 से हराया। अल्कराज ने किंगडम एरेना में खेले गए बहुप्रतीक्षित मैच में प्रभावशाली शुरूआत की, उन्होंने शुरूआती गेम में जोकोविच की सर्विस को तोड़ दिया और जोकोविच की कुछ त्रुटियों के साथ अपनी सर्विस बरकरार रखी। हालाँकि, सर्बियाई खिलाड़ी ने कुछ शानदार रिटर्न के साथ वापसी करते हुए 3-2 की बढ़त हासिल कर ली और पहला सेट 6-4 से अपने नाम कर लिया।दूसरे सेट में अल्कराज ने जोरदार वापसी की और जोकोविच की सर्विस तोड़कर 2-0 की बढ़त बना ली। जोकोविच ने शानदार नेट प्ले के साथ पांचवां गेम जीतकर अंतर को 2-3 तक कम कर दिया। हालाँकि, अल्काराज ने लगातार दो ऐस के साथ दूसरा सेट 6-4 से जीतकर स्कोर 1-1 से बराबरी कर ली। निर्णायक सेट की शुरूआत जोकोविच ने अल्कराज से छूटे लॉब का फायदा उठाते हुए शानदार शुरूआत की। जोकोविच की फोरहैंड गलती के बाद अल्कराज ने बढ़त बना ली। इसके बाद अल्काराज ने मामूली अंतर से अपनी सर्विस बरकरार रखी, इससे पहले जोकोविच ने



स्पैनियार्ड से दो ब्रेक प्वाइंट बचाए और अपनी प्रभावी सर्विस के साथ एक गेम वापस खींचने में कामयाब रहे। छठे गेम में जोकोविच ने वापसी की और मैच के सबसे तीव्र और नाटकीय खेलों में से एक में स्कोर 3-3 से बराबर कर लिया, तीसरे ब्रेक पॉइंट पर बढ़त हासिल की और फिर अगले गेम में बढ़त बना ली। अंत में अल्कराज ने 6-4 से मैच अपने नाम किया।बुधवार को हुए इस मुकाबले से पहले, जोकोविच और अल्कराज के बीच 5 मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें जोकोविच ने 3 और अल्कराज ने दो में जीत दर्ज की है।सऊदी की राजधानी में होने वाला मैच रियाद सीजन का हिस्सा है, जो कला, संस्कृति और खेल का एक वार्षिक उत्सव है, जिसमें फरवरी की शुरूआत में आगामी रियाद सीजन कप फुटबॉल टूर्नामेंट भी शामिल है, जिसमें क्रिस्टियानो रोनाल्डो के अल नासर और लियोनेल मेसी के इंटर मियामी शामिल हैं।

## राहुल ने सिक्स लगाकर शतक जमाया, अफ्रीकी विकेटकीपर के हाथों से रन भी चुराया मोमेंट्स

**सेंचुरियन:** भारत और साउथ अफ्रीका के बीच सेंचुरियन में पहला टेस्ट खेला जा रहा है। टेस्ट के दूसरे दिन साउथ अफ्रीका ने पहली पारी में 11 रन की बढ़त बना ली। टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक 5 विकेट पर 256 रन बना लिए। डीन एल्गर 140 रन बनाकर नॉटआउट रहे। पहली पारी में भारत ने 245 रन बनाए। राहुल ने सूझबूझ से प्रसिद्ध कृष्णा के साथ विकेटकीपर के हाथों में आई बॉल पर रन ले लिया और उसी ओवर में अपना 8वां टेस्ट शतक भी पूरा किया। वहीं, फील्डिंग के दौरान विराट कोहली ने इंग्लैंड के गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड का टोटका अपनाया और डी जॉर्जी का विकेट गिर गया।

# जीत की राह पर लौटना चाहेंगे मुंबई सिटी और चेन्नइयन एफसी

**मुंबई।** मुंबई सिटी एफसी और चेन्नइयन एफसी इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 में अपने अभियान का पहला हाफ पूरा कर लेंगे, जब ये दोनों टीमें जीत की राह तलाशते हुए मुंबई फुटबॉल एरेना (एमएफए) में पहुंचेंगी और आज रात एक-दूसरे से भिड़ेंगी। क्योंकि ये दोनों टीमें अपने-अपने पिछले मुकाबलों में हार के बाद इस मैच में उतरेंगी। आइलैंडर्स को कोच्चि में केरला ब्लास्टर्स एफसी के हाथों 2-0 से निराशाजनक हार का सामना करना पड़ा था, जबकि मरीना मचान्स को पिछले हफ्ते नई दिल्ली में पंजाब एफसी के हाथों 1-0 की हार मिली थी। यह मुंबई सिटी एफसी की इस आईएसएल सीजन में पहली हार थी। उसके पिछले चार मुकाबलों में दो गोलरहित ड्रा और केरला ब्लास्टर्स एफसी से हार से पता चलता है कि आइलैंडर्स में सुधार की काफी गुंजाइश है। लिहाजा, चेक हेड कोच पीटर क्रैटकी 2023 का शानदार समापन करने के लिए उत्सुक होंगे, लेकिन इसका मतलब चेन्नइयन एफसी पर काबू पाना होगा।ओवेन कॉयल का सीएफसी के साथ अब तक का परिणाम मिश्रित रहा है। कॉयल बार-बार कहते रहे हैं कि वह इस समय दीर्घकालिक परिप्रेक्ष्य पर विचार कर रहे हैं। अपना अभियान शीर्ष-छह में समाप्त करना उनका सामूहिक उद्देश्य है और फिर कोयल और उनके शानदार खेल-प्रबंधन कौशल के दमपर लीग में जितना संभव हो उतना आगे तक जाना है। मुंबई सिटी एफसी पर उसी के घर में जीत उनकी महत्वाकांक्षाओं को बढ़ावा देगी।मुंबई सिटी एफसी के चेक हेड कोच पीटर क्रैटकी ने प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ह्लहमने (पिछला मैच) समीक्षा की। बहुत सारी सकारात्मक चीजें थीं लेकिन ऐसी चीजें भी थीं जिनमें हमें सुधार करने की जरूरत है। हमने उन पर ध्यान दिया, उन पर काम किया। हम अपनी प्रक्रियाओं पर कायम हैं। समूह के लिए यह समझना एक अच्छा अनुभव है कि हमें हराया भी जा सकता है। लेकिन, हमें आगे बढ़ते रहने की जरूरत है।चेन्नइयन एफसी के हेड कोच ओवेन कॉयल ने कहा, जब भी आप किसी भी प्रतिद्वंद्वी से खेलते हैं, तो आप मुंबई के लिए गैरमौजूद खिलाड़ियों के बारे में उल्लेख करते हैं, हमारे ज्यादा खिलाड़ी चोट के कारण अनुपस्थित



## तेलुगु योद्धा के खिलाफ जीत चाहेगी गुजरात, चेन्नई क्विक गन्स का सामना राजस्थान वॉरियर्स से


**कटक।** अल्टीमेट खो खो सीजन 2 में शुक्रवार को कटक के इंडोर स्टेडियम में गुजरात जायंट्स का सामना तेलुगु योद्धा से होगा, जबकि चेन्नई क्विक गन्स का सामना राजस्थान वॉरियर्स से होगा। भारतीय खो खो महासंघ द्वारा



प्रचारित, अल्टीमेट खो खो पहले सीजन में एक बड़ी हिट बन गई, जो टेलीविजन दर्शकों की संख्या के मामले में भारत की तीसरी सबसे बड़ी गैर-क्रिकेट लीग बनकर उभरी।गुजरात जायंट्स फिलहाल दो मैचों में छह अंकों के साथ अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है। उन्होंने अपने पिछले मैच में मुंबई खिलाड़िज को 34-30 से हराया था और आगामी मुकाबले में भी वह वही प्रदर्शन दोहराना चाहेंगे।गुजरात जायंट्स के कप्तान अक्षय भांगरे ने कहा, "लीग में पिछले दो मैचों के बाद हमारी टीम का आत्मविश्वास बढ़ा है. हालांकि, हम फिलहाल अंक तालिका पर ध्यान नहीं दे रहे हैं, हम हर खेल को उसी रूप में लेना चाहते हैं जैसे वह आता है और उसी दृढ़ता और आत्मविश्वास के साथ हर मैच में अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं। दूसरी ओर, चेन्नई क्विक गन्स फिलहाल दो मैचों में एक जीत और एक ड्रॉ के बाद पांच अंकों के साथ अंक तालिका में चौथे स्थान पर है। चेन्नई क्विक गन्स के सूरज लांडे ने कहा कि उन्हें आगामी गेम में अच्छे प्रदर्शन का भरोसा है।

## सब जूनियर महिला हॉकी लीग : साई शक्ति, साई बाल और घुम्मनहेरा राइजर्स ने दर्ज की जीत

**नई दिल्ली।** दूसरे खेलो इंडिया सब जूनियर महिला हॉकी लीग के पहले चरण के आठवें दिन साई शक्ति टीम, साई बाल टीम और घुम्मनहेरा राइजर्स हॉकी अकादमी ने अपने-अपने मैचों में जीत दर्ज की, जबकि अनंतपुर स्पोर्ट्स अकादमी ने राजा



करण हॉकी अकादमी को बराबरी पर रोका।दिन के पहले मैच में साई शक्ति टीम ने खालसा हॉकी अकादमी अमृतसर को 18-0 से हराया। पूर्णिमा यादव (1', 5', 25', 27', 34') ने पांच गोल किए, भव्या (12', 26', 29') और बिनाती मिंज (30', 45', 45') ने हैट्रिक बनाई। कप्तान काजल (3', 14'), रवीना (9', 18') और साक्षी (35', 36') ने दो-दो गोल किए, जबकि निशा दादेल (48') ने एक गोल किया।दिन के दूसरे मैच में अनंतपुर स्पोर्ट्स अकादमी का मुकाबला राजा करण हॉकी अकादमी से 1-1 से ड्रा रहा। तीन क्वार्टर गोल रहित रहने के बाद, कुदरत (55') ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर राजा करण हॉकी अकादमी को बढ़त दिला दी। एम. शालिनी (60') ने खेल के अंतिम मिनट में अनंतपुर स्पोर्ट्स अकादमी के लिए पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल दिया, जिससे खेल बराबरी पर समाप्त हुआ।दिन के तीसरे मैच में साई बाल टीम ने प्रीतम सिवाच हॉकी अकादमी को 3-0 से हराया। साई बाल टीम के लिए दूसरे क्वार्टर में कप्तान रिया (19') ने गोल कर स्कोरिंग की शुरूआत की। वंदना पटेल (58', 59') ने खेल के अंत में दो गोल किए और साई बाल टीम ने आसान जीत दिलाई।दिन के चौथे मैच में घुम्मनहेड़ा राइजर्स हॉकी अकादमी ने सैल्यूट हॉकी अकादमी को 4-0 से हराया। दीया (3') ने खेल की शुरूआत में घुम्मनहेरा राइजर्स हॉकी अकादमी के लिए फील्ड गोल किया।

## सिटी और यूनाइटेड ने पिछड़ने के बाद जीत दर्ज की, चेल्सी ने पेनल्टी में हराया

**लंदन:** फुटबॉल की इंग्लिश प्रीमियर लीग में बुधवार को वोल्व्स क्लब और ब्रेंटफोड के बीच हुए मैच में 3 मिनट 12 सेकेंड के अंदर 3 गोल हुए। फुटबॉल की इंग्लिश प्रीमियर लीग में बुधवार को वोल्व्स क्लब और ब्रेंटफोड के बीच हुए मैच में 3 मिनट 12 सेकेंड के अंदर 3 गोल हुए। इंग्लैंड में खेले जा रहे फुटबॉल प्रीमियर लीग में बुधवार को वोल्व्स क्लब और ब्रेंटफोड के बीच हुए मैच में 3 मिनट 12 सेकेंड के अंदर 3 गोल हुए। वोल्व्स ने ब्रेंटफोर्ड को 4-1 से हराया। वहीं चेल्सी ने पेनल्टी मिलने के बाद क्रिस्टल पैलेस को 2-1 से और मैनचेस्टर सिटी ने विवादास्पद पेनल्टी के बाद एवर्टन को हरा दिया।बुधवार को खेले गए मैच में वोल्व्स ने ब्रेंटफोर्ड पर 4-1 की एकतरफा जीत हासिल की। वोल्व्स ने पहले हाफ में 12 सेकेंड के अंदर 2 गोल किया कर ब्रेंटफोर्ड के डिफेंस की पोल खोली दी। वोल्व्स के पहला गोल 13वें मिनट में मारियो लेमिना ने बेहतरीन गोल किया। इसके 12 सेकंड बाद ही ह्वांग ही चान ने गोल दाग स्कोर 2-0 कर दिया।



# व्यापार

# देश का कोयला उत्पादन 12.29 फीसदी बढ़कर 664.37 मिलियन टन पर पहुंचा

**वित्त वर्ष 2023-24 में 25 दिसंबर तक कोयले का उत्पादन 664.37 मिलियन टन**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश का कोयला उत्पादन चालू वित्त वर्ष 2023-24 में (एक अप्रैल से 25 दिसंबर, 2023) के दौरान बढ़कर 664.37 मिलियन टन (एमटी) पर पहुंच गया है। यह पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के दौरान उत्पादित 591.64 मिलियन टन से 12.29 फीसदी अधिक है। कोयला मंत्रालय ने गुरुवार को जारी आंकड़ों में बताया कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 में 25 दिसंबर तक कोयला का उत्पादन 664.37 मिलियन टन तक रहा है। आंकड़ों के मताबिक कोयला का प्रेषण इस अवधि के दौरान 692.84 मिलियन टन था, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के 622.40 मिलियन टन

कोयला मंत्रालय
MINISTRY OF COAL
सत्यमेव जयते

की तुलना में 11.32 फीसदी की वृद्धि दशार्ती है। इसके अलावा 25 दिसंबर, 2023 तक बिजली क्षेत्र को कुल कोयला डिस्पैच 8.39 फीसदी बढ़कर 577.11 मिलियन टन तक पहुंच गया। पिछले वर्ष की समान अवधि के दौरान यह 532.43 मिलियन टन रहा था। यह वृद्धि बिजली क्षेत्र की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए निरंतर और मजबूत कोयला आपूर्ति सुनिश्चित करती है। मंत्रालय के मुताबिक 25 दिसंबर तक खदानों, थर्मल पावर प्लांटों, पारगमन आदि सहित कुल कोयला का स्टॉक 91.05 मिलियन तक पहुंच गया है, जो 21.57 फीसदी की सराहनीय वृद्धि को दशार्ती है। मंत्रालय ने बताया कि इसके अतिरिक्त, 25 दिसंबर तक कोल इंडिया लिमिटेड में पिटहेड कोयले का स्टॉक 47.29 मिलियन है, जो पिछले साल 25 दिसंबर को 30.88 मिलियन के कोयला स्टॉक की तुलना में 53.02 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाता है।

## विलंबित आईटीआर 31 दिसंबर तक दाखिल कर सकेंगे करदाता

एजेंसी

**नई दिल्ली,** चालू वित्त वर्ष 2023-24 और निर्धारण वर्ष 2023-24 के लिए 31 जुलाई तक आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल न कर पाने वाले करदाताओं के लिए 31 दिसंबर की तारीख बहुत अहम है। ऐसे करदाता देरी से ही सही, लेकिन 31 दिसंबर तक आईटीआर दाखिल कर सकेंगे। आयकर विभाग ने गुरुवार को एक बयान में बताया कि 31 दिसंबर तक निर्धारण वर्ष 2023-2024 के लिए विलंबित या संशोधित आयकर रिटर्न जमा करने का आखिरी मौका है। विभाग ने करदाताओं से चालू वित्त वर्ष 2023-24 और निर्धारण वर्ष 2023-24 के लिए विलंबित आईटीआर से संबधित जानकारी के लिए सलाह दी है।

# फर्स्टक्राई में अपनी पूरी हिस्सेदारी बेचेंगे रतन टाटा

**मुंबई:** ऑनलाइन रिटेलर फर्स्टक्राई की पेरेंट कंपनी ब्रेनबीज सॉल्यूशंस ने इनिशियल पब्लिक ऑफर लाने के लिए मार्केट रेगुलेटर रएइकके पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस यानी डॉक्यूमेंट्स फाइल किए हैं। ड्राफ्ट पेपर्स के अनुसार, फ्रेश इश्यू ऑफ शेयर्स के तहत ब्रेनबीज सॉल्यूशंस 1,816 करोड़ रुपए के नए शेयर्स बेचेगी। वहीं सॉफ्टबैंक सहित मौजूदा निवेशक 54.4 मिलियन यानी 5.44 करोड़ इक्विटी शेयर्स ऑफर-फॉर-सेल के तहत बेचेंगे। फर्स्टक्राई में अपनी हिस्सेदारी बेचने वाले निवेशकों में सॉफ्टबैंक के अलावा महिंद्रा एंड महिंद्रा, प्रेमजी इन्वेस्ट अपॉर्चुनिटीज फंड, वर प्राइवेट इक्विटी फंड न्यूक्वेस्ट एशिया, खुबानी इन्वेस्टमेंट्स, एप्रीकॉट इन्वेस्टमेंट्स, वैलेंट मॉरीशस पार्टनर्स,होल्डिंग्स, थिंक इंडिया अपॉर्चुनिटीज मास्टर फंड और श्रोडर्स कैपिटल प्राइवेट इक्विटी एशिया शामिल हैं। फर्स्टक्राई के सबसे बड़े शेयरहोल्डर सॉफ्टबैंक के पास फर्म में 25.5% हिस्सेदारी है। वहीं एम एंड एम के पास 10.98% स्टेक्स हैं। आईपीओ के जरिए सॉफ्टबैंक की यूनिट रश्ऋ फ्रॉग कंपनी के 2.03 करोड़ शेयर बेचेगी। इस इश्यू के जरिए ब्रेनबीज सॉल्यूशंस में अपनी 0.58% हिस्सेदारी या 28 लाख शेयर बेचेगी। प्रेमजी इन्वेस्ट ओएफएस के दौरान 86 लाख शेयर बेचेगी। इनके अलावा टाटा संस के मानद चेयरमैन रतन टाटा और फर्स्टक्राई के को-फाउंडर-उएड सुपम महेश्वरी अपकमिंग क्ढड में शेयर बेचने वाले इंडिविजुअल्स में शामिल हैं। सेबी के पास दाखिल फर्स्टक्राई के डीआरएचपी के अनुसार, रतन टाटा ने शुरूआत में फर्स्टक्राई में 0.02% हिस्सेदारी के लिए 66 लाख रुपए का निवेश किया था।

## डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज बढ़त के साथ कारोबार करता नजर आया

# ग्लोबल मार्केट से मिलें मजबूत संकेत

**एशियाई बाजारों में भी आई तेजी**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ग्लोबल मार्केट से आज मजबूत संकेत मिल रहे हैं। हालांकि अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान मिलेजुले परिणाम के साथ बंद हुए। लेकिन डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज बढ़त के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। वहीं, यूरोपीय बाजारों में पिछले सत्र के दौरान तेजी का माहौल बना रहा। एशियाई बाजारों में भी आज तेजी का माहौल बना हुआ है।अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ कारोबार होता रहा। लेकिन आखिरी वक्त में हुई बिकवाली के कारण एस एंड पी 500 इंडेक्स 0.04 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 4,772.88 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, नैस्डैक ने 0.02 प्रतिशत की मजबूती के साथ 15,077.40 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज 0.15 प्रतिशत की तेजी के साथ 37,711.19 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है।यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार तेजी बनी रही। एफटीएसई इंडेक्स 0.36 प्रतिशत मजबूत होकर 7,724.95 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.04 प्रतिशत की बढ़त के साथ 7,571.82 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 0.21 प्रतिशत की तेजी के साथ 16,742.07 अंक के स्तर पर बंद हुआ।एशियाई बाजारों में आज आमतौर पर तेजी का रुख बना हुआ है। एशिया के 9 बाजारों में से 8 के सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि सिर्फ 1 सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बना हुआ है। अभी तक के कारोबार में



निक्केई इंडेक्स 165.48 अंक यानी 0.49 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 33,515.76 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। दूसरी ओर, गिफ्ट निफ्टी 0.32 प्रतिशत की मजबूती के साथ 21,739 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह कोस्पी इंडेक्स 0.88 प्रतिशत मजबूत होकर 2,636.46 अंक के स्तर पर बना हुआ है। स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स अभी तक 1.61 प्रतिशत उछल कर 3,221.77 अंक के स्तर पर पहुंच गया है। इसी तरह हैंग सेंग इंडेक्स 273.58 अंक यानी 1.65 प्रतिशत की तेजी के साथ 16,898.42 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसके अलावा ताईवान वेटेड इंडेक्स 0.05 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,900.34 अंक के स्तर पर, सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.49 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,417.30 अंक के स्तर पर, जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.55 प्रतिशत उछल कर 7,285.68 अंक के स्तर पर और शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 1.10 प्रतिशत की मजबूती के साथ 2,947.01 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

# सराफा बाजार में तेजी सोना-चांदी की बढ़ी चमक

**नई दिल्ली।** शादी का सीजन खत्म हो जाने के बावजूद वैश्विक तेजी के कारण घरेलू सराफा बाजारों में आज भी तेजी बनी रही। आज की तेजी के कारण देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 64 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर को पार कर गया। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 59 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर या इसके करीब कारोबार करता नजर आया। चांदी की कीमत में आज मामूली तेजी दर्ज की गई। दिल्ली सराफा बाजार में आज चांदी 79,500 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर पहुंच गया।देश की राजधानी दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 64,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 59,050 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 64,450 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 58,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 64,850 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 59,450 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 64,300 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 58,950 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 64,250 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 58,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है।



# सेंसेक्स और निफ्टी ने बनाया मजबूती का नया रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में तेजी का दौर लगातार जारी है। आज के कारोबार की शुरूआत ऑल टाइम हाई के नए रिकॉर्ड के साथ हुई। शुरूआती कारोबार में ही खरीदारी की सपोर्ट से शेयर बाजार मजबूती के एक और सर्वोच्च शिखर पर पहुंचने में भी सफल रहा। हालांकि बीच-बीच में मुनाफावसूली के कारण बिकवाली भी हो रही, जिसकी वजह से शेयर बाजार की चाल में भी उतार-चढ़ाव बना रहा। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.20 प्रतिशत और निफ्टी 0.16 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती 1 घंटे के कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, हीरो मोटोकॉर्प, नेस्ले और एनटीपीसी के शेयर 1.41 प्रतिशत से लेकर 1.16 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, डॉक्टर रेड्डीज लेबोरेट्रीज, बजाज ऑटो, एशियन पेंट्स, इंफोसिस और आयशर मोटर्स



के शेयर 0.46 प्रतिशत से लेकर 0.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,045 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 923 शेयर मुनाफा कमाकर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,122 शेयर नुकसान उठाकर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 22 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 8 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 32 शेयर हरे निशान में और 18 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।